मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 37.4 | 29.0 |
| जमशेदपुर | 38.1 | 26.2 |
| डालटनगंज | 39.8 | 28.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* *




www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 27 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 79 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



GOVERNMENT OF JHARKHAND

RESIST!

REDUCING SUBSTANCE INGESTION AND STOPPING TRAFFICKING

मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः
संकल्पित झारखण्ड सरकार...



श्री चम्पाई सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

नशे को ना



जिंदगी को हाँ

टोल फ्री न॰
112
(24x7)
पर कॉल करें

- शिक्षण संस्थानों से **100 मीटर** की परिधि में तम्बाकू निषेध।
- **18 वर्ष से कम आयु** को मादक/नशीले पदार्थ की बिक्री नहीं करें।
- मादक/नशीले पदार्थों की **खरीद-बिक्री** नहीं करनी चाहिए।
- नशीले पदार्थ की **खेती नहीं करें**।
- कानून में **सजा और जुर्माना** का प्रावधान।
- नशीले पदार्थ का **उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन** या **उपयोग** के सहभागी नहीं बनें।
- मादक पदार्थ/अफीम की खेती की सूचना **टोल फ्री नम्बर 112** पर दीजिये।
- ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए **प्रशासन का साथ** दीजिये।
- आपके द्वारा दी गयी जानकारी पर **त्वरित कार्रवाई** होगी। आपकी **पहचान गुप्त** रखी जायेगी।

**नशा से छुटकारे के लिए तुरंत संपर्क करें**

| रिनपास, राँची | केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, राँची | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर | जिला अस्पताल के आईसीटीसी/एआरटीसी परामर्श केंद्र |
|---|---|---|---|

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## झारखंड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जमा होने लगे आवेदन

# गोवा, द्वारिका-सोमनाथ, अजमेर शरीफ, आगरा का दर्शन कर सकेंगे

संवाददाता। रांची

झारखंड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को जुलाई में तीर्थ दर्शन कराया जायेगा. इसमें ईसाई धर्मावलंबियों को गोवा, हिन्दु धर्मावलंबियों को द्वारिका-सोमनाथ और मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेर शरीफ, आगरा, फतेहपुर सिकरी का तीर्थ दर्शन कराया जाएगा. गरीब वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के 88 लाभुकों को योजना का लाभ मिलेगा. इसके लिए रांची जिले के आवेदकों को 29 जून तक विकास भवन में आवेदन जमा करना होगा. झारखंड गजट (साधारण) 21

### खास बातें

- बीपीएल श्रेणी के लाभुकों को जुलाई में दर्शन कराया जाएगा
- गरीब वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के 88 लाभुकों को होगा लाभ

सितंबर 2016 के अनुसार तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए. वह झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए. तीर्थयात्री बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आना चाहिए (करदाता नहीं होना चाहिए) तीर्थयात्री द्वारा पहले इस प्रकार का तीर्थदर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभार्थियों (स्वयं/पति/पत्नि एवं परिवार के सदस्यों) के सहयोग के लिए एक पारिवारिक सदस्य सहयात्री के रूप में उनके साथ जा सकते हैं.

इस क्रम में अपने सहयात्री का आवेदन, अपने आवेदन के साथ जमा करना होगा. तीर्थयात्रा शुरू करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए. किसी तरह का संक्रामक रोग (यथा, टीबी, सांस लेने में कठिनाई, हृदय रोग, कुष्ठ रोग आदि) से पीड़ित नहीं होना चाहिए. मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र जिसमें यात्रा प्रमाणपत्र के लिए सर्टिफिकेट होना चाहिए.



### जिला प्रबंधन समिति करेगी चयन

तीर्थ यात्रियों का चयन संबंधित जिला स्तरीय प्रबंधन समिति द्वारा किया जायेगा. सबसे पहले सभी आवेदन क्रम में बांट लिया जायेगा. तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा. यदि तीर्थ यात्रियों की संख्या निर्धारित अंश से अधिक बढ़ जाती है तो इसके अतिरिक्त एक प्रक्रिया सूची (निर्धारित अंश की 10 प्रतिशत) भी तैयार की जायेगी. राज्य एवं जिला के कुल यात्रियों की संख्या झारखंड पर्यटन विकास निगम द्वारा सूचित किया जायेगा. इस आयोजन में चयनित आवेदनों की कुल संख्या किसी भी तीर्थ यात्रा के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता के कम होने पर झारखंड पर्यटन निगम अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए पैकेज को रद्द भी कर सकता है.

**फॉर्म के लिए जरूरी कागजात** | आवेदन पत्र में एक फोटो चिपकाया हुआ एवं एक संलग्न होना चाहिए. निवास प्रमाण-पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी एक प्रमाण पत्र को निवास प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार किया जायेगा.

**मूल चिकित्सा प्रमाण-पत्र** | यदि गरीब वरिष्ठ नागरिकगण एक साथ समूह में आवेदन जमा करते हैं, तो चयन के लिए पूरे समूह के आवेदन को एक आवेदन माना जायेगा. एक समूह में अटेंडेंट सहित अधिकतम सदस्यों की संख्या 25 होगी, इससे अधिक मान्य नहीं होगा.

## मैनहर्ट घोटाला

# हाईकोर्ट ने खारिज की पूर्व मंत्री सरयू राय की क्रिमिनल रिट

संवाददाता। रांची

- केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के निर्दलीय विधायक सरयू राय की उस क्रिमिनल रिट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने मैनहर्ट घोटाला की जांच की मांग की थी. केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 22 जून को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. अदालत के इस फैसले से सरयू राय को बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई थी.

उल्लेखनीय है कि निर्दलीय विधायक सरयू राय झारखंड विधानसभा में भी 'मेनहर्ट' का मुद्दा उठा चुके हैं. सरयू राय ने बताया कि झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद रांची के कुछ समाजसेवियों की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दी गई, जिसमें कोर्ट ने 2003 में अहम आदेश दिया है. इसमें प्रदेश सरकार को राजधानी रांची में भी सिवरेज-ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए कहा गया था. उस आदेश के बाद तत्कालीन नगर विकास मंत्री बच्चा सिंह के आदेशानुसार परामर्शी बहाल करने के लिए टेंडर निकाल कर दो परामर्शियों का चयन किया गया. लेकिन इसी बीच सरकार बदल गई.

2005 में अर्जुन मुंडा सरकार में नगर विकास मंत्री रघुवर दास बनाये गये. उन्होंने डीपीआर फाइनल करने के लिए 31 अगस्त को बैठक बुलायी. फिर उसमें फैसला लिया गया कि पहले से चयनित परामर्शी को हटा दिया जाए. बाद में ये मामला हाईकोर्ट में भी गया. आरोपों के मुताबिक, इस पर तकरीबन 21 करोड़ रुपये खर्च हुए, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ. इसकी जांच भी कराई गई, लेकिन जांच रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. झारखंड की राजधानी रांची में सिवरेज-ड्रेनेज निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए जिस मैनहर्ट को कंसल्टेंट नियुक्त किया गया, उसमें अनियमतता का आरोप है.

### अलकतरा घोटाला : विजय तिवारी को तीन साल की सजा

**रांची।** रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने अलकतरा घोटाला के दोषी विजय तिवारी को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही कोर्ट ने विजय पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है. ईडी ने 55 लाख 42 हजार रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में वर्ष 2012 में केस दर्ज किया था. विजय तिवारी की कंपनी कलावती कंस्ट्रक्शन को वर्ष 2008-9 में पलामू में सड़क मरम्मत का काम मिला था. सड़क निर्माण विभाग ने कलावती कंस्ट्रक्शन को बालूमाथ से हेरहंज पांकी रोड़ की मरम्मत के कार्य का ठेका 1.32 करोड़ रुपये में दिया था. इसमें से एक करोड़ 9 लाख रुपये का भुगतान सरकार की ओर से कर दिया गया था. लेकिन विजय तिवारी ने अलकतरा का 11 फर्जी बिल विभाग में जमा कर पैसे निकासी कर ली.

### रांची सिविल कोर्ट में निपटाया गया 29 साल पुराना केस

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट में चल रहे विशेष मध्यस्थता अभियान के तीसरे दिन 29 वर्षों पुराना एक मामला सुलझाया गया. प्रथम पक्ष कन्हाई साहु और द्वितीय पक्ष और प्रमिला देवी, शिशुपाल शर्मा व दुर्गा कुमारी के बीच में मध्यस्थ अधिवक्ता मनीषा रानी और अधिवक्ता राम नारायण साहु के योगदान से दोनों पक्षों के बीच में सुलह हो गयी. दरअसल वर्ष 1996 में ट्रक और कार की टक्कर में प्रमिला देवी के पति का निधन हो गया था. उस समय उनके बच्चे बहुत छोटे थे. प्रमिला देवी द्वारा एमएसीटी लोहरदगा में कंपनसेशन वाद संख्या 180/1996 प्रस्तुत की गयी थी. इसमें वर्ष 2005 में आदेश हुआ, जिसके बाद वाहन मालिक कन्हाई साहु द्वारा प्रमिला देवी और उनके बच्चों को कंपनसेशन देने का आदेश हुआ था. इसके विरोध में रामनारायण साहु ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी.

### पॉक्सो कोर्ट ने सुनायी 10 साल की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने शादी का झांसा देकर दो साल तक नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाने के दोषी देवलाल बेदिया को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही कोर्ट ने उसपर 20 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया है. पॉक्सो की विशेष कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है. प्राथमिकी के मुताबिक, देवलाल बेदिया पीड़िता के साथ साल 2014 से 2016 तक लिव-इन रिलेशनशिप में रहा था. वर्ष 2017 में दोनों के बीच शादी कराने के लिए पंचायत भी बैठी थी. वर्ष 2020 में देवलाल ने दूसरी लड़की से शादी कर ली. जब पीड़िता को इसकी जानकारी मिली तो उसने सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

### हाईकोर्ट ने बरकरार रखी संदीप की सजा, प्रेमिका की कर दी थी हत्या

**रांची।** हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ दाखिल संदीप कुमार त्रिपाठी की क्रिमिनल अपील याचिका को खारिज करते हुए निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है. संदीप को जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने 18 मार्च 2016 को हत्या के जुर्म में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. संदीप की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस सुभाष चांद की खंडपीठ में सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए आजीवन कारावास की सजा को सही ठहराया. सुनवाई के दौरान दोषी की ओर से यह तर्क दिया गया कि जिस हथियार से हत्या हुई थी, उसे ट्रायल कोर्ट में पेश नहीं किया गया और मृतका के उस बयान के आधार पर अन्य गवाहों ने बयान दिया, जो उसने मरने से पहले दिया था. अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि मृतक द्वारा घायल अवस्था में दिया गया मृत्यु-पूर्व कथन तुरंत और मानसिक रूप से स्वस्थ था.

## ब्रीफ खबरें

### राज्यपाल से मिले पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर



**रांची।** राज्य के पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राजभवन में भेंट की. उन्होंने झारखंड में वर्ष 2008 में गठित जनजातीय परामर्शदात्री समिति को एक्टिव करने के लिए राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा.

### सीएमपीडीआई का दौरा किया सीवीओ ने



**रांची।** कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को सीएमपीडीआई का दौरा किया. उन्होने संस्थान के सतर्कता विभाग द्वारा किए गए निवारक सतर्कता उपायों की समीक्षा की. इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) एसके दुबे, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) अमरेश कुमार समेत महाप्रबंधक व अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे. इस मौके पर सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सीएमपीडीआई द्वारा किए जा रहे निवारक सतर्कता उपायों जैसे औचक निरीक्षण, निविदा फाइल जांच, आडिट रिपोर्ट जांच, प्रशिक्षण व सेमिनार आदि के बारे में संक्षेप में बताया.

### कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** चंपाई सोरेन सरकार के कैबिनेट की बैठक 28 जून को शाम चार बजे से होगी. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में होनेवाली बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा के उपरांत निर्णय लिए जाएंगे.

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में मनाया गया 44वां स्थापना दिवस समारोह

# कम प्राकृतिक संसाधनों में अधिक उत्पादन की रणनीति विकसित करें वैज्ञानिक : राज्यपाल

संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को 44वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया. इस अवसर पर कुलाधिपति व राज्यपाल सीपी राधकृष्णन ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट व एंटरप्रेन्योरल डिजाइन्स फॉर स्टार्टअप्स पुस्तक का लोकार्पण किया. उन्होंने विश्वविद्यालय के 80 वर्ष से अधिक उम्र के छह कर्मियों डॉ. डीके ठाकुर, डॉ. डीके मुखर्जी, डॉ. डीके झा, ध्रुव राज महतो, सुकरी मेहतरानी व अर्जुन प्रसाद को सम्मानित किया. वहीं नवोन्मेषी कृषि के लिए चार किसानों को भी सम्मानित किया गया जिसमें पलामू के कपिलदेव ठाकुर, पूर्वी सिंहभूम के अमित कुमार महतो, चतरा के बीरेंद्र कुमार और बोकारो की संगीता देवी शामिल हैं.

**कृषि के बिना संस्कृति का अस्तित्व नहीं :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि कृषि के बिना किसी भी संस्कृति का अस्तित्व नहीं हो सकता, इसलिए कृषि, किसान और गांवों की बेहतरी के लिए सबको मिलकर काम करना चाहिए. आनेवाले समय में कम भूमि, कम पानी और कम प्राकृतिक संसाधन के साथ ही ज्यादा उत्पादन करने की चुनौती सामने आएगी जिसके लिए वैज्ञानिकों को कमर कसनी है और रणनीति विकसित करनी है. हम जो भी करें वह राष्ट्र का काम समझकर करें, न कि किसी संस्थान, क्षेत्र, राज्य या समूह विशेष का. देश बढ़ेगा तो सभी बढ़ेंगे. उन्होंने कहा कि वह कुलपतियों को अधिक से अधिक शक्ति और स्वायत्तता देने के पक्षधर हैं. बीएयू के कुलपति डॉ. एससी दूबे ने कहा कि हमारे भावी शोध कार्यक्रमों का फोकस गर्मी सहिष्णु बायोफोर्टीफायड फसल प्रभेदों के विकास, टिकाऊ जल एवं पोषण प्रबंधन, समेकित कृषि प्रणाली तथा पशुओं एवं पौधों के देशज प्रभेदों के संरक्षण एवं संवर्धन पर होगा.



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त 80 वर्ष से अधिक उम्र के डॉ डीके ठाकुर को सम्मानित करते राज्यपाल.





सुकरी देवी व अन्य को भी मोमेंटो दिया.

### शिक्षकों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

स्थापना दिवस पर शिक्षकों के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय गढ़वा के डॉ. एंजल दीपक शयनराव को प्रथम, पशुचिकित्सा महाविद्यालय रांची की डॉ. पुनीता कुमारी को द्वितीय तथा बागवानी महाविद्यालय चाईबासा के डॉ. शेखर साहू को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. वहीं अंतरस्नातक विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता में तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय की तनुश्री ने प्रथम, यशी ने द्वितीय तथा प्रेरणा भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. इसी प्रकार स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं में वानिकी महाविद्यालय की जेबा सदफ को प्रथम, गुलाम मुर्तजा को द्वितीय तथा हसन शौफीक को तृतीय पुरस्कार मिला.

# फिर से आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की तैयारी शुरू

संवाददाता। रांची

सप्ताह भर पहले चार आईपीएस रैंक के अफसरों की पोस्टिंग के बाद एक बाद फिर से आईपीएस की पोस्टिंग की तैयारी शुरू हो गई है. सूचना है कि आने वाले कुछ ही दिनों में कई आईपीएस अधिकारियों का तबादला होना है. इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है. तबादले की चर्चाओं के बीच अभी से कई अधिकारियों ने अपने लिए एप्रोच लगानी भी शुरू कर दी है. आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर गंभीर है. ऐसे में बेहतर परिणाम नहीं देने के वाले कई आईपीएस अफसर बदले जायेंगे. ऐसे अधिकारियों के काम की समीक्षा की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, प्रमोटी आईपीएस अधिकारियों को और भी जिलों का जिम्मा मिल सकता है.

### फिलहाल झारखंड पुलिस में आईपीएस के 14 पद खाली पड़े हैं

डीजी ट्रेनिंग, डीजी रेलवे, एडीजी विशेष शाखा, आईजी एसीबी, डीआईजी एसआईबी, डीआईजी बजट, आईजी एससीआरबी, एसपी एससीआरबी, एसपी सीआईडी, एसपी सीआईडी, एसपी एसीबी, एसपी जेएपीटीसी, एसपी जंगल वारफेयर, डीजीपी स्पेशल असिस्टेंट.

## भारी मात्रा में अवैध शराब, अफीम, ब्रॉउन शुगर, गांजा और डोडा बरामद

# तीन महीने में 153 अभियुक्त गिरफ्तार

सौरभ सिंह। रांची

नशे की रोकथाम के लिए एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रांची पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसका नतीजा यह है कि पिछले तीन महीने के दौरान रांची जिला के अलग-अलग थाना क्षेत्र से नशे के कारोबार से जुड़े कल 153 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है और उनके पास से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ (ब्राउन शुगर, गांजा, डोडा, अफीम आदि) बरामद हुआ है. नशे के कारोबार में ड्रग पैडलर के अलावा कई माफिया तत्व भी शामिल हैं.

**अफीम की फसल को पुलिस ने किया है नष्ट :** रांची पुलिस द्वारा नशे के कारोबार से जुड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भी पर्दाफाश किया गया है



और सप्लाई चेन को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है. साथ ही राजधानी रांची के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 53 स्थानों पर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को भी पुलिस ने नष्ट किया है. राजधानी के नामकुम, लापुंग, बेड़ो व इससे सटे खूंटी जिला व पश्चमी सिंहभूम जिला के सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती किए जाने का पता चलने पर पुलिस ने अभियान चलाकर सभी को नष्ट किया है. कई तस्करों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है.

### हेल्पलाइन नंबर... 9153886238 जारी किया दी जा सकती है सूचना

एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर राजधानी में नशे के जाल से नई पीढ़ी को बचाने के लिए रांची पुलिस ने ड्रग्स पैडलर्स के खिलाफ महाअभियान शुरू किया है. एसएसपी ने इस अभियान में आम लोगों को भी शामिल करने के लिए बाकायदा वाट्स ऐप हेल्पलाइन नंबर 9153886238 जारी किया है. दिए गए वाट्स ऐप नंबर पर कोई भी व्यक्ति तस्करों के बारे में जानकारी ही नहीं दे सकता, बल्कि ऑनलाइन लोकेशन भेज कर उन्हें गिरफ्तार कराने में भी पुलिस की मदद कर सकते हैं.

## प्रभारी को सलाह | किसान मोर्चा के प्रदेश अ ध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने प्रभारी चौहान को लिखा पत्र

# मुंडा को मंत्री बनाएं, कल्पना के काउंटर के लिए आशा को उतारें

संवाददाता। रांची

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रभारी बनाये गये केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है. पत्र में कुछ सुझाव दिए गए हैं, जिस पर अमल कर जनजातीय सीटों को को साधा जा सकता है. पत्र में जनजातीय समाज में संदेश देने के लिए उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को मंत्रिमंडल में जगह देने, झारखंड में भाजपा को आदिवासी नेतृत्व देने के साथ ही साथ कल्पना सोरेन के सामने आशा लकड़ा को उतारने के साथ ही साथ महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देने को कहा है. कहा है कि राज्य में हम संगठन स्तर पर कुछ नया फेरबदल कर विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटें जीत कर राज्य में भाजपा की सरकार बना सकते हैं.

**अर्जुन मुंडा और आशा लकड़ा को आगे लाया जाए :** प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने पत्र में बताया है कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में 81 विधानसभा सीटों में से 52 पर भाजपा को बढ़त मिली है. यह पार्टी के लिए उत्साह का विषय है, पर इसके साथ हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि 14 सीटों में से जनजातियों के लिए आरक्षित सभी पांच लोकसभा सीटों पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है, इसलिए जरूरी है कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी में वैसे आदिवासी नेताओं को आगे लाया जाये, जिनका समाज में प्रभाव हो. इसमें अर्जुन मुंडा और आशा लकड़ा का नाम सबसे ऊपर है.

**कल्पना का काउंटर करने के लिए आशा को आगे करें :** किसान मोर्चा अध्यक्ष सिंह ने साफ किया कि विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जो बैठक की गयी, उसमें चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी आये, पर इस बैठक में न तो अर्जुन मुंडा ही दिखे और न ही आशा लकड़ा. इस वजह से आम कार्यकताओं के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है. पत्र में सिह ने लिखा है कि भ्रष्टाचार के मामले में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो ने कल्पना सोरेन को आगे किया है. कल्पना काफी एक्टिव हैं और जनजाति बहुल इलाकों में आदिवासियों पर गहरा प्रभाव छोड़ रही हैं. ऐसे में उनके सामने आशा लकड़ा को सक्रिय करना ज्यादा जरूरी है, ताकि वे कल्पना का काउंटर कर सकें. सिंह ने लिखा है कि चुनाव में हार- जीत किसी भी नेता की लोकप्रियता मापने का पैमाना नहीं हो सकता. जिस तरह उत्तर प्रदेश में चुनाव हारने के बाद भी केशव प्रसाद मौर्य को उप मुख्यमंत्री और उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी को सीएम बनाया गया है, उसी तरह का प्रयोग झारखंड में अर्जुन मुंडा के लिए भी हो, तो दल व राज्य हित में बेहतर होगा.

### लोकसभा चुनाव में 81 विस सीटों में से 52 पर भाजपा को मिली थी बढ़त



ज्योतिरीश्वर सिंह



अर्जुन मुंडा



आशा लकड़ा

### 1857 स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के वंशज आज उपवास रखेंगे

**रांची।** 1857 स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के वंशज अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय उपवास करेंगे. इनमें शहीद शेख भिखारी, शहीद जय मंगल पांडेय, नीलांबर पीतांबर, शहीद टिकैत उमराव, जीतराम बेदिया और तेलंगा खड़िया के वंशज शामिल होंगे. यह जानकारी शहीद शेख भिखारी के वंशज शेख इंतेशाम अली ने दी है. उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज देश की लड़ाई में शहीद हुए हैं. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड से महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी. आज शहीद के वंशज कई समस्याओं से जूझ रहे हैं. सरकार भी सुध नहीं ले रहे हैं, जबकि झारखंड आंदोलनकारियों को पेंशन मिलती है. आज शहीदों के वंशजों को सम्मान नहीं मिल रहा है और न ही पेंशन मिल रही है.


## क्लासिफाइड






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 27 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~3~~ ● वर्ष : 2, अंक : 79 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,900 |
| चांदी (किलो) | 92,000 |

## ब्रीफ खबरें

### सीबीआई को मिली केजरीवाल की रिमांड



**नयी दिल्ली।** कथित शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है. इससे पूर्व दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में बुधवार को पेशी के दौरान सीबीआई ने कथित आबकारी घोटाले में केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने की अनुमति मांगी थी. विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत के आदेश के बाद सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही पांच दिन की हिरासत में देने का अदालत से अनुरोध किया. अदालत ने केजरीवाल को तीन दिन की रिमांड में भेज दिया है.

### मानहानि मामले में अगली सुनवाई दो को

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के मामले में बुधवार को सुनवाई हुई. अदालत ने राहुल गांधी को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत तौर पर हाजिर होने का आदेश दिया. मामले की अगली सुनवाई के लिए दो जुलाई की तारीख निर्धारित की गयी है. यह मामला भाजपा के स्थानीय नेता विजय मिश्रा की ओर से दर्ज कराया गया है.

### ट्रेविस हेड बने नंबर एक टी-20 बल्लेबाज

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए. उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़ कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की है. हेड ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की. हालांकि, आस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है.

### स्पेक्ट्रम नीलामी में 12% से कम राशि प्राप्त हुई

**नयी दिल्ली।** मोबाइल फोन के लिए आवाज तथा डेटा सिग्नल ले जाने वाले रेडियो तरंगों की नीलामी दो दिन के भीतर बुधवार को समाप्त हो गई. इसमें सरकार द्वारा प्रस्तावित स्पेक्ट्रम के लिए अनुमानित न्यूनतम मूल्य 96,238 करोड़ रुपये से 12 प्रतिशत से भी कम राशि प्राप्त हुई. सूत्रों ने बताया कि नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज से 26 गीगाहर्ट्ज के बीच कुल 10 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की गई. इसमें कुल 11,340 करोड़ रुपये की बोलियां लगाई गईं.

# नरसिंह इस्पात कंपनी के खिलाफ मुखर हो रहे लोग

## प्रशासन की चुप्पी पर उठा रहे सवाल?

दिलीप कुमार। चांडिल

सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत खूटी में चौका-कांड्रा सड़क पर स्थित नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी पर लगे आरोपों के बाद अब चारों ओर विरोध के स्वर गूंजने लगे हैं. ग्राम सभा, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कंपनी प्रबंधन पर पानी चोरी करने के साथ दबंगई के साथ कंपनी का संचालन करने, नियमानुसार सामाजिक अंकेक्षण और जनसुनवाई नहीं करने, वन विभाग और प्रदूषण विभाग से अनापत्ति प्रामण पत्र लिए बगैर कंपनी का संचालन करने के आरोप के बाद अब लोग कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मुखर होने लगे हैं. इसी का नतीजा है कि बुधवार को चांडिल अनुमंडल कार्यालय में हुई आपदा प्रबंधन की बैठक में भी प्रदूषण का मुद्दा छाया रहा. कहा गया कि कंपनियों द्वारा व्यापक पैमाने पर विनाशकारी प्रदूषण फैलाने का काम किया जा रहा है. क्षेत्र के लोगों को प्रदूषण के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारी हो रही है. तालाब, खेत, नदी, पेड़ दूषित हो रहे हैं.

## आपदा प्रबंधन की बैठक में प्रदूषण का मुद्दा छाया रहा, आनेवाली पीढ़ी को खमियाजा भुगतना न पड़ जाए

### व्यापक पैमाने पर विनाशकारी प्रदूषण फैला रहीं कंपनियां







हिन्दी दैनिक शुभम संदेश लगातार उठाता रहा है मुद्दा

### नियमों के तहत हो कंपनी का संचालन: देवाशीष राय



सरायकेला-खरसावां जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष देवाशीष राय ने कहा कि नरसिंह इस्पात कंपनी के मामले में प्रशासन को आगे आकर एक सामूहिक बैठक कराने की जरूरत है. ग्राम सभा, पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीणों के आरोपों पर बैठक में बात होनी चाहिए. खामियां मिलने पर नियमानुसार उसका समाधान किया जाना चाहिए. सबसे अहम बात, कंपनी का संचालन सरकार के नियम-प्रावधान और एनजीटी एक्ट के नियमों के तहत सुनिश्चित हो. राय ने यह भी कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के कंपनियों का जनसुनवाई प्रतिवर्ष नहीं किया जाता है. कंपनियों से होने वाले प्रदूषण का आने वाली पीढ़ी को खमियाजा भुगतना ना पड़े, यह सुनिश्चित होना चाहिए.

### प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है: गुरुचरण साव



पंचायत समिति के पूर्व सदस्य गुरुचरण साव ने कहा कि नरसिंह इस्पात के मामले में प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है. जब ग्राम सभा, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय जनता, कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग कर रही है, तो प्रशासन जांच क्यों नहीं करा रही है? एनजीटी के तहत प्रतिवर्ष जनसुनवाई क्यों नहीं हो रही है? कंपनी प्रबंधन द्वारा केनाल से पानी चोरी किए जाने के मामले में स्वर्णरेखा परियोजना को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की जा रही है, लेकिन पदाधिकारी मांग को अनसुना कर कंपनी प्रबंधन को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि चांडिल क्षेत्र में कंपनियों के संचालन की जो वस्तुस्थिति है, इससे आने वाली पीढ़ी बर्बाद हो जाएगी.

## हजारीबाग में सीबीआई ने प्रिंसिपल के घर और स्कूल में आठ घंटे तक की जांच

# नीट पेपर लीक मामला: ओएसिस स्कूल का प्रिंसिपल गिरफ्तार

प्राचार्य और शिक्षकों से कई बिंदुओं पर की गयी पूछताछ

स्कूल के एक अन्य व्यक्ति को साथ ले गयी है सीबीआई

### कूरियर कंपनी के कर्मचारियों से भी की गयी है पूछताछ

संवाददाता। हजारीबाग/रांची

नीट (यूजी) पेपर लीक मामले की जांच के लिए बुधवार दोपहर सीबीआई की टीम हजारीबाग के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल पहुंची. इससे पहले प्राचार्य डॉ एहसान उल हक के आवास पर सुबह ही टीम में शामिल अधिकारी पहुंच गये थे. इस दौरान कई बिंदुओं पर जांच करते हुए उनसे करीब तीन घंटे तक पूछताछ की गयी. इसके बाद दिन के करीब 12 बजे प्राचार्य को लेकर सीबीआई की टीम सफेद रंग की तीन इनोवा समेत एक अन्य कार से ओएसिस स्कूल पहुंची.

यहां भी प्राचार्य व परीक्षा संचालन में शामिल स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों से पूछताछ की गयी. शाम करीब पांच बजे तक चली पूछताछ के दौरान स्कूल के कमरा नंबर 18 का भी सीबीआई की टीम ने भी निरीक्षण किया. इसके बाद बैंक को प्रश्न पत्र पहुंचाने वाली कूरियर कंपनी ब्लू डार्ट के कर्मचारियों को स्कूल लाया गया और उनसे भी घंटों गहन पूछताछ चली. जांच के बाद स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक व स्कूल के एक अन्य व्यक्ति को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया. टीम दोनों को अपने साथ लेकर चली गई.

**चरही में सीसीएल गेस्ट हाउस में प्राचार्य को रखा गया:** ओएसिस स्कूल के प्राचार्य को लेकर सीबीआई की टीम हजारीबाग-रांची मार्ग पर चरही स्थित सीसीएल के एरिया गेस्ट हाउस में रुकी है. यहां किसी भी बाहरी के प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई है. इसके साथ ही सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई है. सूत्रों की मानें, यहां डॉ एहसान उल हक से सीबीआई के अधिकारी सख्ती से पूछताछ कर सकते हैं. इसके बाद यहां से उन्हें पटना ले जाने की भी तैयारी है.

**लैपटॉप, हार्ड डिस्क, मोबाइल व कई कागजात तब्त :** ओएसिस स्कूल में जांच करने पहुंची सीबीआई की टीम में धनबाद, बोकारो व दिल्ली के 12 सदस्य शामिल थे. बताया जा रहा है कि इस दौरान कई अहम दस्तावेज और सबूत भी सीबीआई के हाथ लगे हैं. सूत्रों की मानें, तो सीबीआई की जांच टीम ने स्कूल व प्राचार्य के घर से एक लैपटॉप, प्राचार्य के मोबाइल सहित कुल तीन मोबाइल, कम्प्यूटर का हार्ड डिस्क, 18 नंबर कमरे से कुछ फाइल समेत अन्य महत्वपूर्ण कागजात जब्त किये हैं. दरअसल, इसी 18 नंबर कमरे में परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी के प्रश्न पत्र का सीरियल कोड पटना में अधजली हालत मिले प्रश्न प्रत्र से मैच कर रहा था.






जांच के बाद ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक को अपने साथ ले जाती सीबीआई की टीम.

### स्कूल से लीक हुआ था प्रश्न पत्र का सीरियल कोड

विगत 21 जून को नीट (यूजी) पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम हजारीबाग पहुंची थी. दरअसल, नीट (यूजी) परीक्षा प्रश्न पत्र के एक बुकलेट की कॉपी बिहार के पटना शहर के रामकृष्ण नगर स्थित एक निजी स्कूल में अधजली अवस्था में मिली थी. अधजले प्रश्न के सीरियल कोड से संबंधित जानकारी 20 जुलाई को एनटीए से मिलने के बाद स्पष्ट हुआ कि यह सीरियल कोड हजारीबाग के कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल का था. ईओयू की टीम ने हजारीबाग जाकर इसका सत्यापन किया. इस क्रम में पाया गया कि पैकिंग ट्रंक में छेड़छाड़ हुआ है. साथ ही उक्त प्रश्न पत्र का सीरियल कोड हजारीबाग के ओएसिस स्कूल सेंटर से ही लीक हुआ था.

### दो दिन पूर्व ही स्कूल के प्राचार्य ने दी थी सफाई

ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉ. एहसान उल हक ने विगत 24 जून को स्कूल परिसर में प्रेस वार्ता कर अपने सेंटर से पेपर लीक होने के आरोपों पर सफाई दी थी. उन्होंने कहा था कि ईओयू की टीम जांच के दौरान एसबीआई बैंक भी गयी थी, जो नीट (यूजी) परीक्षा के प्रश्न पत्र का कस्टोडियन था. जांच में सामने आया था कि प्रश्न पत्र के बक्से तीन मई को ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस द्वारा नेटवर्क की किसी गाड़ी से रांची से हजारीबाग मंगाये गये थे. इसके बाद भाड़े की ई-रिक्शा से प्रश्न पत्र के बक्से एसबीआई की हजारीबाग शाखा पहुंचाये गये थे. वहीं, डॉ. हक ने पांच मई को प्रश्न पत्रों के बक्से को बैंक से रिसीव किया था.

### कोर्ट से सीबीआई को दो आरोपियों की रिमांड मिली

**पटना।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में सीबीआई को दो आरोपियों की रिमांड मिली है. इनमें चिंटू और मुकेश शामिल हैं. सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की बेंच में सुनवाई के बाद दोनों आरोपियों के रिमांड की मंजूरी दे दी गयी. इससे पहले इस मामले की जांच कर रही बिहार की आर्थिक अपराध इकाई ने 25 जून को सीबीआई को सभी कागजात सौंप दिए थे. एजेंसी ने अपने अनुसंधान को समाप्त कर दिया है. अब इस पूरे मामले की आगे जांच सीबीआई कर रही है.

## सदन में ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष का चयन

# दूसरी बार ओम बिरला बने लोकसभा अध्यक्ष



ओम बिरला का अभिवादन करते राहुल गांधी, पीएम मोदी व किरेन रिजीजू.

लगातार न्यूज। नयी दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला लगतार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिये गये. बुधवार को ध्वनिमत से उन्हें अध्यक्ष चुन लिया गया. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया. वहीं, विपक्ष के उम्मीदवार केरल से कांग्रेस सांसद के सुरेश के नाम का प्रस्ताव अरविंद गणपति सावंत, सुप्रिया सुले, कनिमोझी ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए रखा. इसके बाद बिरला के नाम के प्रस्ताव को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी. पहले माना जा रहा था कि विपक्ष इस पर वोटिंग कराने की मांग करेगा, लेकिन विपक्ष ने ऐसी कोई मांग नहीं की. इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए. आसन ग्रहण करने के बाद मोदी, राहुल गांधी और रीजीजू ने बधाई दी.

### संसदीय मर्यादा के अनुरूप हो असहमति : ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सदस्यों को सामूहिक रूप से राष्ट्रहित के लिए काम करना चाहिए. साथ ही साथ संसदीय मर्यादा के अनुरूप सहमति-असहमति व्यक्त करनी चाहिए. उन्होंने पुनः सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में चुने जाने पर पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्रिपरिषद, सभी दलों के नेताओं और सदन के सभी सदस्यों का हार्दिक आभार जताया.

### 18वीं लोकसभा जनता के सपने पूरी करेगी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को पूरी सदन की ओर से बधाई दी. उन्होंने विश्वास जताया कि बिरला की अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा देश की जनता के सपनों को सफलतापूर्वक पूरा करेगी. मोदी ने कहा आने वाले पांच साल में आप हमारा मार्गदर्शन करेंगे और देश की आकांक्षाओं तथा अपेक्षाओं को पूरा करने में आपकी बड़ी भूमिका रहेगी.

### आशा है विपक्ष को बोलने का मौका मिलेगा: राहुल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला को बधाई दी. उन्होंने उम्मीद जताई कि बिरला विपक्ष को बोलने का मौका देकर संविधान रक्षा का अपना दायित्व निभाएंगे. कहा कि मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको विपक्ष और 'इंडिया' गठबंधन की ओर से बधाई देता हूं.

## लांसेंट अध्ययन: वर्ष 2022 में भारत के 50% वयस्क शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं थे

# 2030 तक 60% वयस्क शारीरिक रूप से कम सक्रिय हो जाएंगे

एजेंसी। नयी दिल्ली

- शारीरिक निष्क्रियता में दक्षिण एशिया क्षेत्र दूसरे स्थान पर
- उच्च आयवाले एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है दर



भारत के करीब 50 प्रतिशत वयस्क 2022 में शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं थे. डब्ल्यूएचओ सहित अंतरराष्ट्रीय अनुसंधानकर्ताओं की टीम के अध्ययन के मुताबिक, वयस्कों के शारीरिक रूप से पर्याप्त रूप से सक्रिय नहीं रहने के मामले में दक्षिण एशिया क्षेत्र का स्थान दूसरा है, जबकि उच्च आय वाले एशिया प्रशांत क्षेत्र में यह दर सबसे अधिक है. यह खुलासा 'द लांसेट ग्लोबल हेल्थ' जर्नल में प्रकाशित एक शोधपत्र में हुआ है.

अध्ययन के मुताबिक, दक्षिण एशिया की परिपाटी के अनुसार भारत की 57 प्रतिशत महिलाएं शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं थीं, जबकि पुरुषों में यह दर 42 प्रतिशत थी. अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के मामले में क्षेत्र की महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले औसतन 14% अधिक है. अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि वैश्विक स्तर पर लगभग एक तिहाई वयस्क (31.3 प्रतिशत) शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं थे. पर्याप्त सक्रियता को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाली शारीरिक सक्रियता या प्रति सप्ताह 75 मिनट की तीव्र-तीव्रता वाली शारीरिक सक्रियता के रूप में परिभाषित किया गया है.

**15% सुधार के तय लक्ष्य को प्राप्त करना चुनौती :** शोधकर्ताओं के मुताबिक, वर्ष 2010 में शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहने वाले वयस्कों की संख्या 26.4 प्रतिशत थी, जिसमें वर्ष 2022 में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई. अगर आगे भी रुझान रहा, तो शारीरिक सक्रियता में 15 प्रतिशत के सुधार के तय लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता. वहीं, वर्ष 2000 में करीब 22 प्रतिशत वयस्क पर्याप्त रूप से शारीरिक गतिविधि में संलिप्त नहीं थे, जबकि 2010 में यह दर बढ़ कर 34 प्रतिशत हो गई. अनुमान लगाया गया कि अगर यह परिपाटी जारी रही तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़ कर 60 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी.

**अपर्याप्त सक्रियता से गैर संचारी रोगों का खतरा :** शोधकर्ताओं ने यह भी पाया है कि वैश्विक स्तर पर 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुष और महिलाएं दोनों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता की दर बढ़ रही है. डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता से गैर-संचारी रोग, जैसे मधुमेह और हृदयरोग का खतरा बढ़ जाता है. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद- भारत मधुमेह द्वारा वर्ष 2023 में किए गए एक अनुसंधान के मुताबिक वर्ष 2021 में भारत में 10.1 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित थे, जबकि उच्च रक्तचाप के शिकार लोगों की संख्या 31.5 करोड़ थी. वहीं, 25.4 करोड़ लोग मोटापा व 18.5 करोड़ लोग उच्च कोलेस्ट्रोल से जूझ रहे थे.

## धनबाद में 383.70 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

# तीन महीने में 40 हजार बहाली: चंपाई

### सौगात

संवाददाता। धनबाद

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 383 करोड़ 70 लाख की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया. कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि झारखंड में आगामी तीन महीने नियुक्तियों के होंगे, जिसमें 40 हजार जरूरतमंदों को नियुक्ति दी जाएगी. शिक्षक, सहायक शिक्षक, सिपाही, एक्ससाइज आदि विभागों में बंपर बहाली निकाली जाएगी.

सीएम ने कहा कि महागठबंधन की सरकार के साढ़े चार साल से कार्यकाल में दो साल कोरोना की भेंट चढ़ गया. इसके बाद पिछले दो साल में इस सरकार ने अंतिम पंक्ति के लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है. भाजपा की डबल इंजन सरकार ने गरीबों के हित मे कोई काम नहीं किया. जब सरकार की योजनाएं लोगों तक नहीं पहुंच पा रही थी, तब हेमंत सोरेन की सरकार ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम लाई. इस योजना के जरिए गांव के लोगों तक लाभ पहुंचाया गया.



मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में परिसंपत्तियों का वितरण करते सीएम चंपाई सोरेन.

**भाजपा सबसे झूठी पार्टी :** सीएम ने भाजपा पर जबरदस्त प्रहार किया. कहा कि भाजपा सबसे झूठी पार्टी है. इसने जनादेश से बनी महागठबंधन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया गया. जब सफल नहीं हो पाये, तो हेमंत सोरेन पर झूठा आरोप लगा कर जेल में डाल दिया. लेकिन, झारखंड को संवारने की सोच महागठबंधन सरकार की ही है.

## ब्रीफ खबरें

### जुगसलाई में ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**जमशेदपुर ।** जुगसलाई थाना अंतर्गत दुखू मार्केट के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई. घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है. हालांकि, सूचना मिलने पर जुगसलाई पुलिस बुधवार सुबह 11 बजे घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस मृतक की पहचान में जुटी है. जुगसलाई थाना प्रभारी नित्यानंद प्रसाद ने बताया कि सुबह 10 बजे स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि एक शव रेल लाइन पर पड़ा है. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

### अंचल कार्यालय में सक्रिय बिचौलियों पर लगे रोक

**आदित्यपुर ।** लोजपा के प्रदेश सचिव मनोज पासवान ने सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त कार्यालय से लेकर अंचल सह प्रखंड कार्यालय गम्हरिया तक सक्रिय बिचौलियों कि पहचान कर कार्रवाई किए जाने कि मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है. उन्होंने कहा कि बिचौलिए आम जनता को पदाधिकारियों तक पहुंचने नहीं देते हैं. जब कभी ईमानदार अधिकारियों द्वारा बिचौलियों पर रोक लगाने का प्रयास किया जाता है तो बिचौलिए झूठे आरोप लगाकर अधिकारियों का मनोबल तोड़ने का प्रयास करते हैं.

### नागरिक समिति ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**आदित्यपुर ।** नागरिक समन्वय समिति का एक प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह के नेतृत्व में आदित्यपुर थाना प्रभारी से मिला और आदित्यपुर एवं गम्हरिया क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं एवं बढ़ते नशे के कारोबार को लेकर एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से समिति ने कहा कि विगत कुछ दिनों से हत्या, लूट, छिनतई एवं अन्य गंभीर आपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि देखी जा रही है साथ ही नशा के सामान की ख़रीद-बिक्री के मशहूर मंडी के रूप में आदित्यपुर की पहचान बनती जा रही है. ज्ञापन में बताया गया है कि इन आपराधिक घटनाओं पर प्रशासनिक स्तर से समुचित कार्रवाई के अभाव में आम जनता में भय का माहौल बन गया है.

### करीम सिटी कॉलेज में मना नशा निरोधक दिवस

**जमशेदपुर ।** करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया. इस अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉ मोहम्मद रियाज, एनसीसी के सहयोगी अधिकारी मेजर डॉ फकरुद्दीन अहमद एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले , एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज़ , कॉलेज के प्रोफ़ेसर डॉक्टर इंद्रसेन सिंह, डॉ मोहम्मद अमान उपस्थित थे. डॉ मोहम्मद रियाज ने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे नशे की लत से खुद को एवं पूरे समाज को दूर रखने का प्रयास करें. नशा मुक्ति के लिए सभी विद्यार्थियों शपथ भी दिलवाई

**AFFIDAVIT**

I, Shashi Kant Singh, Son of Late Ram Prasad Singh, by faith Hindu, by Occupation Service in UCIL, Employe No.-6889, Residing in Qr. No. C/6/34, UCIL Colony, Turamdih Mines Sundarnagar, Dist - East Singhbhum, Jharkhand -832107, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That **'Dropadi Singh'** is my wife who is born on dt. 08.01.1962 having Adhar No. 3866 9885 8748.
2. That the actual and correct name of my wife is 'Dropadi Singh' which is mentioned in all other relevant docments.
3. That my wife's name 'Dropadi Singh' is written in my service record.
4. That both name **'Dropadi Singh'** and **'Dropati Singh'** is same and one lady i.e. my wife's name.
5. That from today she will only be known as 'Dropadi Singh'.
6. That I swear this affidavit to declare and showing the actual name of my wife as **'Dropadi Singh'** in my service record for all purpose and intents.

**Notary**
**District Court, Jamshedpur**
Affidavit No. 17 dt. 25.06.24

**बारिश नहीं होने से सब्जियों के दाम 40 से 45 फीसदी बढ़े, नई आवक पर ही घटेंगी कीमत**

# लहक रहा सूरज, हरी सब्जियों की कीमत में लगी आग

संवाददाता । घाटशिला



**सब्जी की कीमत**

| | |
|---|---|
| आलू प्रति किलो | : 35 रु. |
| प्याज प्रति किलो | : 50-60रु |
| लहसुन प्रति किलो | : 300 रु. |
| हरि मिर्च प्रति किलो | : 200 रु. |
| धनिया पत्ती किलो | : 400 रु. |
| भिंडी प्रति किलो | : 80 रु. |
| लौकी प्रति किलो | : 45 रु. |
| पटल प्रति किलो | : 60 रु. |
| खीरा प्रति किलो | : 50 रु. |
| बैगन प्रति किलो | : 80 रु. |

सब्जियों की कीमतों में जारी उछाल थम नहीं रहा है. अभी कई सप्ताह तक कीमतें बढ़ती रहेंगी. सूरज की झुलसाती गर्मी से हरी सब्जियों की कीमत में आग लग गई है. लौकी, भिंडी समेत अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों की कीमतों में 40 से 45 फीसदी तक का उछाल आया है. अनुमान लगाया गया है कि नई फसल और अभी बोई जा रही सब्जियों की आवक जब तक शुरू नहीं होगी तब तक कीमतें रसोई का बजट बिगाड़े रहेंगी. उम्मीद है कि कम से कम अक्टूबर तक कम होने की उम्मीद नहीं है. मई और जून में भीषण गर्मी से राज्य के कई हिस्सों में सब्जियों के उत्पादन को बुरी तरह प्रभावित किया है. गर्मियों की सब्जियां जैसे लौकी, भिंडी और पत्तेदार सब्जियों की कीमतें पिछले साल की इसी अवधि से 20-25 फीसदी और पिछले महीने की तुलना में 10-15 फीसदी अधिक चल रही है. रिपोर्ट के अनुसार धनिया पत्ती की कीमत मई के मुकाबले जून में दोगुनी होकर 400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है. टमाटर 80 रुपये किलो पहुंच गया है, जबकि हरी मिर्च भी 200 रुपया हो गया है. वहीं लहसुन 300 प्रति किलो बिक रहा है. घरों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली सब्जी आलू पिछले महीने की तुलना में 50 फीसदी महंगी हो गयी है. आलू की अधिक खपत के चलते अच्छे उत्पादन के बावजूद दाम में इजाफा है. टमाटर की कीमतें भी आसमान छू रही हैं. पिछले महीने 30-40 रुपये प्रति किलोग्राम मिलने वाला टमाटर अभी 80 रुपये पर पहुंच गई है.

# अनाज खाने गांव में घुसे हाथियों के उत्पात से आठ घर जलकर राख

## बिजली की तार टूटने से शॉर्ट सर्किट, निकली चिंगारी से लगी आग

- कुकड़ू प्रखंड के कुमारी गांव के टोला बनगोड़ा की घटना
- जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों ने किया घटनास्थल का दौरा

संवाददाता । चांडिल





> बिजली का तार गिरने से आठ घर जले हैं. इन घरों में बकरा-बकरी व मवेशी रखा जाता था. घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, कुछ जानवर जलकर मरे हैं. कर्मियों से क्षति का आकलन कराया जा रहा है. सभी पीड़ित परिवारों को अनुमंडल प्रशासन और वन विभाग की ओर से तिरपाल दिया गया है. स्कूल भवन में रहने और राशन की व्यवस्था की गई है.
> -शुभ्रा रानी, अनुमंडल पदाधिकारी, चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है. चांडिल डैम के किनारे जंगली क्षेत्र में हाथियों का झुंड सहज ही देखा जा सकता है. भोजन व पानी की तलाश में जंगली हाथी आबादी वाले क्षेत्र में ही डेरा जमा लिया है. बुधवार को सुबह कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के कुमारी गांव के टोला बनगोड़ा में जंगली हाथियों का उत्पात देखने को मिला. बनगोड़ा में बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से आठ मकान जलकर स्वाहा हो गए. बताया जा रहा है कि गांव में जंगली हाथी पहुंचे थे. घर के अंदर रखे अनाज को अपना आहार बनाने के लिए जुगत भिड़ा रहे थे, इसी दौरान बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट हुआ. तार से निकले चिंगारी से पुआल के घरों में आग लग गई और देखते ही देखते आठ घर जलकर राख हो गए.

ग्रामीणों ने बताया कि हाथी के उत्पात के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण आठ लोगों का मकान जलकर राख हो गया. आगलगी में प्रेमचांद महतो, संतोष महतो, विनोद महतो, धरमु महतो, सुनील महतो, मनोज महतो, वीरेन महतो और जीतेंद्रनाथ महतो का मकान जलकर राख हो गया. घटना में नकद समेत 38 बकरा-बकरी, मुर्गा-मुर्गी, धान-चावल, कपड़ा-बर्तन समेत मकान के अंदर रखे गृहस्थी के सारे सामान जलने की बात कही जा रही है. घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

बताया जा रहा है कि जंगली हाथी के प्रकोप के कारण सभी लोग स्कूल में सोये हुए थे. ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी पार होने के दौरान बिजली की तार गिरने से शार्ट सर्किट हुआ. इस घटना में घरों के अंदर रखे सभी प्रकार के प्रमाण पत्र व अन्य कागजात भी जलकर राख हो गये.

घटना की जानकारी मिलने के बाद ईचागढ़ की विधायक सविता महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, वन क्षेत्र पदाधकारी मैनेजर मिर्धा समेत कई जनप्रतिनिधि, सामाजसेवक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता आदि ने दौरा कर क्षति का जायजा लिया. पदाधिकारियों ने घटना की जानकारी ली और क्षति का आकलन किया.

### कैसे होगा दो दिन में साइकिल का वितरण, फिटिंग शुरू नहीं

**घाटशिला ।** उपायुक्त के निर्देशानुसार दो दिनों के अंदर कक्षा आठवीं के छात्रों के बीच साइकिल वितरण कर पाना संभव नहीं लगता है. उपयुक्त अनन्य मित्तल ने मंगलवार को निर्देश दिया था कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रचार पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर दो दिनों के अंदर साइकिल वितरण करें. जिस तरह से खुले आसमान के नीचे साइकिल के अलग-अलग पुर्जे बिखरे पड़े हैं इसे सेट करने में काफी समय लग जाएगा. घाटशिला प्रखंड में 18 सौ बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया जाना है अब तक प्रखंड कार्यालय में 1200 साइकिल का अलग-अलग पार्ट पहुंचा हैं. बुधवार को प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि एजेंसी से बात हुई है. एजेंसी जल्द ही साइकिल फिटिंग करने के लिए मैकेनिक भेजेगा. इसके बाद वितरण करना सुनिश्चित किया जाएगा. ज्ञात हो कि पिछले दिन 23 जून को मुख्यमंत्री द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किए जाने के दिन 10 साइकिल का पदाधिकारी ने फिटिंग करवा कर वितरण कराया था. इसके बाद से एक भी फिटिंग नहीं हो पाई.

### अपार्टमेंट्स में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं होने पर की जाएगी कार्रवाई

**आदित्यपुर ।** एक सर्वे के अनुसार आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र की 50 फीसदी ऊंची इमारतों और अपार्टमेंट्स में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है. इस वजह से यहां जल स्तर में भारी गिरावट हो रही है. प्रशासक आलोक कुमार ने निर्माणाधीन सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराना अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है.

उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जो भी भवन 3 हजार वर्गफीट में बने हैं, उन्हें रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराना अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि कई सारे भवनों में नियम के मुताबिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं की गई है. इस पर कार्रवाई करने के लिए उन्होंने टाउन प्लानर को निर्देश दिया है. उन्होंने बताया कि निगम द्वारा पिछले दिनों कराए गए सर्वे में नगर निगम में केवल मात्र 50% भवनों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग मिले हैं. उन्होंने बताया कि होल्डिंग टैक्स में रेन वाटर हार्वेस्टिंग वाले भवनों को पेनाल्टी से मुक्त रखने का लाभ भी दिया जा रहा है. इसके बावजूद लोग रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं करा रहे हैं.

## बिष्टुपुर व सोनारी की शराब दुकान से पांच लाख की चोरी

संवाददाता । जमशेदपुर

चोरों ने सोमवार की रात बिष्टुपुर गोपाल मैदान के सामने स्थित शराब दुकान और मंगलवार की रात सोनारी के कागलनगर स्थित शराब दुकान से कुल पांच लाख दो हजार 600 रुपए की चोरी कर ली. बिष्टुपुर में मंगलवार सुबह कर्मचारी दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि दुकान के शटर में ताला नहीं लगा है. इसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी. जांच में पाया गया कि दुकान से 3,80,760 रुपये की शराब और गल्ले में रखे कुल 91,840 रुपये गायब हैं. इस मामले में कर्मी रवि कुमार के बयान पर बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

इधर, चोरों ने सोनारी कागलनगर स्थित शराब दुकान में मंगलवार की रात दुकान की छत काटकर चोरी की है. बुधवार सुबह जब कर्मचारी दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने दुकान की छत कटी पायी. इसके बाद इसकी सूचना विभाग, मकान मालिक और पुलिस को दी गई. पुलिस के आने के बाद जांच करने पर पाया कि दुकान में रखे लगभग 30 हजार रुपये और कुछ शराब की बोतलें गायब हैं. इधर, पुलिस शहर की शराब दुकानों में हो रही चोरी को संदिग्ध मान रही है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## समाज को खोखला कर रहा नशा

- सरायकेला में नशा के खिलाफ मैराथन दौड़

संवाददाता । आदित्यपुर



नशे के खिलाफ बुधवार की सुबह सरायकेला जिला प्रशासन ने मैराथन दौड़ का आयोजन किया. जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया. मैराथन दौड़ के बाद लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई.

यह मैराथन दौड़ एनआर 10 प्लस 2 स्कूल से बिरसा मुंडा स्टेडियम तक निकाली गई. करीब चार किलोमीटर मैराथन के माध्यम से तय किया गया.मौके पर स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए सरायकेला के अनुमंडलाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने कहा कि नशा अनदेखे रूप से एक परिवार से समाज और फिर समाज से देश को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है. जिससे हमें बचाव एवं सुझाव दोनों की आवश्यकता है. इस आयोजन में शामिल जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा कि नशा से समाज और देश को काफी नुकसान होता है. समाज को इससे बचाने के लिए नशे के सौदागर पर कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है.

**अभियान** घाटशिला कॉलेज में विश्व नशा मुक्ति दिवस पर 50 छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

# राज्य व देश हित में नशा का सेवन बंद करें : दिनेश बाउरी

- 18 जून से चल रहा था जागरूकता अभियान
- कुलसचिव ने कॉलेज के अभियान को सराहा
- पारंपरिक रीति से अतिथियों का स्वागत
- प्रचार्य ने प्रस्तुत किया अभियान का प्रतिवेदन

संवाददाता । घाटशिला



घाटशिला कॉलेज में 18 जून से चल रहा मादक पदार्थों के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान का समापन बुधवार को विश्व नशा मुक्ति दिवस पर किया गया. समारोह में महाविद्यालय में आयोजित आठ दिवसीय नशा मुक्ति अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 एनसीसी कैडेट, एनएसएस वॉलिंटियर्स एवं छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया.

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव व एसडीजेएम दिनेश बाउरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो, कोल्हन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती, वित्त पदाधिकारी डॉ बीके सिंह, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ दारा सिंह गुप्ता, घाटशिला अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ आरएन टुडू एवं डॉ विकास मार्डी शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने की.

विश्व नशा मुक्ति दिवस पर मुख्य अतिथि दिनेश बाउरी ने कहा कि अपने राज्य व देश के हित में नशा सेवन बंद करें.

कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती ने कहा कि झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देश पर घाटशिला महाविद्यालय में सुनियोजित ढंग से मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जो प्रशंसनीय है.

कार्यक्रम में आए अतिथियों का संताली विभाग की छात्राओं ने पारंपरिक रीति से स्वागत किया. प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. प्राचार्य ने स्वागत भाषण में आठ दिवसीय नशा मुक्ति अभियान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में डॉ एसके सिंह एवं डॉ पीके गुप्ता ने अतिथियों का सम्मान किया.

संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. इंदल पासवान और धन्यवाद ज्ञापन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक ने किया. मौके पर डॉ संदीप चंद्र, डॉ एसपी सिंह, डॉ डीसी राम, डॉ कुमार विशाल, प्रो विकास मुंडा, डॉ प्रोफेसर अर्चना सुरीन, डॉ कंचन सिन्हा, संजेश तिवारी, डॉ सिंगो सोरेन सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### बोरिंग गाड़ी में लगी आग से घर को नुकसान



**आदित्यपुर ।** सरायकेला थाना क्षेत्र के नंदीग्राम में बुधवार तड़के बोरिंग करने पहुंची पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की एक बोरिंग गाड़ी में आग लग गई. देखते ही देखते आग की लपटे तेज हो गईं और बोरिंग गाड़ी जलकर पूरी तरह स्वाहा हो गई. बगल में ही स्थित स्वर्गीय सुखलाल सिंह सरदार के मकान की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई. एक बाइक भी जलकर खाक हो गई है.भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत बारिक द्वारा सभी अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई. सबसे पहले मौके पर पहुंचे आधुनिक कंपनी की अग्निशमन गाड़ी द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया. इसके बाद आदित्यपुर और सरायकेला से भी दमकल मौके पर पहुंची. आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है.

### कसीदा तरुण संघ ने देवाशीष को किया सम्मानित



**घाटशिला ।** कसीदा तरुण संघ एवं अशोक कुंज दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से बुधवार के संयुक्त रूप से कसीदा दुर्गा पूजा मंडप सरोधानी भवन में कमेटी के सदस्यों द्वारा देवाशीष गोप को सम्मानित किया गया. कमेटी के काजल डॉन ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा स्नातक के छात्र देवाशीष गोप को उच्च शिक्षा के लिए विशेष छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया था. देवाशीष घाटशिला महाविद्यालय से विज्ञान संकाय में काफी अच्छे अंक से उत्पन्न होकर उच्च शिक्षा की तैयारी में जुटे हैं. इस मौके पर सेवानिर्मित शिक्षक प्रताप अधिकारी, काजल डन, प्रवीर दे, निरुप दे, सुकुमार अधिकारी, शंकर दास सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

### आग बरसाती धूप में स्कूल से लौट रहे बच्चे परेशान



**घाटशिला ।** आसमान से आग बरसाती धूप एवं उमस भरी गर्मी में इंसान तो क्या पशु-पक्षी भी दोपहर में घोंसले से बाहर नहीं निकल रहे हैं. पर सरकारी स्कूलों के बच्चे चिलचिलाती धूप में दोपहर एक बजे स्कूल से घर लौटने को मजबूर हैं. सभी प्राइवेट स्कूल में वन से प्लस टू तक की कक्षाएं 11.35 बजे खत्म हो जा रही हैं. सरकारी स्कूल के बच्चे दोपहरिया में गर्मी से अस्त-व्यस्त होकर किसी तरह अपने को बचाते घर की ओर जा रहे हैं. कई छात्र-छात्राएं कपड़ों से सिर ढक कर अपने को गर्मी से बचाने का प्रयास करते हुए सड़क पर नजर आए. अभिभावकों ने मांग की है कि जब तक मानसून शुरू नहीं हो जाता तब तक सरकार को स्कूलों के समय में परिवर्तन करना चाहिए.

### जर्जर सड़क पर चलने को मजबूर कई गांवों के ग्रामीण



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर से बनाबुड़ा जाने वाली लगभग छह किलोमीटर मुख्य सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. ये गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं. इन गड्ढों के कारण कई बार वाहन चालक दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं. इसी सड़क से होकर कई गांव के बच्चे बहरागोड़ा शिक्षा ग्रहण करने के लिए हर रोज आते-जाते हैं. इन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. वहीं थोड़ी सी बरसात हो जाने पर सड़क पर चलना दूभर हो जाता है. साथ ही गर्भवती माताओं को चिकित्सा हेतु आने-जाने के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. लोगों का कहना है कि कई वर्षों से सड़क बदहाल स्थिति में है, लेकिन मरम्मत का कार्य आज तक शुरू नहीं हो पाया है.

### नाम्या स्माइल फाउंडेशन का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बहरागोड़ा ।** प्रखंड क्षेत्र के एन एच 18 किनारे मुड़ादेवता गांव अवस्थित शारदा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी परिसर में गुरुवार को कर्मचारियों के लिए नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं एएसजी नेत्र चिकित्सालय जमशेदपुर ने संयुक्त रूप से मिलकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया.वहीं उन्होंने बताया कि कंपनी में कार्यरत कर्मचारीयों के स्वास्थ्य जांच के लिए प्रबंधन द्वारा ऐसे स्वास्थ्य शिविर लगाना काफी सराहनीय विषय है. इस स्वास्थ्य शिविर में प्रायः सभी कर्मचारियों का आंख तथा फुल बॉडी चेकअप किया गया.

### नशे के कारोबार के खिलाफ एसएसपी को ज्ञापन



**जमशेदपुर ।** शहर में लगातार बढ़ रहे नशे के कारोबार को लेकर बुधवार को आजसू युवा मोर्चा एसएसपी से मिला. एसएसपी को एक ज्ञापन सौंपकर स्थिति से अवगत कराया गया. आजसू युवा मोर्चा के जिला प्रभारी हेमंत पाठक ने कहा कि पूरे जिले में नशीली पदार्थों की बिक्री जोरों पर है. हर चौक चौराहों पर नशे का कारोबार हो रहा है. सरकार सिर्फ विज्ञापन पर खर्च कर जनता का पैसा बर्बाद कर रही है. स्कूल, कॉलेज के बाहर गुमटियों में खुलेआम सिगरेट, गुटका, गोगो इत्यादि की बिक्री की जा रही है. चरस, अफीम, सफेद पाउडर इत्यादि की चपेट में पूरा शहर आ गया है.

### पलाशबनी व खड़ीदा पंचायत में झामुमो की बैठक



**डुमरिया ।** प्रखंड के पलाशबनी व खड़ीदा पंचायत में बुधवार को झामुमो की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित हुई. इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पोटका विधायक संजीव सरदार उपस्थित हुए. पंचायत स्तरीय बैठक में विगत जमशेदपुर लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर चर्चा करते हुए बूथवार समीक्षा की गई. विधायक ने कहा कि पलाशबनी में झामुमो ने बेहतर प्रदर्शन कर पंचायत में बढ़त बनाई है. खड़ीदा पंचायत में आशा के अनुरूप वोट हासिल नहीं कर पाए. आने वाले विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए तन-मन से कार्य करने की अपील की. उन्होंने झारखंड सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, शंकर चंद्र हेंब्रम, रामचंद्र हेंब्रम, गंगामनी हांसदा आदि उपस्थित थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, गुरुवार 27 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 79 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### जमशेदपुर पूर्वी के विधायक ने कहा, बिगड़ैल सांड की तरह सीमा एवं मर्यादा लांघने वालों को नाथना आता है

# अवैध आय के स्रोत पर चोट से बौखला गए हैं सूर्य मंदिर समिति के पदधारी : सरयू राय

**वरिष्ठ संवाददाता | जमशेदपुर**

विधायक सरयू राय ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा के अध्यक्ष और संरक्षक क्रमशः भूपेन्द्र सिंह एवं चंद्रगुप्त सिंह अपनी सीमा एवं मर्यादा में रहें. सूर्य मंदिर एवं शंख मैदान को लेकर अफवाह फैलाना बंद करें. साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से अमर्यादित व ओछी हरकतों पर लगाम लगाएं. अन्यथा जिस तरह बिगड़ैल सांड को नाथना पड़ता है, उसी तरह सीमा एवं मर्यादा लांघने वालों को 'नाथना' उन्हें आता है. श्री राय बुधवार को अपने बिष्टुपुर स्थित आवास पर मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति अब जेल में बंद अपराधियों के इशारा और समर्थन पर चलने लगी है. भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा को जेल से मिली धमकी इसका प्रमाण है. उन्होंने कहा कि दोनों परिसर अलग-अलग हैं. जहां जीर्णोद्धार का काम काफी दिनों से चल रहा है. जिसमें उपरोक्त लोगों द्वारा चौथी बार बाधा डाली गई है. वहां हो रहा काम मेरा निजी नहीं है, बल्कि सरकारी निधि से सरकार का काम हो रहा है. ऐसे में अफवाह फैलाकर जनता को दिग्भ्रमित करना ठीक नहीं है. दोनों के बीच बाउंड्रीवाल (चहारदीवारी) का निर्माण 3 दिसंबर, 2022 और 10 मार्च, 2022 के बीच तत्कालीन सांसद महेश पोद्दार की सांसद निधि से 13,15,955 रुपये की लागत से किया गया. इस बाउंड्रीवाल को सूर्य मंदिर समिति के लोगों ने 12 अप्रैल, 2024 को तोड़ दिया है. जिसके विरुद्ध जमशेदपुर अक्षेस ने सिदगोड़ा थाना में 14 अप्रैल, 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई है. बाउंड्री वाल को तोड़कर शंख मैदान को सूर्य मंदिर का हिस्सा बताया जा रहा है, जबकि ऐसा नहीं है. उन्होंने अपनी विधायक निधि से शंख मैदान का सौंदर्यीकरण कराने, मैदान में पार्क के चारों ओर बैठने के लिए बेंच लगाने और शंख को उचित स्थान पर रखने तथा श्रीमद्भागवत गीता में वर्णित छह शंखों को मैदान के किनारे लगाने के लिए अनुशंसा जिला प्रशासन के पास भेजी थी. जिसे उप विकास आयुक्त ने स्वीकृति प्रदान करते हुए अगस्त, 2023 को राशि विमुक्त कर दिया. तबसे इसका निर्माण सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह और संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह नहीं होने दे रहे हैं.उन्होंने अफवाह फैलाया कि मैं शंख मैदान में बास्केटबॉल और कबड्डी का कोर्ट बनाकर धार्मिक आस्था पर प्रहार कर रहा हूं. 24 जून से एक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर शंख मैदान के सौंदर्यीकरण का काम रुकवा दिया. इसके पहले जब भी जमशेदपुर अक्षेस के कर्मी काम करने गए तो इन्होंने उन्हें भगा दिया. वस्तुस्थिति यह है कि ये लोग इस मैदान और चिल्ड्रेन पार्क में प्रवेश करने वालों से 5 रुपये की अवैध वसूली कर रहे थे, जिसे मैंने बंद करवा दिया.

## सिदगोड़ा सूर्य मंदिर का हिस्सा नहीं है शंख मैदान

### शंख मैदान की संरचनाएं सरकारी निधि से निर्मित




विधायक ने कहा कि तत्कालीन उपायुक्त सूरज कुमार के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने जांच की और पाया कि शंख मैदान एवं अन्य संरचनाएं सरकारी जमीन पर सरकारी निधि से बनी हुई हैं. करोड़ों रुपये की इस सरकारी परिसंपत्ति पर सूर्य मंदिर समिति जबरन कब्जा करना चाहती है. इसी कारण से यहां की पूर्व उपायुक्त विजया जाधव ने सूर्य मंदिर समिति का रजिस्ट्रेशन रद करने के लिए आईजी रजिस्ट्रेशन को लिखा है और आईजी रजिस्ट्रेशन ने सूर्य मंदिर समिति से स्पष्टीकरण मांगा है. लेकिन अभी तक उसका जवाब नहीं दिया गया.

## अपराधियों के समर्थन पर चल रही समिति : सरयू

### रील व वीडियो बनाकर खोलेंगे पोल



सरयू राय ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति व अन्य लोगों द्वारा उनके संबंध में अनर्गल बयानबाजी, उनकी छवि धूमिल करने तथा सूर्य मंदिर व शंख मैदान के संबंध में अफवाह फैलायी जा रही है. जबकि सच्चाई यह है कि वहां निर्मित कई संचरनाओं एवं उपस्करों का निजी व व्यावसायिक उपयोग हो रहा था. ऐसे लोग अगर नहीं चेतेंगे तो वे रील व वीडियो बनाकर ऐसे लोगों की पोल खोलेंगे. सूर्य मंदिर समिति के एक पदाधिकारी द्वारा जमानत जब्त होने जैसा बयान देने पर विधायक ने कहा कि अगर मेरी जमानत जब्त करवाने की बात है तो बयान देने वाले चुनाव लड़ने का ऐलान करें वह तैयार हैं.

### व्यावसायिक उपयोग का आरोप गलत- चंद्रगुप्त



सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त ने कहा कहा कि शंख मैदान सूर्य मंदिर परिसर का हिस्सा है. वहां धार्मिक अनुष्ठान निरंतर होते रहता है. चाहे वह छठ पर्व हो या अन्य आयोजन. उक्त मैदान की संरचना को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है. वहीं परिसर के व्यावसायिक उपयोग पर कहा कि विधायक का आरोप सरासर गलत है. वह खुद वहां की बनी संरचनाओं को हटवाकर सरकारी राशि का दुरूपयोग कर रहे हैं. सरयू राय की जमानत जब्त करवाने की बात पर अडिग रहते हुए चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि इस बार वे चुनाव लड़कर तो देंखे, उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी.

## ब्रीफ खबर

### पुलिस नहीं कर रही मदद एसएसपी से शिकायत

**जमशेदपुर** | बागबेड़ा थाना अंतर्गत धोबी मोहल्ला निवासी संजू साह से मारपीट की गई. पुलिस द्वारा मामले की प्राथमिकी नहीं दर्ज करने पर संजू बुधवार को अपने परिवार संग एसएसपी कार्यालय पहुंची और मारपीट की जानकारी देने पर पुलिस से मदद नहीं मिलने की शिकायत की.

### बख्तियारपुर रेल पुलिस के पास भेजा एफआईआर

**जमशेदपुर** | टाटानगर जीआरपी ने साउथ बिहार एक्सप्रेस से लाखों रुपए के गहने चोरी करने के मामले में एफआईआर बख्तियारपुर स्टेशन के रेल थाना में भेज दी ताकि वहां की जीआरपी मामले की जांच कर आरोपी को पकड़ने के साथ जेवरात बरामद कर सके. पूजा कुमारी का ट्राली बैग साउथ बिहार एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच से चोरी हो गई थी.

### पत्रकार विद्या शर्मा की 90 वर्षीय मां का निधन

**जादूगोड़ा** | पत्रकार विद्या शर्मा की 90 वर्षीय मां मूलक रानी देवी का बुधवार शाम ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. उन्होंने संध्या 7 बजे अंतिम सास ली. बृहस्पतिवार को सुबह अस्पताल से जादूगोड़ा शव लाया जायेगा व दोपहर में उनके धर्मडीह स्थित आवास से अंतिम यात्रा मुक्ति धाम तक जायेगी. मूलक रानी देवी के निधन से क्षेत्र शोक है।

### जल संकट को लेकर 29 को भाजपा का प्रदर्शन

**आदित्यपुर** | आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में पानी के लिए मचे हाहाकार को लेकर भारतीय जनता पार्टी 29 जून शनिवार को नगर निगम कार्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेगा. इस बात को लेकर बुधवार को एक आपात बैठक जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में उदय सिंहदेव ने कहा कि वर्तमान में स्थानीय विधायक प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन निगम क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं तक के लिए मोहताज रहना पड़ रहा है.

### छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से कराया अवगत

**जमशेदपुर** | जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी को लेकर शहर के बिष्टुपुर स्थित लोयला स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुंदरनगर सहित अन्य स्कूलों में जागरूकता कैंप आयोजित किया गया. जिसमें छात्रों को नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी की जानकारी दी गई. इस दौरान नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से जुड़े गंभीर कानूनी परिणामों से अवगत कराया गया. मौके पर प्राधिकार के सचिव राजेंद्र प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे.

### परसुडीह, बागबेड़ा समेत रेल क्षेत्र की 18 पंचायतों का मामला

# विकास कार्य रोकने का आदेश निरस्त

### बीडीओ ने दो दिन के अंदर वापस लिया निर्णय

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

बागबेड़ा, परसुडीह और गोविंदपुर में रेल क्षेत्र में बसी 18 पंचायतों में विकास कार्यों पर रोक लगाये जाने संबंधी आदेश को बीडीओ सुधा बर्मा ने निरस्त कर दिया है. इस संबंध में जारी आदेश में बीडीओ ने कहा है कि रेलवे के अधीन पंचायत क्षेत्रों से संबंधित निर्गत आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है.

दूसरी ओर बुधवार को बीडीओ सुधा बर्मा ने प्रखंड मुख्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों (मुखिया एवं पंसस) के अलावे प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, कई थानों के थाना प्रभारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक की. बैठक में प्रखंड अंतर्गत पड़ने वाली रेलवे क्षेत्र की बस्तियों में विकास कार्य पर चर्चा की गई. इस दौरान उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से इस मामले में सुझाव मांगे. सुझाव प्राप्त करने के बाद उन्होंने सभी को सलाह दी कि वे इस मामले को लेकर जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिलें. उनके समक्ष पूरी बातों को रखें. वे ही विकास कार्य के संबंध में यथोचित निर्णय ले सकते हैं. बैठक में मौजूद कई पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पर जहां हामी भरी. वहीं कई ने कहा कि जब सांसद एवं विधायक के द्वारा अनुशंसित योजनाएं रेलवे क्षेत्र में क्रियान्वित हो सकती हैं, तो पंचायत प्रतिनिधियों के फंड के इस्तेमाल पर रोक क्यों ? पंचायत प्रतिनिधियों ने बीडीओ से रेलवे से पत्राचार कर रेलवे के क्षेत्र का सीमांकन कराने की मांग की. हालांकि इसपर बीडीओ की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की गई. उत्तर-पूर्वी बागबेड़ा पंचायत की मुखिया नीनू कुदादा ने बताया कि बीडीओ द्वारा रोक संबंधी आदेश निरस्त करने की उन्हें जानकारी नहीं है. लेकिन जल्द ही 18 पंचायतों के मुखिया इस मामले को लेकर बैठक करेंगे. वहीं कहा कि बीडीओ ने भी इस मामले को लेकर डीसी से मिलने की सलाह दी है. चूंकि अधिकांश मुखिया मनरेगा की ट्रेनिंग में रांची गए हैं. उनके लौटने के बाद बैठक कर इस मामले पर चर्चा होगी.




25 जून को छपी खबर




26 जून को छपी खबर

### निदेशक से मुखिया संघ ने की शिकायत



पूर्वी सिंहभूम जिला मुखिया संघ की ओर से बुधवार को मांग पत्र पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव को रांची में सौंपा गया. जिसमें जमशेदपुर प्रखंड की बीडीओ सुधा बर्मा द्वारा रेलवे क्षेत्र की बस्तियों में विकास कार्य पर रोक लगाए जाने की जानकारी दी गई. साथ ही उन्हें बताया गया कि पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद से जमशेदपुर प्रखंड में पदस्थापित सभी बीडीओ के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर काम किया गया. लेकिन वर्तमान बीडीओ सुधा बर्मा समन्वय बनाना तो दूर की बात एकतरफा निर्णय ले रही हैं. निदेशक पंचायती राज निशा उरांव ने मुखिया संघ के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक होगी. जिसमें इस मामले को रखा जाएगा. सभी को निर्णय से अवगत कराया जाएगा.

# कमजोर पड़ा मानसून, 30 तक सताएगी गर्मी

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

झारखंड में एक बार फिर मानसून कमजोर पड़ गया. इसके कारण कोल्हान समेत अन्य जिलों के लोगों को अभी 30 जून तक तपिश व उमस का सामना करना पड़ेगा. कमजोर पड़ने के चलते मानसून चाईबासा, पाकुड़ और साहिबगंज के रास्ते बिहार की ओर बढ़ रहा है. वहीं, बुधवार को जमशेदपुर और आसपास के इलाके में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के कारण दिनभर उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे. मौसम विभाग रांची केंद्र के पूर्वानुमान पदाधिकारी डॉ. अभिषेक आनंद ने बताया कि दक्षिणी-पश्चिमी मानसून झारखंड की उत्तरी सीमा चाईबासा, पाकुड़, साहिबगंज से होते हुए बिहार की ओर जा रहा है. इसके कारण झारखंड के जिन क्षेत्रों में मानसून नहीं पहुंचा है, वहां 30 जून तक पहुंचने की संभावना है. तीन से चार दिन में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के और आगे बढ़ने की संभावना है. वहीं, दूसरी ओर एक पूर्वी-पश्चिमी ट्रफ उत्तर पश्चिमी राजस्थान से मणिपुर की ओर बढ़ रहा है. यह ट्रफ दक्षिणी उत्तर प्रदेश और झारखंड को पार कर रहा है. दूसरी ओर 30 जून से मानसून में वृद्धि की संभावना व्यक्त करते हुए डॉ. आनंद ने बताया कि इस दौरान कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है. वहीं 01 से 26 जून तक झारखंड में वास्तविक वर्षापात 51.7 मिलीमीटर, सामान्य वर्षापात 149.8 मिलीमीटर और विचलन-66 फीसदी दर्ज की गई है. बुधवार को सरायकेला का तापमान 40.1 डिग्री रहा. वहीं, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया.

### मौसम विभाग का आंकलन फेल : कृषि पदाधिकारी



जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि कोल्हान में मौसम विभाग का आंकलन (पूर्वानुमान) इस बार फेल हो गया है. इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है. अपने आंकलन एवं मौसम विभाग की भविष्यवाणी पर किसान कृषि कार्य प्रारंभ करते हैं. तीसरी बार विभाग की भविष्यवाणी फेल हुई है. पहले बताया गया कि 16 जून तक मानसून आ जाएगा. फिर 21-22 जून बताया गया. लेकिन उस अनुपात में वर्षा नहीं हुई. उन्होंने कहा कि वर्षा नहीं होने से जिले के किसान बर्बाद हो जाएंगे. अभी खेतों में लगा धान का बिचड़ा सूखने लगा है. विलंब से वर्षा होने पर खेती कार्य भी प्रभावित होगी. यहां के किसान कम पानी में पैदा होने वाली फसलें यथा मूंगफली, अरहर, मूंग, मडुआ, ज्वार, बाजरा की खेती नहीं करते हैं. हालांकि विभाग इसके बारे में निरंतर जागरूक करता है.

### सूखने लगा धान का बिचड़ा



बोड़ाम के लावजोड़ा गांव के युवा किसान निताई चंद्र गोराई ने बताया कि वर्षा नहीं होने के कारण सब्जियों के साथ-साथ धान के बिचड़े सूख रहे हैं. क्षेत्र में सिंचाई का पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण लोग वर्षा जल पर निर्भर रहते हैं. ऐसे में वर्षा नहीं होने से फसलें सूख रही हैं.

### साधन विहीन किसानों पर आफत



पटमदा के युवा किसान राजेश गोराई ने बताया कि प्राकृतिक वर्षा नहीं होने के कारण खेतों में लगा धान का बिचड़ा सूख रहा है. उसे बचाना काफी मुश्किल हो गया है. संपन्न लोग घर के बोरिंग या अन्य साधन से बिचड़ा पटा रहे हैं, लेकिन साधन विहीन किसानों पर प्राकृतिक आफत आ गई है.

### सरजामदा में गल्ला दुकान से बरामद हुआ पीडीएस का चावल

**जमशेदपुर** | परसुडीह थानान्तर्गत सरजामदा निवासी बीरेंद्र सिंह की गल्ला (राशन) दुकान से कालाबाजारी के लिए रखा पीडीएस दुकान का चावल बरामद हुआ. उनके खिलाफ खाद्य आपूर्ति विभाग के पणन पदाधिकारी अरुण कुमार ने परसुडीह थाना में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया. पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है.

अरुण कुमार ने बताया कि गरीबों के लिए विभाग से आवंटित चावल की कालाबाजारी की सूचना पर उन्होंने छापेमारी की. जहां से राज्य खाद्य निगम के गोदाम से निकलने वाले बोरे में चावल (डेढ़ क्विंटल) रखा हुआ मिला.

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर मंथन

### अब तक हिट एंड रन के 28 मामलों में आश्रितों को 51.50 लाख का मुआवजा

**संवाददाता | चाईबासा**



जिला समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देशानुसार अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बुधवार को बैठक हुई. इसमें सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसमें कमी लाने के उपायों पर चर्चा हुई.

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर ने जानकारी दी कि बड़ाजामदा तथा ओडिशा बॉर्डर के बीच सड़क पर बने गड्ढे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. इसपर अपर उपायुक्त ने एनएच के पदाधिकारियों को गड्ढों को जल्द ठीक करने का निर्देश दिया.

अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर ने बताया कि दुर्घटना के आंकड़ों को कम करने के लिए नियम का उल्लंघन कर वाहन चला रहे चालकों के विरुद्ध दंडनात्मक कार्य रेगुलर होते रहने की आवश्यकता है. इस पर अपर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को थानों से समन्वय स्थापित कर दंडनात्मक कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया.

जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि अभी तक कुल 28 हिट एंड रन मामले में पीड़ित परिवार के आश्रितों को कुल 51.50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है. शेष 31 पेंडिंग मामलो में मुआवजा नहीं मिला है. अपर उपायुक्त ने अंचल एवं अनुमंडल कार्यालय में लंबित आवेदनों को जल्द अग्रेशित करने का निर्देश दिया है.

### एहतियात | संभावित बाढ़ से निपटने के लिए विभागों को अलर्ट रहने का निर्देश

# आपदा प्रबंधन की बैठक में छाया रहा हाथी व प्रदूषण का मामला

**संवाददाता | चांडिल**



चांडिल अनुमंडल कार्यालय में बुधवार को विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय आपदा प्रबंधन की बैठक हुई. मौके पर आने वाले मानसून के दौरान चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के कारण होने वाली समस्या और उससे निपटने को लेकर चर्चा की गई. इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. बैठक में प्रदूषण और हाथी की समस्या का मामला छाया रहा.

इस दौरान एसडीओ शुभ्रा रानी ने बाढ़ जैसी स्थिति में होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि बाढ़ में फंसने वाले लोगों को बाहर निकालने के लिए चांडिल बांध मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति के प्रशिक्षित गोताखोरों की मदद ली जाएगी. इसके लिए समिति के अध्यक्ष से गोताखोरों की सूची मांगी गई है. इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को भोजन व पानी की व्यवस्था करने को लेकर तैयारी करने का निर्देश दिया गया है.

बैठक में सांसद प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष देवाशीष राय बाढ़ के अलावा क्षेत्र में फैल रही विनाशकारी प्रदूषण और जंगली हाथियों द्वारा किए जा रहे उत्पात से हो रहे नुकसान को भी आपदा मानते हुए इनके निदान को लेकर भी मास्टर प्लान बनाने की मांग की. बैठक में उपस्थित आपदा प्रबंधन की बैठक में निर्णय लिए जाने के बाद भी हर वर्ष डैम का पानी गांव और विस्थापितों के घरों में घुसने के मामले को प्रमुखता के साथ उठाया गया. मौके पर चांडिल बांध विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड चांडिल के अध्यक्ष व सचिव ने कहा कि बाढ़ के दौरान उनके गोताखोरों का सहयोग लिया जाता है, लेकिन काम खत्म होने के बाद उन्हें भुला दिया जाता है. बैठक में जिला परिषद की उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, चांडिल की जिला परिषद सदस्य, सुवर्णरेखा बहुउद्देश्यीय परियोजना के कार्यपालक अभियंता, पुनर्वास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चांडिल बांध मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति के अध्यक्ष नारायण गोप व सचिव श्यामल मार्डी आदि उपस्थित थे.

### पुनर्वास स्थलों में रोजगार की नहीं है व्यवस्था

देवाशीष राय ने कहा कि विस्थापित परिवारों को उठाकर जिन पुनर्वास स्थलों पर बसाया जा रहा है, वहां रोजगार के साधन नहीं हैं. चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है. बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं मिल रही है. जबकि, पुनर्वास नीति के अनुसार तमाम सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई है. उन्होंने कहा कि परियोजना की जमीन पर बने पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई में विस्थापित परिवार के विद्यार्थियों के लिए कोई विशेष छूट और प्राथमिकता नहीं दी जाती है.

### 179 मीटर रखा जाए चांडिल डैम का जलस्तर

बैठक में सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि चांडिल डैम का जलस्तर 179 मीटर तक ही रखा जाए. अचानक भारी बारिश होने पर एकाएक डैम का जलस्तर बढ़ने लगता है. इस स्थिति में डैम का फाटक खोलने के बावजूद जलस्तर कम होने में समय लगता है. ऐसे में डूब क्षेत्र के गांव जलमग्न हो जाते हैं और विस्थापितों के घरों में डैम का पानी घुस जाता है. यदि 179 मीटर जलस्तर रखा जाता है तो एक – दो मीटर बढ़ने पर भी स्थिति को नियंत्रण में किया जा सकता है.

# प्रताड़ना से तंग तीन माह की गर्भवती ने की आत्महत्या

**संवाददाता | जमशेदपुर**

सोनारी थाना अंतर्गत खुंटाडीह ए ब्लॉक निवासी 30 वर्षीय पिया धीबर ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पिया का शव बुधवार सुबह घर पर फंदे से लटका पाया गया. घटना की जानकारी मकान मालिक ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

परिजनों ने बताया कि पिया बांकुड़ा की रहने वाली थी. वह पूर्व से शादीशुदा थी. सोनारी के रहने वाले कृष्णा ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देते हुए पिया को उसके पति से अलग कर दिया. कृष्णा भी पूर्व से शादीशुदा है. वह खूंटाडीह में पिया को किराए के मकान में रखता था जबकि पहली पत्नी सोनारी बिरसा बस्ती में रहती है. पिया तीन माह की गर्भवती भी थी. घटना के बाद पुलिस ने कृष्णा को उसकी पहली पत्नी के घर से हिरासत में ले लिया है. पिया ने घटना से पूर्व अपनी मां से बात करते हुए घर आने की बात की थी. पिया सुबह अपनी फुफेरी बहन के घर जाने वाली थी पर उसके पहले यह घटना हो गई.

### सुसाइड नोट में पति, उसकी मां और बहन को बताया दोषी

पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जो तीन पन्ने का है और बांग्ला भाषा में लिखा गया है. सुसाइड नोट में पिया ने लिखा है कि कृष्णा अक्सर पैसों के लिए मारपीट करता है. इसमें उसकी मां और बहन भी उसका साथ देती है. उसने 10 हजार की मांग की. नहीं देने पर मारपीट की. कृष्णा उसे छोड़ भी नहीं रहा है. उसकी मौत का जिम्मेदार कृष्णा उसकी मां और बहन है. इधर, परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है.

▼ ब्रीफ खबरें

## कोयला लदे ट्रैक्टर को छुड़ा ले गए कोल माफिया

**रामगढ़।** हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत खपीया में बीती रात वन विभाग की टीम ने अवैध कोयला लदा 5 ट्रैक्टर को जब्त किया. जब्त किए गए ट्रैक्टर को वन विभाग की टीम लेकर आने लगे, लेकिन जैसे ही यह खबर अवैध कोयले की कारोबार में शामिल माफिया को पता चला उसके समर्थक लाठी डंडे से लैस होकर खपिया जंगल के समीप पहुंचे और जब्त किए गए ट्रैक्टरों को छुड़ा ले गए. इस बीच वहां मौजूद वन विभाग के कर्मी भी किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे. ग्रामीण और कोयला तस्करो के समर्थक वन विभाग के कर्मियों को घेर लिया. वन घंटों बाद भी घटना स्थल पर पुलिस नहीं पहुंची.

## राहुल गांधी एक मजबूत नेता हैं: शैलेंद्र

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने पर बधाई दी गयी. इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी. संविधान और लोगों के हितों की रक्षा करने की भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा के लिए राहुल गांधी को ऑल द बेस्ट. राहुल गांधी को यह जिम्मेदारी मिलने पर लोकसभा सही मायनों में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगी.

## विधायक ने किया दो पुलों का शिलान्यास

**मनिका (लातेहार)।** विधायक रामचंद्र सिंह ने बुधवार को मनिका प्रखंड के बरवाईया पथ में मतनाग छलका पर तीन करोड़ 13 लाख की लागत से बनने वाली पुल तथा मटलोंग पंचायत के ग्राम सांगड़वा में पांच करोड़ 25 लाख की लागत से बनने वाली पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. विधायक ने कहा कि इन पुलों के बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन मे काफी सुविधा होगी. मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस प्रदेश कमेटी के पंकज तिवारी, प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति सदस्य कामेश्वर यादव, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, युवा कांग्रेस विधान सभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, काग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, बृंदबिहारी यादव, तसलीम अंसारी, अरुण सिंह, नसीम अंसारी, जान्हो मुखिया बहादुर उरांव व पूर्व मुखिया संजय सिंह मौजूद रहे.

## खनन टास्क फोर्स की बैठक में मिले निर्देश

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन, भंडारण व परिवहन की रोकथाम के लिए उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी. बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि माह अप्रैल से 24 जून तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के मामलों में 21 वाहनों को जब्त कर 16 प्राथमिकी दर्ज गई है. इसके अलावा 152.35 लाख रुपए जुर्माना राशि की वसूली की गई. दर्ज प्राथमिकियों में सबसे कम कार्रवाई करने पर अंचल अधिकारी बालूमाथ, बरियातू और महुआडांड को शो-कॉज करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

### डीएमएफटी मद की राशि का समुचित सदुपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों और जिलेवासियों पर हो, यही हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

# हजारीबाग के सर्वांगीण विकास में डीएमएफटी निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका

- स्वास्थ्य केंद्रों में कहीं गूंज रही है किलकारियां तो कहीं अंग प्रत्यारोपण का हो रहा सफल प्रयास
- स्वास्थ्य सेवाओं के रिक्त पदों पर हो रही नियुक्ति व स्वास्थ्य केंद्र हो रहे हैं सुसज्जित

**संवाददाता। हजारीबाग**



डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) खान और खनिज विकास विनियमन संशोधन अधिनियम, 2015 के तहत स्थापित एक गैर-लाभकारी निकाय के रूप में स्थापित एक ट्रस्ट है. इस संबंध में, डीएमएफटी हजारीबाग़ को तीन जून 2016 को पंजीकृत किया गया है. यह खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के विकास व आवश्यकताओं के लिए काम कर रहा है. साथ ही इसका समग्र उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू करना और राज्य और केंद्र सरकार की मौजूदा चल रही योजनाओं को पूरक बनाना है. डीएमएफटी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, हजारीबाग वर्ष 2016 को अस्तित्व में आया है. इन आठ वर्षों में हजारीबाग के स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास और कृषि के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए गए है. इन 8 वर्षों में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की गई है. जिला में समय-समय पर उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों के संपादन के लिए कई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है.

**उच्च प्राथमिकता वाले सेक्टर जिनमें अबतक योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है :** पेयजलापूर्ति में 15 योजनाएं, - पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण में 3 योजनाएं, स्वास्थ्य सुरक्षा में 105 योजनाएं, शिक्षा के क्षेत्र में 384 योजनाएं, महिला बाल विकास में 33 योजनाएं, कौशल विकास में 25 योजनाएं, सैनिटेशन में 18 योजनाएं, कृषि में 4 योजनाएं, पशुपालन में 4 योजनाएं इस प्रकार अबतक 593 योजनाओं को उपायुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है.

### डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किए गए कार्यों की विस्तृत विवरणी व प्रभाव

**हजारीबाग जिले में वर्तमान में कुल 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है. इन सभी केंद्रों में डीएमएफटी मद से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा 183 विभिन्न रिक्त पदों पर बहाली कर सेवाओं को सुदृढ़ करने के सार्थक प्रयास किए गए है.**

- स्वास्थ्य विभाग में डीएमएफटी मद से गत वर्ष 183 विभिन्न पदों पर की गई है नियुक्ति, जिनमें विशेषज्ञ चिकित्सक के 18, चिकित्सा पदाधिकारी के 16, दंत चिकित्सक के 4, स्वास्थ्य प्रबंधक के 9, लैब टेक्नीशियन के 20, एएनएम 40, ग्रेड ए नर्स 37, एक्स-रे टेक्निशियन के 8, ई.सी.जी टेक्नीशियन के 6, ऑडियोमैट्रि टेक्नीशियन के 2, एनेस्थीसिया टेक्नीशियन 5, पोस्टमार्टम असिस्टेंट के 1, ओ.टी टेक्नीशियन के 12, ऑप्टोमेट्रिस्ट टेक्नीशियन के 4, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन के एक पद सहित कुल 183 पदों पर नियुक्ति की गई है.
- आठ एचडब्ल्यूसी ( हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) का एनक्यूएएस प्रमाणन जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है.
- सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लक्ष्य प्रमाणन के लिए लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर में उपकरणों का नवीनीकरण और आपूर्ति.
- हेल्थ सब सेंटर, जरबा, चुरचू की पुनर्स्थापना.
- एसबीएमसीएच और परिधि में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति.
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग में कैंटीन का निर्माण.
- शेषज्ञ डॉक्टरों, चिकित्सा अधिकारियों और अन्य पैरा-मेडिकल स्टाफ की भर्ती.
- एसबीएमसीएच, हज़ारीबाग़ में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ऑर्थो) का निर्माण.
- सुरक्षा के दृष्टिकोण से एचएससी की चारदीवारी का निर्माण (पीएम-अभिम और 15वें वित्त के तहत निर्मित भवन).
- डेंटल क्लीनिक की स्थापना एवं सीएचसी में डेंटल उपकरणों की आपूर्ति, सुरक्षा गार्ड की उपलब्धता.
- जिले के पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) का सुदृढ़ीकरण.
- एसएनसीयू (शिशु वार्ड), महिला वार्ड एवं लेबर रूम का नवीनीकरण.
- ऑक्सीजन गैस पाइपलाइन प्रणाली का सीएमसी.
- स्वास्थ्य केन्द्रों में हाई मास्ट लाइट की अधिष्ठापन.
- जरबा की पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में गूंजी किलकारियां, कई महिलाओं का हुआ सामान्य प्रसव.

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया नशामुक्ति शिविर का आयोजन

# नशे के खिलाफ दिया जनसंदेश

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के बैनर तले बुधवार को जिले के कई स्थानों में नशामुक्ति और अवैध तस्करी को लेकर एक अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सभी पारा लीगल वालंटियरों ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में अपने-अपने कार्य क्षेत्र में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया. प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा के देखरेख में शहर के जिला स्कूल में बच्चों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बच्चों के बीच नशा न करने और स्वस्थ रहकर मन लगाकर पढ़ाई करने के कई टिप्स दिए. इसके अलावा उन्हें अवैध तस्करी से संबंधित भी कई मुद्दों को लेकर उन्हें जागरूक भी किया. उन्होंने कहा कि एक बार नशे के दलदल में फंस जाने से उसे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है. इसलिए सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और समाज को आगे ले जाने में अपनी हम भूमिका अदा करने की बात कही.



कार्यक्रम में नशापान के खिलाफ संदेश देते गणमान्य.

इसी क्रम में रोज बड विद्यालय में एलएडीसी के सदस्य सौरव अंशु के साथ लॉ कॉलेज के विद्यार्थी भी विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम में शिरकत किये, जहां उन्होंने ड्रग्स व एनडीपीएस कानून की जानकारी देते हुए ड्रग्स किस प्रकार शरीर को नुकसान पहुंचता है, उसके बारे में बच्चों को बताया. साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिस तरह सिगरेट और शराब के पैकेट में स्वास्थ्य संबंधी निर्देश दिया रहता है, इसके बावजूद लोग इसका सेवन करते हैं यह बड़ी मूर्खतापूर्ण कार्य है. उन्होंने इससे दूर रहने की सलाह बच्चों को दी. छोटे बच्चों को नौकर व दाई का काम करने के लिए कहीं दूसरे जगह ले जाया जाता है. जहां उन्हें काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है, जो पूरी तरह से अनैतिक व गैर कानूनी है. उन्होंने बच्चों से अपील किया कि यदि इस अनैतिक कार्य से संबंधित बच्चों को कोई जानकारी या सूचना मिलती है, तो वे स्कूल प्रबंधन या जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय या संबंधित पुलिस थाने में इसकी सूचना दे सकते हैं, साथ ही उन्होंने टोल फ्री नंबर 15100 पर फोन कर भी इसकी जानकारी देने की बात कही, इसके साथ ही उन्होंने मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम से संबंधित भी जानकारी बच्चों को दी.

## खुद को और दूसरों को मादक पदार्थों के सेवन से बचाएं: प्रो. पूनम कुमारी

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया. उन्होंने मादक पदार्थ के दुरुपयोग से सबको बचने का आह्वान किया. मादक पदार्थों के व्यापारियों के जाल में युवाओं को नहीं फंसना है. अपने संबोधन में बिहार के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना से आए प्रोफेसर पूनम कुमारी ने बिहार का हवाला देते हुए बताया कि किस प्रकार बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने मद्यपान निषेध पर कड़ाई से अमल करने का कार्य किया है। किस प्रकार इस कार्यक्रम से लाखों परिवार सुरक्षित हुए हैं. उन्होंने बताया कि ऐसे पदार्थों के सेवन से केवल शारीरिक नहीं बल्कि मस्तिष्क भी निष्क्रिय हो जाता है. इसके लत लग जाने से आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और अंततः जीवन नष्ट हो जाता है.

समाज विज्ञान के संकाय अध्यक्ष डॉ सादिक रज्जाक ने कहा कि मादक पदार्थों के उपयोग के मनोविज्ञान को समझने की जरूरत है, तभी इस पर जागरूकता लाई जा सकती है. उन्होंने कहा कि थोड़े समय के यूफोरिया और प्लेजर का एहसास के एवज में हमें पूरी जिंदगी को दांव पर नहीं लगाना चाहिए. विशिष्ट अतिथि विकास कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मादक पदार्थों के उपयोग से परिवार नष्ट होते हैं. अतः आपको जब कभी इस तरह की चुनौती का सामना करना पड़े, आप अपने परिवार का स्मरण करें. इससे आपको इस संकट से बचने की शक्ति मिलेगी. कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक एवं अच्छी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए.

## नशे से बनाएंगे दूरी... डीसी ने युवाओं को दिलायी शपथ




रामगढ़ में रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड में शामिल अधिकारी.

**संवाददाता। रामगढ़**

मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत बुधवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से सुभाष चौक रामगढ़ तक रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड का आयोजन किया गया. इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों सहित बड़ी संख्या में जिले वासियों ने जागरूकता दौड़ में हिस्सा लिया. दौड़ समाप्त होने के उपरांत उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है वही पंचायत स्तर पर भी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं. नशे का सेवन करना ना केवल किसी व्यक्ति के जीवन को पूरी तरह से बर्बाद कर देता हैं बल्कि इसका खामियाजा उस व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को भी झेलना पड़ता है. वर्तमान में हम सभी को नशीली पदार्थों से पूरी तरह से सतर्क रहने व अपने घरों में भी इस पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है. मौके पर उन्होंने सभी से नशीली पदार्थों के सेवन से पूरी तरह से दूर रहने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की.

### राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का ग्राम स्वराज यात्रा

# ग्राम स्वराज बगैर आजादी अधूरी

**संवाददाता। रामगढ़**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में आठवें दिन गोला प्रखंड के साड़म से शुरू हुई. यात्रा के तहत गोला प्रखंड की कोरांबे पंचायत के नवाजरा, बड़की हेसल, छोटकी हेसल, तोपासारा, केदुआडीह व साडम पंचायत के कुजू कला, जयंती बेड़ा, नावाडीह पंचायत के उरुसडम, चोकरबेड़ा, रामभरू, हरूबेड़ा, गोबिंदपुर, पुसवाडीह, नावाडीह, सोनडीमरा में जनसंपर्क किया गया. राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायती राज ग्राम स्वराज नहीं आ सकता और जब तक ग्राम स्वराज नहीं आएगा, यह आजादी अधूरी है और इस अधूरी आजादी से पूर्ण स्वराज के लिए जनता को संघर्ष करना होगा और एक बड़ा जन आंदोलन तैयार करना होगा. सत्ता के विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से या यात्रा 21 दिनों के लिए रामगढ़ विधानसभा में निकाली गई है या यात्रा गांव गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में बता रही है सजग कर रही है. यह यात्रा 19 तारीख से सुभाष चौक रामगढ़ से शुरू होकर दोहाकातू पंचायत होते हुए रात्रि विश्राम सोस पंचायत भवन पर किया और यात्रा सुबह से रामगढ़ विधानसभा के दुलमी पंचायत से दौरे पर निकल गयी.



यात्रा के दौरान महिलाओं को संबोधित करते शांतनु मिश्रा.

इस यात्रा में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना पासवान रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, प्रकाश करमाली आरिफ, पूर्व युवा प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, जनार्दन पाठक, गुलाम सरवर, लखेश्वर महतो, कालेश्वर बेदिया, सुरेश रविदास, प्रेम सागर प्रसाद, लुटन करमाली, अफरोज अंसारी, मंटू महतो, कमलेश कुमार महतो, गौरी शंकर महतो, जीत लाल टुडू, मधु महतो, राज कुमार नायक, विजय करमाली, सुरजन नायक, गोवर्धन महतो, वासुदेव प्रसाद, मशीन सोनी, सहदेव महतो, ताहिर हुसैन, जय कुमार अग्रवाल, मो आरिफ, मो युसूफ, सिंघोली नायक, विवेक नायकसहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने पर की जाएगी कार्रवाई

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के गोपदा में सरकारी गैर मजरूआ जमीन खाता नंबर 41 प्लाट नंबर 501 पर प्रदीप राम द्वारा अवैध निर्माण कार्य पर झारखंड लोक भूमि अधिनियम 1956 के तहत कारवाई की जायेगी. उक्त आशय की जानकारी अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने देते हुए बताया कि शिकायत मिलने पर जांच की गई और प्रशनगत भूमि का कागजात की मांग की गई लेकिन अवैध निर्माणकर्ताओं ने किसी प्रकार का संतोषजनक राजस्व कागज़ात जमा नहीं किया. अंततः संबंधित निर्माण कार्य करने वालों पर झारखंड (बिहार) लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के तहत नोटिस निर्गत कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है. अतिक्रमण नहीं हटाने पर विधिसम्मत सुनवाई और नोटिस निर्गत कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी.



### विधायक सुनीता चौधरी ने किया चितरपुर प्रखंड मुख्यालय का दौरा

# समस्याओं का समाधान आवश्यक

**संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने बुधवार को चितरपुर प्रखंड मुख्यालय का औचक दौरा किया. इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद लोगो से उनकी समस्याओं से अवगत हुईं. मौके पर ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखी, जिसपर विधायक सुनीता चौधरी ने उनकी हर समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया. तत्पश्चात उन्होंने चितरपुर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का व सभी प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की हर समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया.

सबसे पहले उन्होंने पेंशन संबंधित समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया. साथ ही बाकी बचे सभी वृद्धों को पेंशन योजना से जोड़ने की बात कही. इसके अलावे उन्होंने राशन कार्ड में छूटे हुए लाभुकों को जोड़े, राशन का वितरण सही तरीके से करने, कल्याण विभाग द्वारा छात्र छात्राओं के लिए साइकिल का वितरण सुनिश्चित कराने, पैक्स संबंधित सभी समस्याओं का निपटारा करने की बात कही. इसके अलावे उन्होंने सीडीपीओ प्रतिनिधि से कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण भोजन कराने व ज्यादा से ज्यादा बच्चों को जोड़ने का निर्देश दिया. साथ ही मनरेगा संबंधित कार्यो का निपटारा व मजदूरों को ससमय पैसे का भुगतान करने व नए योजनाओं को स्वीकृति करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, पंचायत में रहकर पंचायत सचिव कार्य करें और बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. अंत मे उन्होंने जमीन संबंधित सभी समस्याओं का निपटारा करने का भी निर्देश दिया. इससे पूर्व उनके यहां पहुंचने पर चितरपुर बीडीओ ने बुके देकर उनका स्वागत किया.



बैठक करतीं विधायक सुनीता चौधरी.

मौके पर आजसू नेताअमृतलाल मुंडा, दिवाकर नायक, दशरथ महतो, सुशीला देवी, मुनिलाल साव, जगरनाथ बेदिया, प्रखंड के बड़ा बाबू संजय नायक, बीपीओ सूरज राम दांगी, प्रखंड समन्वयक विक्की नायक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी चित्रा सिंह मुंडा, बीपीआरओ बिनोद करमाली सहित अन्य मौजूद रहे.

**दौरा** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के डीआईजी पहुंचे बड़कागांव, दिये कई निर्देश

# डीआईजी ने एनटीपीसीआर एंड आर कॉलोनी का लिया जायजा

**संवाददाता। बड़कागांव**

सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया. पकरी बरवाडीह ने अपनी परियोजना की सुरक्षा की जिम्मेदारी देश की सबसे प्रतिष्ठित फोर्सेस में से एक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंप दी है. सिकरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन केंद्र में आयोजित सीआईएसफ इंडक्शन कार्यक्रम में बाकायदा मुख्य अतिथि डीआईजी सीआईएसफ डॉक्टर दिनेश प्रताप परिहार ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब को सीआईएसफ शील्ड देकर इसकी औपचारिक प्रक्रिया को पूर्ण किया. वहीं परियोजना प्रमुख के द्वारा भी पकरी बरवाडीह परियोजना की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसफ को सुरक्षा चाबी सौंप कर की गई.

**परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने सुरक्षा की चाबी सीआईएसएफ को सौंपी**



डीआईजी के साथ सीआईएसफ के अधिकारीगण.

इस मौके पर दोनों ही मुख्य अतिथि डीआईजी सीआईएसफ डॉक्टर दिनेश प्रताप परिहार व परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने सभागार में मौजूद ऑडियंस को संबोधित किया. डीआईजी सीआईएसफ ने अपने जवानों को निर्देश देते हुए कहा की नई जगह पर आने के बाद आपको यहां के बारे में अच्छे से जान लेनी चाहिए ताकि आप अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर पाएंगे. पकरी बरवाडीह परियोजना के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने आश्वासन देते हुए कहा कि हम परस्पर सहयोग से आगे बढ़ेंगे और अपने लक्ष्यों को हासिल करेंगे. डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय स्वामी ने भी अपना वक्त रखा और सीआईएसएफ के बारे में विस्तार से जानकारी दी. पकरी बरवाडीह परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी सीआईएसएफ अधिकारियों के अलावा अपनी परियोजना के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष व कर्मचारियों का शुक्रिया अदा किया. उन्होंने कहा कि आपके सहयोग और समर्पण के बिना यह इंडक्शन कभी भी पूर्ण नहीं हो सकता था.

तत्पश्चात अधिकारियों ने सीआईएसफ बैरक का निरीक्षण व पौधरोपण किया. इस बेहद खास मौके पर मुख्य अतिथियों के अलावा सीजीएम मानव संसाधन कोल माइनिंग डिविजन के रजनीश रस्तोगी, सीनियर कमांडेंट सीआईएसफ संदीप कुमार हजारीबाग कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख कर्मचारी गण व भारी संख्या में सीआईएसएफ के जवान मौजूद रहे.

## शराब तस्करी के लिए बोलेरो की छत को बना डाला तहखाना

**संवाददाता। चौपारण**

चौपारण पुलिस शराब तस्करी के खिलाफ एक्शन में है. शराब तस्कर रोज नए तरीके अपनाकर तस्करी कर रहे हैं. ऐसे ही एक तरीके का उजागर थाना प्रभारी दीपक कुमार ने किया है. शराब तस्कर बहुत ही चालाकी से बोलेरो गाड़ी के ऊपर बनाये एक बड़े बॉक्स में शराब छिपाकर कर चौपारण थाने से गाड़ी पास करने के फिराक में थे, लेकिन पुलिस की नजरों से बच नहीं सके. इस सबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली एक बोलेरो संख्या बीआर 52 - 5523 से अंग्रेजी शराब लोड कर बरही के तरफ से चौपारण होते हुए बिहार में शराब तस्करी के लिए जा रही है.



बोलेरो में जब्त हुई शराब

सूचना के आलोक में चोरदाहा चेकपोस्ट पर बैरिकेडिंग लगाकार वाहनों के चेकिंग के दौरान उक्त वाहन को पकड़ लिया गया. गाड़ी की बारीकी से तलाशी के क्रम में गाड़ी ऊपर बॉडी के शेप में एक बॉक्स बना दिखा. उसे खोला तो विभिन्न ब्रांड का अंग्रेजी शराब 16 पेटी, जिसमें 384 पीस शराब बरामद की गयी. इस संबध में मामला दर्ज कर लिया गया है.

## साधु बन चक्रधरपुर में घूम रहे ठग, दो पकड़ाए



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर में साधु के वेश में घूमने वाले ठग और चोर गिरोह के दो सदस्यों को बुधवार को तीन लोगों की मदद से बूढीगोड़ा गांव के खेल मैदान में पुलिस गिरफ्तार कर लिया. घटना चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के रिटायर्ड कॉलोनी की है. रिटायर्ड कॉलोनी निवासी फोटोग्राफर जितेंद्र के घर में साधु के वेश में दो ठग घुस गए थे. दोनों ठग ने जीतेन्द्र की पत्नी से पानी मांगकर पीया. इसके बाद सोने के गहने साफ कर चमकाने की बात कही. जितेंद्र की पत्नी ने अपनी बेटी के कान के सोने के झुमके साफ करने के लिए दे दिया. ठग झुमके अपनी गठरी में छिपा कर दो नकली रुद्राक्ष एक साड़ी में कई गांठ बांधकर दे दिया और उनके जाने के बाद गहने निकालने को कहा. साधु के जाने के बाद गांठ खोली तो उसमें सोने के झुमके नहीं थे. जीतेन्द्र के भाई धर्मेन्द्र ने उसे घटना की जानकारी दी और साधु का पीछा किया. इधर पूर्व वार्ड पार्षद राजा प्रसाद भी सूचना के बाद पहुंचे. तीनों ने मिलकर सोने के झुमके लेकर फरार नकली साधु को खोजते हुए बूढीगोड़ा गांव पहुंचे. वहां एक हड़िया भट्ठी में नकली साधु हड़िया पी रहे थे. दोनों ठग को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है.

### खदान की लीज अवधि नहीं बढ़ने के कारण केन्द्रीय विद्यालय के 1100 से अधिक बच्चों का भविष्य अधर में!

# सेल की मेघाहातुबुरु खदान के लीज को अब तक स्वीकृति नहीं

- केन्द्रीय विद्यालय में बच्चों को मिलती है बेहतर शिक्षा
- स्कूल के खर्च का 70% सेल प्रबंधन करता है वहन

**संवाददाता । किरीबुरू**

सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु खदान की साउथ एवं सेंट्रल ब्लॉक की लीज से संबंधित समस्या का समाधान नहीं हुआ तो केन्द्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरु में पढ़ने वाले लगभग 1100 से अधिक बच्चों का भविष्य अधर में लटक सकता है. उल्लेखनीय है कि सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन अपने सेलकर्मियों, ठेका मजदूरों, दुकानदारों, स्थानीय निवासियों व आसपास गांवों के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए उक्त केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना दशकों पहले की थी. इस विद्यालय का भवन से लेकर अन्य खर्च का बड़ा हिस्सा लगभग 70 प्रतिशत मेघाहातुबुरु सेल प्रबंधन वहन करता है. 30 फीसदी हिस्सा केन्द्रीय विद्यालय संगठन बच्चों की फीस आदि से खर्च करता है. लेकिन सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु खदान की साउथ एवं सेंट्रल ब्लॉक के लीज को अब तक स्वीकृति नहीं मिली है. इस कारण दोनों खदानों का अस्तित्व खतरे में पड़ा हुआ है.

मेघाहातुबुरु खदान में तो अब लौह अयस्क भी नहीं बचा है. जहां-तहां से लो ग्रेड का अयस्क उठाकर काफी कम मात्रा में सेल की स्टील प्लांटों को भेज रही है.



कार्यक्रम प्रस्तुत करते केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के विद्यार्थियों का फाइल फोटो.



केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु.

### 10 वर्षों से लटका है लीज का मामला

लीज का मामला पिछले लगभग 10 वर्षों से लटकने की मुख्य वजह वन्यजीव संरक्षण प्लान से जुड़ा मामला है. उक्त प्लान सारंडा जंगल में निवास करने वाले वन्य प्राणियों की सुरक्षा व संरक्षण से संबंधित है. कई बार यह प्लान बनाकर यहां से झारखंड सरकार और केंद्र सरकार को भेजा जाता रहा है. लेकिन तकनीकी खामियों की वजह से फाइल को सुधार के लिए वापस भेज दिया जाता है. इस बार भी फाइल दिल्ली से वापस भेज दी गई है.

### खदान बंद होने का खतरा

ऐसी स्थिति में सेल की मेघाहातुबुरु खदान के बंद होने का खतरा बना हुआ है. अगर खदान बंद हो गया तो वह केन्द्रीय विद्यालय को हर वर्ष दे रहा फंड भी शायद बंद कर दे. ऐसी स्थिति में इस विद्यालय का संचालन मुश्किल हो जायेगा. यहां वर्तमान में 1100 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं. अगर स्कूल बंद हुआ तो यह बच्चे कहां जायेंगे. यहां पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा. इसके अलावे भारी पैमाने पर बेरोजगारी व पलायन बढ़ेगा. इसको लेकर अभी से ही बच्चों के अभिभावकों को चिंता सताने लगी है. काफी कम पैसा में बेहतर शिक्षा, अनुशासन व संस्कार देने वाला ऐसा विद्यालय पूरे सारंडा क्षेत्र में नहीं है.

## नशापान से दूर रहने के लिए किया गया प्रेरित

**चांडिल ।** नीमडीह प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रघुनाथपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया.

शिविर में प्राधिकार के पीएलवी शुभंकर महतो ने नशीले पदार्थों का सेवन से दूर रहने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया. साथ ही नशे के दुष्परिणाम और नशापान से होने वाली घातक बीमारियों के बारे में बताया. इसके अलावा पीएलवी ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को विभिन्न कानून की जानकारी देने के साथ कानूनी पुस्तिका व पर्ची का वितरण किया.

इस अवसर पर कानूनी साक्षरता क्लब के प्रभारी सुबोध कुमार, नंदिनी महतो, संगीता दास, शिवेश्वर महतो, सागेन मार्डी, पूजा कुमारी, शिवानंद कुम्भकार आदि उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

## फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं बनाने वाले को नोटिस

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला परिवहन विभाग हजार से ज्यादा ऐसे ट्रक, बस, ट्रेलर समेत अन्य के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो सड़क पर 15 वर्ष से दौड़ रहे हैं, लेकिन समय से फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं बनाया है. सेफ्टी ऑडिट में ऐसे वाहनों का नंबर सामने आया है. इससे परिवहन विभाग फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं बनवाने वाले वाहन नंबर के आधार पर नोटिस भेज रहा है, ताकि वाहनों की उचित जांच के साथ बकाया राशि दो करोड़ रुपए से ज्यादा जमा करा सके. बताया जाता है कि एमवीआई की जांच में लापरवाही उजागर हुई है. बगैर फिटनेस सर्टिफिकेट के सड़क पर चलने वाले वाहनों को जिला परिवहन विभाग जब्त कर सकता है. इधर, विभाग के नोटिस को लेकर पुराने वाहन मालिकों की चिंता बढ़ गई है.

## टेल्को में कचरा फेंकने को लेकर महिला से मारपीट

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर टेल्को थाना अंतर्गत ग्वाला बस्ती निवासी मोनिका देवी के साथ पड़ोस में रहने वाले रोहित कुमार और उसके परिवार वालों ने मारपीट की. इसके अवाला अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया गया. मोनिका ने जब इसकी शिकायत टेल्को थाना में करने गई तो पुलिस ने शिकायत लेने से इंकार कर दिया. मोनिका ने बताया कि रोहित के घर पर ढलाई का काम हुआ था. उसका कचरा उनके घर के बाहर फेंक दिया गया था. सारा कचरा बिखरा पड़ा था. उन्होंने रोहित से कचरा हटाने को कहा, तो उसने इनकार कर दिया. इसके बाद इस मामले को लेकर विवाद शुरू हो गया. इस मामले में रोहित के परिवार वालों ने मारपीट की. जब वह थाना गई और लिखित शिकायत की तो थाना से पहले इलाज के लिए भेजा गया, अब पुलिस शिकायत नहीं दर्ज कर रही है.

### मादक पदार्थों के विरुद्ध जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# छोटे आयु वर्ग के बच्चे भी नशापान का हो रहे शिकार, यह चिंता का विषय : उपायुक्त

- नशा के खिलाफ 19 से 26 जून तक चलाया अभियान
- ड्रग्स किसी भी परिवार को बर्बाद कर सकता है
- नशा कर गाड़ी चलाने से भी होती हैं दुर्घटनाएं

**संवाददाता । चाईबासा**





कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करते डीसी कुलदीप चौधरी और शपथ लेते उपस्थित लोग.

कोल्हान विश्वविद्यालय के सभागार में मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में 19 जून से 26 जून तक चलाए जा रहे अभियान को लेकर बुधवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ जिला उपायुक्त (डीसी) कुलदीप चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया.

कार्यक्रम में डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्यभर में 19 जून से 26 जून तक मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जा रहा है. इस आलोक में आज हम सभी इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे हैं.

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ के दुष्परिणाम से सभी अवगत हैं. पहले के दौर में नशापान एक विशेष आयु वर्ग में देखा जाता रहा है. लेकिन आज के दौर में छोटे आयु वर्ग के बच्चे भी नशापान का शिकार हो रहे हैं. यह आज के समाज के लिए बेहद चिंता का विषय है. नशापान किसी भी परिवार को पूर्णतः बर्बाद कर सकता है. हम सभी को इसके विरुद्ध बढ़-चढ़कर भाग लेकर इसे जड़ से खत्म करने में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए. उन्होंने कहा कि नशा करके गाड़ी चलाने के कारण भी कई दुर्घटनाएं घटती हैं. अंत में कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों व अन्य लोगों ने नशा के खिलाफ शपथ ली.

### नशा करते देखें तो थाना को दें सूचना

उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कार्यक्रम में सभी से अपील की कि किसी भी व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ का सेवन/उत्पादन या खेती करते हुए अगर देखते हैं, तो उसकी सूचना अपने निकटतम थाना या अंचल में अवश्य दें. संबंधित आरोपी पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी. कार्यक्रम में अपर उपायुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, पुलिस उपाधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका, सेविका, छात्र-छात्राएं और शिक्षक सहित अन्य उपस्थित थे.

## अस्पताल में विधायक ने फाइलेरिया कीट बांटा

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल परिसर में फाइलेरिया पीड़ित मरीजों के बीच फाइलेरिया कीट का वितरण किया गया. कार्यक्रम में चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने फाइलेरिया मरीजों को कीट प्रदान किया. साथ ही फाइलेरिया से बचने के लिए मच्छरों से बचाव करने की बात कही. इस मौके पर अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा ने कहा कि फाइलेरिया पीड़ित मरीज की पहचान गांव-गांव जाकर स्वास्थ्यकर्मी कर रहे हैं. 10 अगस्त से 25 अगस्त तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी. मौके पर मलेरिया निरीक्षक रामाधार साहू, बड़ा बाबू पवन कुमार, लैब टेक्नीशियन जगन्नाथ प्रसाद महतो, सुनीता महतो के अलावा काफी संख्या में एएनएम व अन्य मौजूद थे.



फाइलेरिया कीट का वितरण करते विधायक सुखराम उरांव.

# चक्रधरपुर : रन फॉर ड्रग्स फ्री मैराथन दौड़ में दौड़ा पूरा शहर





रन फॉर ड्रग्स फ्री मैराथन दौड़ में शामिल हेल्थ सोसाइटी के पदाधिकारी.

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

- शहर के लोगों को नशा से दूर रहने का दिया संदेश
- नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान की दी जानकारी

नशामुक्त झारखंड बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को चक्रधरपुर में रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड थीम के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. चक्रधरपुर की पोटका स्थित देवी फ्यूल के समीप से पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा ने हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया.

मैराथन दौड़ में प्रखंड, अंचल, नगर कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावे शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े लोग, विभिन्न स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल हुए. मैराथन दौड़ के दौरान सभी दौड़ते हुए पोटका से भारत सेवाश्रम, त्रिशूल चौक, कुसुमकुंज मोड, एलआईसी बिल्डिंग, हनुमान चौक, रेलवे ओवर ब्रिज, पवन चौक, शहीद भगत सिंह चौक, चेक नाका, अनुमंडल अस्पताल, प्रखंड कार्यालय पोड़ाहाट स्टेडियम तक पहुंचे. मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा व अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू ने शराब, सिगरेट अन्य नशीले पदार्थ से सभी को दूर रहने की बात की कही. साथ ही नशीले पदार्थ से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया. उपस्थित सभी लोगों ने नशा मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प भी लिया. इस मैराथन दौड़ में हेल्थ सोसाइटी, भगेरिया फाउंडेशन, गिरिराज सेना, अंजुमन इस्लामिया, सूर्या एएनएम कॉलेज, भारत स्काउट एंड गाइड्स के अलावे अन्य सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व सदस्य, विभिन्न स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल थे.

# वृद्ध महिला का 30 हजार रुपए का दो बकरा चोरी

**संवाददाता । किरीबुरू**



पीड़ित महिला हारो नायक.

महिला किरीबुरु थाना अन्तर्गत प्रोस्पेक्टिंग निवासी वृद्ध महिला हारो नायक का दो बकरा चोरों ने चोरी कर ली. दोनों बकरों की कीमत लगभग 25 से 30 हजार रुपये होगी. महिला ने किरीबुरु थाना में मामले की शिकायत की है. शिकायत के बाद पुलिस ने संभावित बकरी चोरों के खिलाफ छापेमारी तेज कर दिया है लेकिन समाचार लिखे जाने तक सफलता नहीं मिली है.

पीड़िता हारो नायक ने बताया कि 25 जून की शाम दो बजे वह बकरे को चरने के लिये खोली थी. तभी गाड़ा हाटिंग निवासी दो युवकों को जंगल से दोनों बकरा को पकड़ बोलानी की तरफ ले जाते लोगों ने देखा. महिला छोटी सी गुमटी खोल तथा बकरी पालन कर अपना व परिवार का गुजारा करती है. महिला ने जिन दो युवक का नाम इस घटना में बता रही है. उसके घर पर पुलिस गई थी, लेकिन दोनों युवक गायब मिले. पिछले दिनों ही मीना बाजार स्थित मांस बिक्रेता हसन की दुकान से बकरी चोरी कर दुकान के बाहर उसका गला रेत चोर बकरी चोरी कर फरार हो गये थे. क्षेत्र में भारी बेरोजगारी की वजह से चोरी की घटनायें बढ़ रही हैं.

### बकरी चोरों से परेशान

**किरीबुरु ।** बोलेरो वाहन से बकरी चोरी करने वाले गिरोह से सारंडा के ग्रामीण परेशान हैं. मंगलवार की रात इस गिरोह ने छोटानागरा थाना अन्तर्गत दोदारी गांव निवासी मंगल कुम्हार की बकरी चोरी कर ली. मंगल कुम्हार ने बताया कि गर्मी की वजह से उनकी बकरियां घर के बाहर ही रहती थीं. मध्य रात्रि लगभग 12 बजे एक बोलेरो में सवार चोर आये तथा एक बकरी को पकड़ वाहन में लाद मनोहरपुर की तरफ फरार हो गये. इन चोरों को वाहन से भागते कुछ ग्रामीणों ने देखा था.

## कोल्हान स्तर पर 29 जून को प्रशिक्षुओं का चयन

**चाईबासा ।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड एवं जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम खेल शाखा के संयुक्त तत्वावधान में कोल्हान प्रमंडल में बालक और बालिकाओं के लिए फुटबॉल और बालक वर्ग में तीरंदाजी, आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु एक दिवसीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 29 जून को किया गया है. फुटबॉल खेल के खिलाड़ियों (बालक और बालिकाओं) का जमशेदपुर के टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स और तीरंदाजी के खिलाड़ियों का बर्मामाइन्स स्थित एईसी ग्राउंड (नियर बीपीएम स्कूल) में चयन होगा.

उक्त दोनों ही खेल स्थलों पर प्रतिभागी खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है. इस प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता में कोल्हान प्रमंडल में अवस्थित तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां के इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकते हैं. प्रतिभागी प्रशिक्षुओं की आयु 10 से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए. अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र आदि लाना होगा.

# पीएमश्री केवि में नये छात्र-छात्राओं का किया स्वागत



पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते प्राचार्य.

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर की पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में बुधवार को विद्या प्रवेश के तहत नवप्रवेशित कक्षा एक के बच्चों का स्वागत धूमधाम के साथ किया गया. इस मौके पर विद्यालय के मुख्य द्वार पर बच्चों एवं उनके अभिभावकों को तिलक लगाकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया.

वहीं बच्चों को मंच पर उपहार, डिजाइनर मुकुट एवं ग्रीटिंग कार्ड प्रदान किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये. कार्यक्रम को विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों ने खूब सराहा. समारोह में विद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ हांसदा ने कहा कि वे अभिभावकों के आभारी हैं कि उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय चक्रधरपुर को चुना.

उन्होंने विद्यालय के बारे में जानकारी दी. साथ ही बच्चों के अभिभावकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया. अभिभावकों को कक्षा एक के बच्चों के लिए पाठ्यचर्या, कार्ययोजना, समय सारिणी के संबंध में भी बताया गया. इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

### न्यूज अपडेट

## दुकान का एसबेस्टस तोड़ नगद समेत डेढ़ लाख की चोरी



**चक्रधरपुर ।** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग पर चक्रधरपुर में भगत सिंह चौक के समीप चोरों ने एक मोबाइल दुकान का एसबेस्टस तोड़कर दुकान से नगद समेत लगभग डेढ़ लाख रुपये के मोबाइल की चोरी कर ली. बताया जाता है कि भगत सिंह चौक के समीप स्थित विनायक मोबाइल दुकान के मालिक प्रमोद अग्रवाल बुधवार को अपनी दुकान खोले तो पाया कि दुकान में सामान बिखरे पड़े हैं. साथ ही दुकान से नगद 12 हजार रुपये के साथ-साथ विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन की चोरों ने चोरी कर ली. चोरों ने दुकान का एसबेस्टस तोड़कर घटना को अंजाम दिया. दुकान मालिक ने इसकी सूचना चक्रधरपुर थाना को दी.

## मानसून की पहली बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत



**किरीबुरू ।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के अलावे सारंडा क्षेत्र में मानसून की पहली बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. पिछले कुछ दिनों से मिनी शिमला अथवा कश्मीर कहा जाने वाला किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर के लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे. यहां की ठंडक व अच्छे मौसम के आदी हो चुके कुछ लोग तो दम घुटने वाली गर्मी से परेशान होकर अपने वाहनों का एसी चलाकर घंटों उसमें बैठे नजर आते थे. हालांकि ऐसे लोगों की संख्या काफी कम थी. इसके बावजूद यह कहा जा सकता है कि इससे पहले ऐसी भीषण गर्मी यहां के लोगों ने कभी नहीं देखी थी. आज हुई वर्षा के बाद न सिर्फ मानव समाज, बल्कि पेड़-पौधे व वन्यप्राणियों को भी काफी राहत मिली है.

## चाईबासा : उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना



**चाईबासा ।** जिला समाहरणालय परिसर से जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बुधवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जागरूकता वाहन अपनी नियमित रूट चार्ट के अनुसार जिले के सभी 18 प्रखंड में जाकर जिलावासियों को शुद्ध पेयजल पीने, पेयजल की बर्बादी न करने, शौचालय का समुचित प्रयोग करने, कचरे का प्रबंधन, गंदगी न फैलाने को लेकर ऑडियो/वीडियो के माध्यम से जागरूक करेंगी. कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता, अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

**समस्या**

### झारखंड मजदूर यूनियन ने मजदूरों के हित में बराईबुरु के हाथी चौक में की बैठक

# टाटा स्टील के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी : दुलाल भुइयां

- मजदूरों का शोषण करने वाली ठेका कंपनी पर कार्रवाई की मांग

**संवादाता । किरीबुरू**

झारखंड मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के नेतृत्व में टाटा स्टील की विजय-टू लौह अयस्क खदान के मजदूरों एवं सारंडा के बेरोजगारों ने बराईबुरु स्थित हाथी चौक में बैठक की. बैठक से पहले बड़ाजामदा के भट्ठीसाई में उनका स्वागत कर मोटरसाइकिल रैली के साथ कार्यक्रम स्थल लाया गया. बैठक में मजदूरों ने टाटा स्टील से जुड़ी अपनी समस्याओं व मुद्दों को रखा. समस्याओं को सुनने के बाद दुलाल भुइयां ने मजदूर प्रतिनिधियों के साथ टाटा स्टील कार्यालय में खान प्रबंधक ब्रज बिनोद कुमार, क्षेत्रीय खान प्रबंधक आशीष कुमार, उप मंडल प्रमुख (लॉजिस्टिक) हेमंत कुमार पंडा आदि के साथ वार्ता की. उन अधिकारियों को समस्याओं का समाधान जल्द करने को कहा. उन्होंने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर सारे मजदूर और ग्रामीण बड़ा आंदोलन करेंगे.



मंचासीन यूनियन के पदाधिकारी.



यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष दुलाल भुईयां व अन्य.

प्रबंधन ने कहा कि श्रीसाई इंटरप्राइजेज समेत अन्य ठेका कंपनियों के मामलों की जाँच किया जायेगा और दोषी पाये जाने पर काली सूची में डाला जायेगा. अन्य मांगों पर कंपनी व सरकारी प्रावधानों अनुसार कार्य कर समस्याओं का समाधान किया जायेगा. इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल आदित्य, भोला दास, आलोक तोपनो, मनचुड़िया सिधु, कामेश्वर माझी, दिनबन्धु पात्रो, परमेश्वर बुरुमा, दुलाल चाम्पिया आदि सैकड़ों मौजूद थे.

इस दौरान टाटा स्टील विजय-टू खदान के लिये झारखण्ड मजदूर यूनियन की नयी कमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया. इस कमिटी के अध्यक्ष दिनबन्धु पात्रों, सचिव परमेश्वर बुरुमा, कोषाध्यक्ष दुलाल चाम्पिया को बनाया गया. बाकी कमिटी का विस्तार जल्द किया जायेगा.

### कंपनी श्रमिकों के पीएफ में कर रही घोटाला

दुलाल भुइयां ने टाटा स्टील के अधिकारियों से कहा कि कंपनी के अंदर कार्यरत श्रीसाई इंटरप्राइजेज नामक ठेका कंपनी सैंकड़ों मजदूरों का खाने का पैसा में से प्रति मजदूर 15 रुपये के अलावे पीएफ आदि का भी घोटाला कर रही है. समय से वेतन नहीं देती है और इसमें भी भारी अनियमितता है. अन्य ठेका कंपनियों द्वारा भी मजदूरों का शोषण किया जा रहा है. इसके अलावे अपना अधिकार मांगने पर सारंडा के मजदूरों को नौकरी से निकालना, दुर्घटना, मृत्यु होने पर कोई मुआवजा नहीं देना, ईएसआईसी मेडिकल की सुविधा से वंचित रखना, कार्य के बावजूद मूल वेतन से पैसा की कटौती, पीएफ का पैसा जमा नहीं करना, महंगाई भत्ता नहीं देना, एडब्लूए का पैसा का भुगतान नहीं करना, सेवानिवृत्ति के समय फाइनल पैसा नहीं देना, एम्बुलेंस की सुविधा, नियुक्ति पत्र नहीं देना, पदोन्नति नहीं देना, मजदूरों को स्थायी करना, ओवर टाइम ड्यूटी करने पर डबल हाजिरी नहीं देना, साल में बोनस नहीं देना आदि समस्याओं को दूर करने की मांग की.

## बंद न हो सहयोग की राह

संसदीय राजनीति मूलतः सहिष्णुता, संवाद, सहयोग और सहमति का पर्याय है. ठीक इसके उलट अठाहरवीं लोकसभा टकराव और आक्रामक राजनीति का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है. ओम बिरला को फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया है. विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं करने के बावजूद जिस तेवर का प्रदर्शन किया है, उससे जाहिर होता है कि मोदी सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में पग-पग पर कठिनाइयों का सामना करना होगा. दरअसल प्रधानमंत्री ने यह संकेत दिया है कि उनकी नीतियों में कोई बदलाव नहीं है और जिस हनक के साथ पिछले दस सालों में उनकी सरकार चली है, उसकी निरंतरता जारी रहेगी. बावजूद इसके कि अठारहवीं लोकसभा के चुनावी नतीजों ने हनक-अहंकार की नीतियों को खारिज किया है और भाजपा को एक अल्पमत सरकार चलाने के लिए बाध्य कर दिया है. दरअसल प्रधानमंत्री सदन के बाहर जरूर सहमति की बात करते हैं, लेकिन दूसरे ही पल वे विपक्ष पर आक्रमण करने से नहीं चूकते. संवाद की राजनीति इस तेवर से नहीं चलती. संवाद और सहमति की राजनीति के लिए पक्ष और विपक्ष दोनों को ही अपनी शैली में बदलाव लाना होगा, लेकिन पिछले दस सालों में भारत की राजनीति पूरी तरह बदल गयी है. एक ओर नरेंद्र मोदी आक्रामक राजनीति के प्रतीक बन गए हैं तो दूसरी ओर लोकसभा में कांग्रेस के नेता, जो विपक्ष के भी नेता है, राहुल गांधी की राजनीति भी आक्रामकता की निशानी है. राहुल गांधी ने सड़क से संसद तक आमजनों के सवालों को ले कर संघर्ष की बात कही है.

> राहुल गांधी सामाजिक न्याय की शक्तियों के नए तेवरदार नेता बन कर उभरे हैं. भाजपा को बहुमत से रोकने में इस सामाजिक न्याय की आक्रामक राजनीति की बड़ी भूमिका है. इसके साथ ही राहुल गांधी ने दो भारत यात्राओं के माध्यम से जिस छवि का निर्माण किया है.

राहुल गांधी सामाजिक न्याय की शक्तियों के नए तेवरदार नेता बन कर उभरे हैं. भाजपा को बहुमत से रोकने में इस सामाजिक न्याय की आक्रामक राजनीति की बड़ी भूमिका है. इसके साथ ही राहुल गांधी ने दो भारत यात्राओं के माध्यम से जिस छवि का निर्माण किया है, वह भाजपा की विचारधारा का विपर्यय है. इतना तो तय है कि पिछले दस सालों में जिस निरंकुश अंदाज में सत्ता चली है, उस पर लगाम लगेगी. हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के गठन और लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला के चयन के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वे बदले नहीं हैं. विपक्ष के नेता के बातौर राहुल गांधी की सबसे बड़ी चुनौती एक लोकतांत्रिक माहौल के लिए सत्ता को बाध्य करना होगा. इसके साथ इंडिया गठबंधन की एकता को उन्हें और मजबूत बनाना होगा. लोकसभा के अध्यक्ष पद को ले कर भले ही मत विभाजन नहीं हुआ, लेकिन इतना तो संदेश कांग्रेस देने में कामयाब हुई है कि वह पिछले दस सालों की तरह कमजोर नहीं है. उसके पास सामाजिक न्याय और आर्थिक सहकार का एक एजेंडा है. लेकिन इस तथ्य को रेखांकित करने की जरूरत है कि देश के सर्वांगीण और समावेशी विकास के लिए देश की आवाज सुनी जाए. राहुल गांधी ने सदन में अध्यक्ष का स्वागत करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सहयोग के लिए ट्रस्ट सबसे ज्यादा जरूरी है. यानी साख बनाने का दायित्व सत्ता पक्ष पर ही है. जाहिर है देश में लोकतंत्र और संविधान की अनुगूंज जारी रहेगी.

# तंत्र पर लोक की जीत से क्या उम्मीद करें

**इस चुनाव के परिणामों को केवल आंकड़ों से नहीं समझा जा सकता है. यह कोई समतल मैदान पर दो टीमों से बीच हुई चुनावी दौड़ नहीं थी. अगर सत्ताधारी दल एथलीट वाले जूते पहन स्टेडियम में दौड़ रहा था तो विपक्ष कंटीली झाड़ियों और पत्थरों को पार करते हुए पहाड़ चढ़ने को मजबूर था.अगर ऐसी विषम स्थिति में भी विपक्ष ने सत्ताधारियों से 63 सीटें छीन उसे बहुमत के आंकड़े के नीचे उतार दिया तो इसे लोकतंत्र का चमत्कार ही कहा जाएगा. पार्टियों से ज़्यादा इसका श्रेय पब्लिक को जाता है.**



आख़िर लोकतंत्र में तंत्र पर लोक की विजय हुई. चुनाव परिणाम वाले दिन सुबह इसी पन्ने पर मैंने कहा था कि अगर बीजेपी को उसके पिछले आंकड़े यानी 303 से एक सीट भी कम आती है तो उस सरकार की हार मानी जाएगी. अगर सत्ताधारी पार्टी बहुमत के आंकड़े यानी 272 से कम पर रुक जाती है तो इसे बीजेपी की राजनैतिक हार समझना चाहिए. और अगर मेरे आकलन के अनुरूप बीजेपी का आंकड़ा 250 से नीचे गिर जाता है तो इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत हार समझना होगा. अंततः बीजेपी महज़ 240 पर अटक गयी. इसमें कोई शक़ की गुंजाइश नहीं कि चुनाव का परिणाम पिछली सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव है, बीजेपी के लिए राजनैतिक नरेंद्र मोदी के लिए व्यक्तिगत पराजय हैं. बेशक़, बीजेपी को प्राप्त वोटों में सिर्फ़ एक फ़ीसदी की कमी हुई है और उसने तटीय प्रदेशों, ख़ासतौर पर ओड़िशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरला में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. लेकिन इस चुनाव के परिणामों को केवल आंकड़ों से नहीं समझा जा सकता है. यह कोई समतल मैदान पर दो टीमों से बीच हुई चुनावी दौड़ नहीं थी. अगर सत्ताधारी दल एथलीट वाले जूते पहन स्टेडियम में दौड़ रहा था तो विपक्ष कंटीली झाड़ियों और पत्थरों को पार करते हुए पहाड़ चढ़ने को मजबूर था.अगर ऐसी विषम स्थिति में भी विपक्ष ने सत्ताधारियों से 63 सीटें छीन उसे बहुमत के आंकड़े के नीचे उतार दिया तो इसे लोकतंत्र का चमत्कार ही कहा जाएगा. पार्टियों से ज़्यादा इसका श्रेय पब्लिक को जाता है. इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत की जनता ने एक बार फिर सत्ता के अहंकार को चूर किया है, तानाशाही की तरफ़ बढ़ते हुए क़दम एक बार तो ठिठके हैं. सवाल बस इतना है कि इस जनादेश से कहां और कितनी उम्मीद लगायी जाए. बेहतर होगा कि हम अति उत्साह से परहेज़ करें. यह तो तय है कि इस चुनाव परिणाम ने लोकतांत्रिक सम्भावनाओं का द्वार खोल दिया है. दरवाज़े में घुसने के बाद लोक इस तंत्र की चार बड़ी सीढ़ियों में कितनी पायदान पार कर पाएगा, यह अभी से कहना मुश्किल है.

**• देश-काल**



**योगेन्द्र यादव**

चौथी और सबसे ऊंची सीढ़ी सरकार की नीति की है, जहां तक पहुंचने की उम्मीद सबसे कम है, लेकिन जिसके बारे में चर्चा सबसे अधिक है. हर कोई यह क़यास लगा रहा है कि गठबंधन सहयोगियों पर निर्भरता के चलते प्रधानमंत्री की कार्यशैली में कुछ बदलाव होगा. प्रधानमंत्री द्वारा अपनी शुरुआती भाषण में भी सर्वानुमति, सर्वपंथ समभाव और संविधान के प्रति आस्था जैसे शब्दों के इस्तेमाल से यह अटकलबाजी और तेज हुई है.. मुझे इसका भरोसा नहीं है. नरेंद्र मोदी को बैकफुट पर खेलने का अभ्यास नहीं है. उलटे यह संभव है कि कमज़ोर सरकार की छवि को तोड़ने के लिए प्रधानमंत्री कुछ आक्रामक क़दम उठाए. यूं भी चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से वैचारिक प्रतिबद्धता या राजनीतिक साहस की उम्मीद करना ज़्यादती है. हां इतना ज़रूर उम्मीद की जा रही है कि बीजेपी के सहयोगी दल संघीय ढांचे पर चोट करने वाले किसी फ़ैसले या सीधे सीधे अल्पसंख्यकों के अधिकार छीनने वाले किसी बड़े कदम पर ब्रेक लगा सकते हैं. तीसरी सीढ़ी संस्थाओं की मर्यादा की है, जहां दो सूत ज़्यादा उम्मीद की जा सकती है. प्रशासन और सीबीआई या ईडी जैसी संस्थाओं में बेहतरी की उम्मीद करना व्यर्थ होगा, क्योंकि ये सब सीधे सरकार के अंगूठे तले दबे हैं. संवैधानिक स्वायत्तता प्राप्त संस्थाओं जैसी केंद्रीय सतर्कता आयोग, सूचना आयोग और चुनाव आयोग से उम्मीद की जा सकती है कि वे सरकार का पक्ष लेते हुए भी अब थोड़ा लोकलाज का ध्यान भी रखेंगे. न्यायपालिका से उम्मीद करनी चाहिए कि संविधान और क़ानून की धुंधली सी पड़ी इबारत कम से कम कुछ जजों को दिखने लगेगी. यह आशा फलीभूत होती है या नहीं, इसका पता आगामी कुछ महीनों में नागरिकता क़ानून संशोधन, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती और इलेक्टोरल बॉण्ड घोटाले की न्यायिक जांच जैसे मामलों में लग जाएगा. साथ ही यह उम्मीद भी करनी चाहिए कि इस चुनाव में बेशर्मी से बीजेपी के प्रवक्ता की भूमिका में खड़े होकर मुंह की खाने के बाद मुख्यधारा के मीडिया को भी कुछ नसीहत मिली होगी. इतनी उम्मीद तो नहीं है कि टीवी एंकर और अख़बार सरकार की चाटुकारिता बंद कर देंगे, मगर कम से कम इतना तो संभव है कि मीडिया विपक्षी दलों, नेताओं और आंदोलनकारियों पर भेड़िए की तरह हमला करने में परहेज़ करेगा. दूसरी सीढ़ी पर संसद का नंबर आता है, जिसमें कुछ ज़्यादा बदलाव होने की उम्मीद दिखती है. लोक सभा में संख्या का असंतुलन बहुत कम होने के बाद यह उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में बहस हुआ करेगी कि बिना बहस आनन फ़ानन में क़ानून पास करवाने की रवायत पर रोक लगेगी. अगर संसद में बोलने नहीं दिया तो सांसद के बाहर अपना गला खोलेंगे. यह उम्मीद भी की जा सकती है कि पिछले दस साल की तुलना में संसदीय विपक्ष ज़्यादा प्रभावी तरीक़े से मुद्दे उठाएगा, वैकल्पिक प्रस्ताव पेश करेगा और आगामी विधान सभा चुनावों में बीजेपी को पटकनी देने का इंतज़ाम भी करेगा. पहली और सबसे मज़बूत पायदान पर नम्बर आता है सड़क का, जन आंदोलन और प्रतिरोध का. पिछले दस साल में मोदी सरकार के विपक्ष की भूमिका संसद से ज़्यादा सड़क पर निभाई गई थी. बाक़ी कुछ हो ना हो, एक बात तय है इस चुनावी परिणाम से मोदी सरकार का इक़बाल कम हुआ है, सरकार का ख़ौफ़ और दबदबा घटा है. इसलिए यह तय है चाहे किसान की बात हो या बेरोज़गार युवा की, दलित समाज की चिंता हो या महिला की, आमजन के जीवन से जुड़े सरोकार को सड़क पर उठाने का सिलसिला पहले से और ज़्यादा मज़बूत होगा.

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## माया की महिमा

मोह वश मन, वचन, काया की कुटिलता द्वारा प्रवंचना अर्थात् कपट, धूर्तता, धोखा व ठगी रूप मन के परिणामों को माया कहते है. माया व्यक्ति का वह प्रस्तुतकरण है जिसमें व्यक्ति तथ्यों को छद्म प्रकार से रखता है. कुटिलता, प्रवंचना, चालाकी, चापलूसी, वक्रता, छल कपट आदि माया के ही रूप है. साधारण बोलचाल में हम इसे बे-ईमानी कहते है. अपने विचार अपनी वाणी अपने वर्तन के प्रति ईमानदार न रहना माया है. माया का अर्थ प्रचलित धन सम्पत्ति नहीं है, धन सम्पत्ति को यह उपमा धन में माने जाते छद्म, झूठे सुख के कारण मिली है. माया वश व्यक्ति सत्य का भी प्रस्तुतीकरण इस प्रकार करता है, जिससे उसका स्वार्थ सिद्ध हो. माया ऐसा कपट है, जो सर्वप्रथम ईमान अथवा निष्ठा को काट देता है. मायावी व्यक्ति कितना भी सत्य समर्थक रहे या सत्य ही प्रस्तुत करे अंततः अविश्वसनीय ही रहता है. तथ्यों को तोडना मरोडना, झासा देकर विश्वसनीय निरूपित करना, कपट है. वह भी माया है, जिसमें लाभ दर्शा कर दूसरों के लिए हानी का मार्ग प्रशस्त किया जाता है. दूसरों को भरोसे में रखकर जिम्मेदारी से मुख मोडना भी माया है. हमारे व्यक्तित्व की नैतिक निष्ठा को समाप्त प्रायः करने वाला दुर्गुण 'माया' ही है. माया आतंरिक वस्तु है, किसी एक आत्मा द्वारा दूसरी आत्मा पर आरोपित भाव नहीं ...यह जादू व मिथ्या कृतित्व है जो माया के प्रभाव हैं. माया शब्द संस्कृत के दो शब्दों मा और या से मिलकर बना है. मा का अर्थ होता है नहीं है और या का अर्थ होता है जो. इस तरह माया का अर्थ है जो वस्तु नहीं है. इस दुनिया में जो भी चीज अस्थायी या काल्पनिक है, उसे माया कहा जाता है. अतः व्यवहार में माया का अर्थ , अज्ञान है. अज्ञान और माया को मिटाने के लिए ज्ञान की जरूरत है. किसी शख्स के संसार में उलझे रहने की वृत्ति का नाम माया है. माया की असली जगह इच्छा, वासना और अहंकार है. यह माया ही किसी शख्स को विकारों से ऊपर उठने नहीं देती. माया का आश्रय तथा विषय ब्रह्म है.....माया( अज्ञान) की दो शक्तियां हैं, जिनके द्वारा वह कार्य करती है. पहला आवरण और विक्षेप. आवरण का अर्थ है पर्दा, जो दृष्टि में अवरोधक बन जाय, जिसके कारण वास्तविकता नहीं दिखायी दे.

### सुभाषित

**नरस्याभरणं रूपं रूपस्याभरणं गुणः।**
**गुणस्याभरणं ज्ञानं ज्ञानस्याभरणं क्षमा ॥**

मनुष्य का अलंकार (गहना) रूप होता है, रूप का अलंकार (गहना) गुण होता है. गुण का अलंकार (गहना) ज्ञान होता है और ज्ञान का अलंकार (गहना) क्षमा होता है. रूप, गुण, ज्ञान और क्षमा रूपी अलंकारों से ही मनुष्य सुशोभित होता है. उसके अतिरिक्त किसी अलंकार सच्ची शोभा नहीं बढ़ा सकते.

# वे बच्चे जो कभी घर नहीं लौट पाते

**• बालपन**

**क्षमा शर्मा**

हाल ही में दिल्ली पुलिस ने चौदह साल से कम उम्र के तेईस खोए हुए बच्चों को उनके माता-पिता से मिलवाया है. पुलिस ने बच्चों की काउंसलिंग भी की. पता चला कि वे घर का रास्ता भटककर खो गए थे. इनमें से कई बच्चे घर से बाहर खेलने के लिए गए थे. कई दुकानों से सामान लाने गए थे और रास्ता भूल गए थे. कई बच्चे ऐसे भी थे जो ठीक से बोल नहीं पाते थे. पुलिस ने बताया कि इन बच्चों को अपने घर का पता नहीं मालूम था. न ही वे यह बता सकते थे कि उनके घर के आसपास ऐसी कौन-सी मशहूर जगह या लैंडमार्क है, जहां पहुंचकर घर जाया जा सके. पुलिस को पता चला कि घर वालों ने कभी इस ओर ध्यान ही नहीं दिया था कि बच्चों को घर का पता याद होना जरूरी है. अब पुलिस माता-पिता को इस बारे में शिक्षित कर रही है कि वे बच्चों को अपने घर का पता, टेलीफोन नम्बर आदि जरूर याद कराएं. उनके कपड़ों में घर का पता और फोन नम्बर लिखकर हमेशा रख दें, जिससे अगर वे रास्ता भूल भी जाएं तो कोई उन्हें घर पहुंचा दे. पुलिस के पास आएं तो पुलिस को भी बच्चों को घर लाने में आसानी हो. दिल्ली पुलिस ने ऐसे सोलह बच्चों को भी ढूंढ़ निकाला, जिन पर इनाम घोषित था. पैंतालीस ऐसे बच्चों को भी उनके घर पहुंचाया गया, जो परीक्षा में अच्छा नहीं कर पाते थे, इस वजह से घर वालों की डांट खाते थे. इसलिए वे बिना बताए घर से चले गए थे. बचपन बचाओ आंदोलन की रिपोर्ट 'मिसिंग चिल्ड्रन आफ इंडिया' के अनुसार अपने देश में हर साल छियानवे हजार बच्चे खो जाते हैं, जिनमें से इकतालीस हजार, पांच सौ छियालीस बच्चे कभी नहीं मिलते. संगठन का कहना है कि भारत में हर घंटे ग्यारह बच्चे खो जाते हैं. इनमें से चार का पता कभी नहीं चलता. भारत के छह सौ चालीस जिलों में से तीन सौ बानवे जिलों में जनवरी, 2008 से जनवरी, 2010 में खोए हुए बच्चों का अध्ययन किया गया था. उसी के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई थी. इसमें सबसे गम्भीर बात यह बताई गई थी कि खोए हुए बच्चे या तो बंधुआ मजदूरी का काम करते हैं या तरह-तरह से उनका यौन शोषण किया जाता है. महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से सबसे ज्यादा बच्चे खोते हैं. क्राई संस्था का भी कहना है कि भारत में बड़ी संख्या में बच्चे लापता हो जाते हैं. 2011 में पहले चार महीनों में ही बारह सौ साठ बच्चे लापता हो गए थे. इन खो जाने वाले सत्तर फीसदी बच्चों की उम्र बारह से अठारह साल के बीच होती है. इनमें से रिपोर्ट्स के अनुसार ही हजारों बच्चे अपने घर कभी लौट ही नहीं पाते. बच्चों के लिए काम करने वाले संगठनों को पुलिस के रवैये से भी नाराजगी है. उनका कहना है कि पुलिस अक्सर खोए हुए बच्चों की रिपोर्ट ही नहीं लिखती. हालांकि, यह भी सच है कि अनेक मामलों में पुलिस बच्चों को ढूंढ़ती भी है. दिल्ली में खोए हुए बच्चों को उनके माता-पिता से मिलाने के लिए 'आपरेशन मिलाप'नामक कार्यक्रम भी चलाया जाता है. इस लेख की शुरुआत में पुलिस द्वारा खोए बच्चों का जिक्र है. यह भी कि उनमें से बहुत से बच्चों को अपने घर का पता या लैंडमार्क ही नहीं मालूम होता. इसके लिए पुलिस अभिभावकों के लिए जागरूकता अभियान भी चलाती है. पुलिस का कहना है कि अपने बच्चों को घर का पता ठीक से याद कराएं. हो सके तो फोन नम्बर भी उन्हें याद करा दें. जो बच्चे ठीक से बोल नहीं पाते जब भी वे घर से बाहर जाएं, उनके कपड़ों पर घर का पता और फोन नम्बर लिख कर हमेशा रख दें. मुम्बई में रेलवे पुलिस में कार्यरत हैं रेखा मिश्रा. वे अब तक सैकड़ों लापता बच्चों को उनके माता-पिता से मिलवा चुकी हैं. मुम्बई में देशभर से भागे हुए बच्चे आते हैं. इनकी भाषा समझना एक बड़ी चुनौती होती है. एक बार चेन्नई की तीन लड़कियों को अगवा करके मुम्बई लाया गया था. लेकिन वे केवल तमिल बोलती थीं. तब रेखा ने एक तमिल बोलने वाले की मदद से उन लड़कियों की बातों को समझा. चेन्नई से पता चला कि लड़कियों के माता-पिता ने उनके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. रेखा ने यह भी बताया कि कई बार माता-पिता ही इस बात पर ध्यान नहीं देते कि उनके बच्चे खो गए हैं. कई बार बहुत से बच्चे घर वापस नहीं जाना चाहते. यह बच्चे की इच्छा पर ही निर्भर करता है कि वह घर जाना चाहता है या पुनर्वास केंद्र. अगर वह घर नहीं जाना चाहता तो उसे पुनर्वास केंद्र भेजा जाता है और वहां उसके भरण-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की व्यवस्था की जाती है.

> भारत के छह सौ चालीस जिलों में से तीन सौ बानवे जिलों में जनवरी, 2008 से जनवरी, 2010 में खोए हुए बच्चों का अध्ययन किया गया था. उसी के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई थी. इसमें सबसे गम्भीर बात यह बताई गई थी कि खोए हुए बच्चे या तो बंधुआ मजदूरी का काम करते हैं या तरह-तरह से उनका यौन शोषण किया जाता है.

# घोषित एमएसपी से किसानों को कितना लाभ

**• कृषि**

**बिजेंद्र सिंह लाठर**

केन्द्र सरकार ने सालाना औपचारिकता को पूरा करते हुए 19 जून 2024 को विभिन्न खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की घोषणा कर दी. कृषि लागत और मूल्य आयोग की ताजा रिपोर्ट 'खरीफ फसलों की मूल्य नीति विपणन मौसम 2024- 25' सरकार के आंकड़े और कारकों पर आधारित फसल समर्थन मूल्य घोषणा की पोल खोल रही है कि कैसे सरकार पक्षपातपूर्ण नीति अपनाते हुए किसानों का दशकों से आर्थिक शोषण कर रही है. दूनियाभर में अर्थशास्त्र के मानदंडों के अनुसार किसी भी वैश्विक वस्तु के बेचने के लिए दाम व्यापक लागत (कंप्रिहेंसिव कॉस्ट) के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं, लेकिन सरकार ने जानबूझ कर कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा सुझाए गए धान फसल के लिए व्यापक लागत सी-2 लागत+50% लाभ पर आधारित समर्थन मूल्य 3012 रुपए प्रति कुंतल को नहीं मानकर, ए2+एफएल +50% लाभ आधारित समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति कुंतल घोषित किए, जिससे धान किसानों को 712 रुपए प्रति कुंतल का नुकसान होगा. इसी तरह आंकड़ेबाजी आधारित बाकी फसलों के घोषित समर्थन मूल्य पर भी किसानों को भारी नुकसान होगा.भारत सरकार द्वारा 24 मई 2024 को जारी सूचनानुसार वर्ष- 2023-24 में सरकार ने लगभग 72 करोड़ क्विंटल धान 98 लाख किसानों से और 26.6 करोड़ कुंतल गेहूं 22 लाख किसानों से खरीद की, यानि देश के कुल 12 करोड़ किसानों में से केवल एक करोड़ बीस लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं-धान फसल बेची. सरकार ने वर्ष 2023 -24 में 1.2 करोड़ किसानों से लगभग 100 करोड़ कुंतल गेहूं-धान की खरीद करके कपटी आंकड़े पर घोषित फसल समर्थन मूल्य की बदौलत लगभग 700 रुपए प्रति कुंतल और कुल 70,000 करोड़ रुपए वार्षिक का शोषण किया, जो लगभग 60,000 रुपए प्रति किसान वार्षिक आर्थिक शोषण है. सरकार मात्र 6 हजार रुपए वार्षिक किसान सम्मान निधि देकर प्रसारण माध्यम से खूब प्रचार कर रही है. पिछले वर्ष के मुकाबले सरकार द्वारा घोषित धान के समर्थन मूल्यों में की गई वार्षिक वृद्धि मात्र 5.4 प्रतिशत है. जो कि वार्षिक लागत मूल्य सूचकांक 6.1 प्रतिशत से भी कम है. यानी किसानों को वर्ष 2024- 25 के लिए घोषित समर्थन मूल्य का वास्तविक /असल मूल्य वर्ष 2023-24 के मूल्य भी कम मिलेगा. इस सरकारी नीति द्वारा लगातार हो रहे किसानों के शोषण का सबसे ज्यादा नुकसान पंजाब और हरियाणा के किसानों को भुगतना पड़ रहा है.

> पिछले वर्ष के मुकाबले सरकार द्वारा घोषित धान के समर्थन मूल्यों में की गई वार्षिक वृद्धि मात्र 5.4 प्रतिशत है. जो कि वार्षिक लागत मूल्य सूचकांक 6.1 प्रतिशत से भी कम है. यानी किसानों को वर्ष 2024- 25 के लिए घोषित समर्थन मूल्य का वास्तविक /असल मूल्य वर्ष 2023-24 के मूल्य भी कम मिलेगा.

क्योंकि इन प्रदेशों के किसानों का पिछले 6 दशको में गेहूं की सरकारी खरीद में लगभग 70 प्रतिशत और धान की खरीद में 30 प्रतिशत से ज्यादा योगदान रहा है. इसीलिए इन प्रदेशों के किसान बार-बार सरकारी किसान विरोधी नीति के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर हुए है. कृषि लागत और मूल्य आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, आमतौर पर खरीफ फसलों में केवल धान की खरीद केन्द्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए करती है, जिससे देश के कुल धान किसानों में से लगभग 18 प्रतिशत किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने का लाभ मिलता है. सरकार बाकी फसलो की समर्थन मूल्य पर खरीद यदा कदा ही करती है. समर्थन मूल्य गारन्टी कानुन नही बनने के कारण, ये फसले घोषित समर्थन मूल्य से लगभग 30 प्रतिशत कम दाम पर खुले बाजार में बिकती है, लेकिन बिचौलियों द्वारा किसानों के लगातार शोषण के बावजूद, पिछले 6 दशकों से सरकार द्वारा बिना समर्थन मूल्य गारंटी कानून बनाए ही फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा किसानों के शोषण का माध्यम बन गई है. सरकार द्वारा जारी 6,000 रुपए वार्षिक की किसान सम्मान निधि, किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के समान है, क्योंकि न्यूनतम समर्थन मूल्य की सी-2 लागत पर घोषणा नहीं होने और घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी खरीद कानून सरकार द्वारा नही बनाने से, किसानों को औसतन 15-25 हजार रुपए प्रति एकड प्रति फसल का नुक्सान पिछले 57 वर्षा से हो रहा है. अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग और विकास संगठन और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों पर अनुसंधान के लिए भारतीय परिषद के एक प्रमुख अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2000 से 2016 तक भारतीय किसानों को अपने कृषि उत्पादन के उचित मूल्य नहीं मिलने से 2017-18 की कीमतों के आधार पर 45 लाख करोड़ रुपये (600 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का नुकसान हुआ.

**मीडिया में अन्यत्र**

# बोलने की स्वतंत्रता के प्रतीक असांजे आजाद

**जूलियन** असांजे ने वही किया जो पत्रकार स्वतंत्र समाज में करते हैं. उन्होंने अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के युद्धों के संचालन और उसकी कूटनीति को उजागर करने वाले गुप्त दस्तावेजों के भंडार को प्रकाशित किया. और इसके लिए उन्हें 14 सालों से भी ज्यादा अरसे तक उनकी आजादी से वंचित रखा गया. असांजे के पीछे पड़ना अटलांटिक पार के उन पश्चिमी लोकतंत्रों की एक दुर्लभ आधुनिक कहानी है, जो अपनी आजादी पर गर्व तो करते हैं लेकिन एक पत्रकार, प्रकाशक और व्हिसिल-ब्लोअर को दंडित करने के लिए कंधे से कंधे मिलाकर काम भी करते हैं. विकीलीक्स के संस्थापक को पहली बार 2010 में स्वीडन में दर्ज यौन अपराध के आरोपों के लिए एक यूरोपीय वारंट पर ब्रिटेन में गिरफ्तार किया गया था. बाद में उन आरोपों को हटा दिया गया. जमानत पर रहते हुए, उन्होंने लंदन स्थित इक्वाडोर के दूतावास में शरण ली, जहां वह 2019 तक छिपे रहे. उन्हें दूतावास से बाहर निकाल दिया गया और ब्रिटेन ने उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया तथा उच्च सुरक्षा वाली बेलमार्श जेल में डाल दिया. जेल में, जहां उन्हें ज्यादातर एक एकांत कोठरी में कैद रखा गया था, पांच साल बिताने के बाद अमेरिका ने असांजे के साथ एक समझौता किया, जिसके तहत उन्हें रिहा कर दिया जाएगा.



यह 52 वर्षीय व्यक्ति पश्चिमी प्रशांत इलाके में स्थित अमेरिकी राष्ट्रमंडल क्षेत्र उत्तरी मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन में अमेरिकी संघीय न्यायाधीश के समक्ष जासूसी मामले में अपना जुर्म कबूल करेगा. अमेरिकी और ब्रिटिश मीडिया के मुताबिक, असांजे को लगभग पांच साल की सजा होने की आशंका है. इतनी अवधि वह पहले ही ब्रिटेन के जेल में बिता चुके हैं. इसके बाद वह अपने वतन ऑस्ट्रेलिया जायेंगे.भले ही असांजे की रिहाई, जो उनके सालों के मुश्किल दौर का अंत करेगी. एक स्वागत योग्य खबर है, लेकिन इस दिन की राह आसान नहीं थी. जिस तरीके से उन्हें रिहा किया जा रहा है वह अभी भी चिंता पैदा करता है. विकीलीक्स द्वारा प्रकाशित वर्गीकृत दस्तावेज असांजे को अमेरिकी सैन्य विश्लेषक चेल्सी मैनिंग द्वारा सौंपे गए थे. मैनिंग को जासूसी अधिनियम का उल्लंघन करने का दोषी ठहराए जाने के बाद 35 साल जेल की सजा सुनाई गई थी. अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उनकी सज़ा कम कर दी जिसके चलते उन्हें 2017 में रिहा कर दिया गया, लेकिन असांजे आजाद नहीं हुए. ट्रम्प के न्याय विभाग ने उन्हें 2019 में 18 मामलों में दोषी ठहराया. और बाइडेन प्रशासन उनके प्रत्यर्पण पर जोर देता रहा, जिसका उन्होंने डटकर मुकाबला किया. (द हिंदू)

**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## दम/दाम

**वहां** कौन है तेरा मुसाफिर जाएगा कहां, दम ले ले घड़ी भर ये छइयां पायेगा कहां....दम मारो दम मिट जाये गम, बोलो सुबह शाम... ..दमादम मस्त कलंदर, खुदा का पहला नंबर... इन तीन फिल्मी गीतों के मुखड़े में कौन सा ऐसा शब्द है, जो तीनों में पूरे दमखम के साथ मौजूद है? आपने गौर किया तो समझ गये कि वह शब्द दम है. दम फारसी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है और हिंदी भाषा में भी इसकी दमदार मौजूदगी है. लेनेवाले दम को सुस्ताने के रूप में समझते हैं, लेकिन जब दम मारने की बात होती है तो उसका मतलब होता है हुक्के, चिलम, सिगरेट या सिगार का काश लेना. दम हौसला, हिम्मत, घमंड, अहंकार, जिद या हठ है. दम का मतलब शक्ति, सामर्थ्य, ताकत, जोर श्वास, सांस, प्राण, जान, जिंदगी, अस्तित्व, क्षण या लमहा है. किसी के दम अटकने का मतलब मरते समय उसकी सांस अटक जाना है. दम घुटने का मतलब सांस लेने में कष्ट होना. अंतिम सांस लेने को दम तोड़ना कहते हैं. दम तोड़ देना और दम निकलना मुहावरे हैं, जिनका मतलब मर जाना है. जब कोई किसी को बहुत परेशान करता है तो समझ लीजिए कि उसने उसकी नाक में दम कर रखा है. गोस्वामी तुलसीदास जी कहा है-कामिहिं नारि पियारी जिमी, लोभिन्ह प्रिय जिमि दाम, वैसे ही नाथ निरंतर प्रिय लागहिं मोहि राम. इस दोहे में आया शब्द दाम का दम से कोई संबंध है तो बस इतना ही कि दाम में बहुत दम है. दाम के लिए हमेशा दम फूलता रहता है और न मिले तो दम ही निकल जाता है. दाम हिंदी और फारसी दोनों भाषाओं का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. हिंदी दाम का मतलब है शत्रु पर विजय प्राप्त करने के लिए चार कूटनीतिक उपायों साम, दाम, दंड और भेद में से एक. वहीं फारसी मूल के दाम का मतलब है मूल्य, कीमत, रुपये, पैसे, बहुत पुराना एक छोटा सिक्का, पैसे का आठवां अंश.

# खबरदार रहिए, नाखबर रहिए!

**• तीर-तुक्का**

**डॉ. सुरेन्द्र वर्मा**

पहले बड़ा आराम था. लोग इत्मीनान से अपनी अपनी खटिया पर पड़े रहते थे. खबरों से बेखबर. लेकिन इधर जब से मीडिया का विकास हुआ है, आप न चाहें तो भी खबरें आपका पीछा नहीं छोड़तीं. हर आदमी के चारों तरफ मंडराती रहती हैं. अच्छी और बुरी खबरें, ताज़ी और गई-बीती खबरें. राजनैतिक, आर्थिक, और खेलकूद की खबरें. उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम की खबरें. आखिर न्यूज ठहरीं. चारों दिशाओं से आती हैं – नार्थ, ईस्ट, वेस्ट, साउथ; इसीलिए तो 'न्यूज़' कहलाती हैं. खूब खबर लेती हैं. बचकर जा नहीं सकते आप. कहिए, क्या समाचार हैं ? जानकारी है. खबर हाल है, समाचार है. खबर संदेशा है. खबर दी जाती है, खबर ली भी जाती है. खबरों से लोग चेत जाते हैं. खबर पाकर लोगों के होश उड़ जाते हैं. समाचार-पत्रों में खबर देने वाले खबर नवीस कहलाते हैं. बताने के लिए जब खबरें कम पड़ने लगती हैं, वे गढ़ ली जाती हैं. अतः खबरों के कारखाने विकसित हो गए हैं. वहां खबरें 'बनाई' जाने लगी हैं. खबरों के अभाव में, धोखा देने के लिए ही सही, खबरें गढ़ी जाती हैं. खबरों के कई प्रकार हो गए हैं. कुछ तो सही खबरें होती हैं. ऐसी बड़ी बड़ी खबरें इतिहास बन जाती हैं. लेकिन कुछ गलत खबरें भी उड़ा दी जाती हैं. पहले इन्हें अफवाहें कहते थे. इन्हें बाकायदा रोपा जाता था. फैलाया जाता था. अब ऐसी ही अफवाहों को "फेक-न्यूज़" कहने लगे हैं. फेक-न्यूज़, न्यूज़ तो होती है, लेकिन वास्तविक 'न्यूज़' नहीं होती. यह गढ़ी हुई, झूठी खबर होती है जिसे किसी स्वार्थ वश कोई फैला देता है. एक ही झूठ को बार बार कहें तो लोग उसे सच मानने लगते हैं. यही सिद्धांत 'फेक न्यूज़' पर भी लागू होता है. फेक-न्यूज़ को बढ़ावा देने में फेस-बुक, वाट्स-एप, ट्विटर जैसे उपकरणों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है. कुछ व्यक्तिनिष्ट खबरें इस लायक नहीं होती, जिन्हें खबर कहा जा सके, या सार्वजनिक किया जा सके. लेकिन स्वार्थ वश लोग इन्हें भी खबर की तरह प्रसारित करवाना चाहते हैं. आखिर, ले-देकर इन्हें भी छपवा ही लिया जाता है. ये भी खबरों की किस्मों में इजाफा करती हैं. और इन्हें "पेड-न्यूज़' कहा जाता है. लोग चाहते हैं कि खबरें उन्हें जल्दी से जल्दी मिल सकें. अतः तुरंत मिली खबर को "ब्रेकिंग-न्यूज़' की तरह प्रस्तुत किया जाता है. ऐसी ब्रेकिंक न्यूज़ कभी कभी खबर की कमर तक तोड़ देती हैं. जल्दबाजी में बताई गई खबरें बाद में ना-खबर सिद्ध होती हैं. लोगों का अच्छा मनोरंजन करती हैं. ज़िंदा रहने के लिए, जाग्रत रहने के लिए, खबरें ज़रूरी हैं. खबरें हैं तो जी है, जहान है. दुनिया उन्हीं की है जो दुनिया की खबर रखते हैं. जिन्हें दुनिया का कुछ पता ही नहीं, उनका क्या जीना और क्या मरना ! नाखबर रहने का यह एक फायदा भी है. खबरदार रहिए, नाखबर रहिए. दोनों ही स्थितियां लाभप्रद हैं.



# लाइफ लाइन

## बढ़ेगी बच्चों की लंबाई दूर होगी स्नायु दुर्बलता



डॉ रजनी शर्मा
डीएमबीएस, बीएमबीएस



**बच्चों की लंबाई को लेकर अक्सर माता-पिता परेशान रहते हैं. जो लंबे हो भी रहे हैं तो उनमें वाइटल फोर्स की कमी देखी गई है. इसमें खानपान रहन-सहन का असर होने के साथ-साथ वातावरण तथा वंशानुक्रम का भी असर पड़ता है. छोटे-छोटे बच्चे तनावपूर्ण स्थिति से जूझ रहे हैं. आइए आज बात करते हैं लंबाई बढ़ने और स्नायु दुर्बलता के बारे में...**

- **लंबाई कम बढ़ना :** ऐसे तो किसी भी व्यक्ति की लंबाई वंशानुक्रम तथा वातावरण के साथ-साथ संपूर्ण पोषक तत्व युक्त भोजन ग्रहण करने और योग व्यायाम करने से प्रभावित होता है. लेकिन कई बार होम्योपैथी बायोकेमिक की कुछ दवाइयां लंबाई बढ़ाने में अत्यंत कारगर सिद्ध होती हैं. इनमें सालिशिया, ब्राइटा कार्ब, कैल्केरिया फॉस, नेट्रम म्यूर, कैल्केरिया फ्लोर, मैग्नीशियम ऐक्टिकम आदि महत्वपूर्ण दवाएं लंबाई बढ़ाने में सहायक हैं.
- **स्नायु दुर्बलता :** स्नायुयिक शक्ति के क्षीण होने पर व्यक्ति को संसार के काम धंधा की चिंता, जीवन के आघात एवं परेशानियों को बर्दाश्त नहीं कर पाता है और उसके जीवन जीने की इच्छा समाप्त हो जाती है. उसकी स्नायु शक्ति की पूंजी समाप्त हो जाती है. वह शारीरिक तथा मानसिक रूप से शक्तिहीन हो जाता है. उसका नर्वस ब्रेकडाउन हो जाता है और वह तनाव के कारण डिप्रेशन में चला जाता है. इसके अंतर्गत व्यापार की चिंताएं, प्रेम में ठेस लगना, प्रिय व्यक्ति का वियोग होना, पढ़ने लिखने में समर्थ से ज्यादा काम करना, वीर्य नाश करना, संभोग में अधिक लिप्त रहना इत्यादि अनेक कारण हैं. इससे स्नायुविक दुर्बलता होती है. इसके लक्षणों में रीढ़ की हड्डी में जलन होती है तथा शरीर के किसी भी हिस्से में जलन हो सकता है. भिन्न प्रकार की संवेदनाएं एक साथ महसूस होती हैं. इससे पीड़ित व्यक्ति को नींद नहीं आती, भूख नहीं लगता, सर दर्द रहता है, चित्त दुखी रहता है, आत्महत्या करने को जी करता है, किसी एक बात पर चित्त नहीं टिकता, रोगी अपनी ही बीमारी को सबसे बड़ा बनाकर मन में सोचा करता है. इस बीमारी को स्वयं सबसे बड़ा रोग मानता है और जब यह रोग अधिक बढ़ जाता है तब उसके शरीर कई अंग सही से काम करना बंद कर देते हैं और रोगी की इच्छा शक्ति का नाश हो जाता है. ऐसे रोगियों को मानसिक रूप से सहारा देना चाहिए तथा उनकी इच्छा शक्ति को बढ़ाने के लिए उनकी काउंसलिंग करानी चाहिए.

### ये दवाएं कारगर

स्नायुविक दुर्बलता को दूर करने के लिए होम्योपैथिक दावाओं में अर्जेंटम नाइट्रिकम, फास्फोरस, एंब्रा ग्रीशिया, इग्नेशिया, जिंकम फॉस, ऐनाकार्डियम, कार्बो वेज ,मैग्नीशिया कार्बोनिका, ऐवेना सैवाइटा,एसिड फॉस तथा अर्निका इत्यादि महत्वपूर्ण दवाएं हैं. वहीं बायोकेमिक दावाओं में काली फॉस, मैग्निशियम फास्फोरिकम, नेट्रम म्यूर, कैल्केरिया फॉस इत्यादि महत्वपूर्ण उपयोगी दवाई हैं. सभी दवाएं कृपया कुशल चिकित्सक की देखरेख में लें.

## झारखंड का औषधीय वृक्ष महुआ

## घर का वैद्य है महुआ





औषधीय वृक्ष " महुआ" अपने आप में एक पारंपरिक वैद्य की भूमिका में है. यदि कहीं मोच आ जाए या हड्डी टूट जाए और बाद में दर्द बना रहे तो इसके छाल को जल में उबालकर हल्का गर्म रहने पर उस स्थान को धारा से बार बार धोना चाहिए. दांतों की तकलीफ़ में छाल के हल्के गर्म जल से कुल्ला करने से लाभ मिलता है. उरांव जनजाति और अन्य लोग पारंपरिक देशी चिकित्सा के तहत तेज बुखार में इसके तेल का उपयोग पैर के तलवे में करते हैं. घुटने के दर्द में इसका तेल लाभ देता है. सांप, मच्छर को भगाने में इसके खल्ली का उपयोग पारंपरिक तरीके से करते हैं. दांतों की तकलीफ़ में इसके दंतवन का उपयोग सुबह-शाम करना चाहिए.



अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

हिंदी में महुआ, बंगाल में मौल, माउल, लैटिन में बेसियालाटिफोलिया और अंग्रेजी में इलूपा ट्री कहते हैं. फूल, फल, छाल सभी का औषधीय उपयोग है. मैंने नेतरहाट में देखा है कि आदिवासी लोग पारंपरिक तरीके से तेल निकाल कर और पारंपरिक रूप से शोधन कर खाने में उपयोग करते हैं. इसके तेल का उपयोग कर बने पकवान मैंने आदरणीय पारंपरिक वैद्य भदवा भगत नेतरहाट निवासी के यहां खाया है. महुवा का फूल पौष्टिक, बल और वीर्यवर्द्धक, वात और पित्त नाशक होता है. फल हृदय को अप्रिय, वात, पित्त तृषा, रक्तविकार, दाह, श्वास तथा क्षय नाशक है.

इसका उपयोग जीवन में सकारात्मक रूप में होता था. अर्थात भोजन में इसका एक व्यंजन के रूप में इस्तेमाल किया जाता था पर अब इसका प्रचलन कम हो गया है और शराब जैसे पेय पदार्थ के निर्माण में फूल का उपयोग ज्यादा हो रहा है. इसके संरक्षण और संवर्धन पर काम करने की आवश्यकता है और फूल का उपयोग पारंपरिक व्यंजन बनाने और प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है.

**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**



डॉ दीपक चंद्रा प्रकाश
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ, मेडिका, रांची
रांची न्यूरोलॉजी क्लिनिक.

## मामूली सिरदर्द से अलग है माइग्रेन

*सामान्यता लोग सामान्य सिरदर्द और माइग्रेन में फर्क नहीं समझ पाते हैं. अगर समय रहते इसके लक्षणों की पहचान कर ली जाए तो राहत के रास्ते खोलने में भी सहूलियत होगी.*



**सिर के एक हिस्से में दर्द हो रहा हो, आंखों के आगे आड़ी-तिड़छी धारियां सी बन रही हों, जी मिचला रहा हो, उल्टी और दस्त की समस्या हो और सिर पर हथौड़े पड़ने सी पीड़ा हो रही हो तो संभव है कि आपको साधारण सिरदर्द नहीं बल्कि माइग्रेन की समस्या हो. कुछ लोगों में सिरदर्द से पहले देखने में परेशानी, चमकीली लाइट या धब्बा दिख सकता है. इसके कारण चेहरे के एक तरफ या हाथ या पैर में झुनझुनी और बोलने में कठिनाई भी होती है. कई बार दवाओं से इस पर काबू पाया जा सकता है. एक सर्वेक्षण के मुताबिक दुनिया की कुल आबादी का दस प्रतिशत इस रोग से पीड़ित है. आमतौर पर 20-50 साल आयुवर्ग के लोग इससे पीड़ित हैं. महिलाओं में इस रोग की आशंका पुरुषों की तुलना में तीन गुणा अधिक होती है. हालांकि दवा के साथ-साथ लाइफस्टाइल में परिवर्तन करना जरूरी होता है. आइए, इसके लक्षण, कारण, उपचार की करें चर्चा...**

### पहचानिए लक्षण

कुछ खास लक्षणों पर गर हम गौर करें तो सामान्य सिरदर्द और माइग्रेन के फर्क को समझ सकते हैं. ये लक्षण हैं-

- माइग्रेन पीड़ित में नर्वस सिस्टम से संबंधित कुछ असामान्यता दिख सकती है. उसे पानी पर सूरज की किरणों के परावर्तित होने जैसी चमक नजर आ सकती है. माइग्रेन के दौरान थोड़ी देर के लिए दृष्टि कमजोर हो सकती है. संभव है कि आस-पास कुछ नहीं हो, पर माइग्रेन पीड़ित को कुछ चमकता हुआ सा नजर आए. सामने की चीज धुंधली नजर आना, थोड़ी असहजता का अनुभव करना, शरीर का एक हिस्सा सुन्न सा महसूस होना जैसे लक्षण माइग्रेन पीड़ित दिखा सकता है. माइग्रेन का दौरा जब पड़ता है, मरीज की कार्यक्षमता 50% कम हो जाती है. इन लक्षणों के आधार पर सामान्य सिरदर्द और माइग्रेन में फर्क सहजता से समझा जा सकता है.
- माइग्रेन का दर्द जब शुरू होता है तो बेशक सामान्य सिरदर्द की दवा से राहत मिल जाती है. लेकिन जब माइग्रेन गंभीर अवस्था में होता है तो ये दवाएं बेअसर रहती हैं. तब माइग्रेन की खास दवाएं ही राहत दिला पाती हैं.
- कभी कभी माइग्रेन पीड़ित को इतनी तेज पीड़ा होती है कि घर पर उपलब्ध दवाओं से उन्हें किसी भी हालत में राहत नहीं मिल पाती है और उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती करने की नौबत आती है.
- यदि उपचार न किया जाए, तो माइग्रेन आमतौर पर 4 से 72 घंटों तक रहता है. माइग्रेन का अटैक कितनी बार होगा, यह हर व्यक्ति में अलग-अलग होता है. माइग्रेन कभी-कभार या महीने में कई बार भी हो सकता है.
- माइग्रेन बच्चों, किशोरों के साथ-साथ बड़ों को भी प्रभावित करता है। इसका दर्द चार चरणों से होकर बढ़ सकता है- प्रोड्रोम, ऑरा, अटैक और पोस्ट-ड्रोम। जरूरी नहीं है कि माइग्रेन से पीड़ित हर व्यक्ति को सभी चरणों से गुज़रना ही पड़े.
- शुरुआती दौर में माइग्रेन से एक या दो दिन पहले कुछ ऐसे लक्षण उभरते हैं जिनसे इसके अटैक का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है. इन लक्षणों में कब्ज़, मूड में बदलाव, अवसाद, अत्यधिक उत्साहित होना, खूब भोजन करने की इच्छा या भूख नहीं लगना, गर्दन में अकड़न, बार बार यूरीन पास होना, बार-बार उबासी आदि शामिल हैं.

### ये हो सकते हैं जिम्मेवार

- महिलाओं में माइग्रेन प्री मेंस्ट्रुअल सिंड्रोम के रूप में हो सकता है. दरअसल अंडाशय से अंडाणु निकलने निकलने के दौरान स्त्रियों में एस्ट्रोजेन हार्मोन का सबसे उच्च स्तर रहता है. लेकिन पीरियड शुरू होने के तीन-चार दिन पहले इस हार्मोन के स्तर में अचानक गिरावट आ जाती है. हार्मोन का यह उतार-चढ़ाव माइग्रेन के लिए विस्फोटक साबित होता है.
- माइग्रेन के 50 प्रतिशत से अधिक मामले आनुवंशिक होते हैं.
- युवावस्था प्रारंभ होने पर लड़कों की तुलना में लड़कियों में माइग्रेन होने की आशंका अधिक होती है. ऐसा महिलाओं के हार्मोन की वजह से होता है.
- आज के आपधापी, भागमभाग वाली जिंदगी, जॉब या प्रेम में असफलता आदि के कारण होने वाले तनाव, क्रोध आदि से भी संवेदनशील व्यक्तियों को माइग्रेन की शिकायत हो सकती है.
- किसी खाद्य पदार्थ के प्रति एलर्जी और खाद्य पदार्थ में मौजूद केमिकल भी इसके प्रति संवेदनशील बनाते हैं. यह चॉकलेट, समोसा, कोल्डड्रिंक, कॉफी कुछ भी हो सकता है.
- पेनकिलर का लगातार प्रयोग, अत्यधिक लाईट, धूप में घूमना, बहुत शारीरिक-मानसिक परिश्रम आदि भी इसके होने की वजह बनते हैं.
- कई महिलाओं को मनोपॉज के दौरान भी अस्थायी माइग्रेन की समस्या हो सकती है.

### ये घरेलू उपचार काम के

*माइग्रेन के उपचार में कुछ घरेलू उपायों को भी कारगर माना गया है. आइए, कुछ ऐसे ही उपचारों की करें चर्चा.*

#### भीगी हुई किशमिश



रात भर भिगोई हुई 10-15 किशमिश सुबह-सुबह खाएं. लगातार 12 हफ्ते तक ये उपाय करने से बढ़े हुए माइग्रेन के दर्द से राहत मिलती है. माइग्रेन से जुड़े सभी लक्षणों जैसे एसिडिटी, मतली, जलन, एक तरफा सिरदर्द, गर्मी के प्रति असंवेदनशीलता आदि शांत होती हैं.

#### जीरा-इलायची की चाय



1 गिलास पानी (300 मिली), आधा चम्मच अजवाइन, 1 इलायची दरदरी कुटी हुई,, 1 चम्मच जीरा, 1 बड़ा चम्मच धनिये के बीज, 5 पुदीने की पत्तियां चाहिए इन सब को मिला कर चाय बनाएं. लंच या रात के खाने के एक घंटे बाद या जब भी माइग्रेन के लक्षण महसूस हों तो इसे लिया जा सकता है.

#### गाय का घी



शरीर और दिमाग में मौजूद अतिरिक्त पित्त को संतुलित करने के लिए गाय का घी लाभकारी है. इसे भोजन में लें, या रात को सोते समय दूध के साथ मिला कर. नाक में दो बूंद गाय का घी देना लाभकारी है. माइग्रेन के लिए फायदेमंद कुछ जड़ी-बूटियां जैसे ब्राह्मी, शंखपुष्पी, यष्टिमधु आदि को घी के साथ लिया जा सकता है.

### निदान/बचाव

- यदि आपको या आपके परिवार में किसी को माइग्रेन है तो न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करें. वे आपकी मेडिकल हिस्ट्री, लक्षणों और शारीरिक और न्यूरोलॉजिकल टेस्ट के आधार पर माइग्रेन का निदान करेंगे. गंभीर मामलों में एमआरआई स्कैन, सीटी स्कैन की सलाह दी जा सकती है.
- माइग्रेन की आशंका है तो सबसे पहले इस बात पर ध्यान दें कि किस खानपान के बाद आपकी समस्या बढ़ जाती है. माइग्रेन की समस्या है तो डिब्बा बंद/ पैकेट बंद खाना से परहेज करें. जंक फूड, रेड वाइन, स्मोकिंग से बचें. अगर आसपास कोई सिगरेट-बीड़ी पी रहा है तो उससे माहौल से कुछ अलग हो जाएं, वरना आपका माइग्रेन परेशान कर सकता है. प्रदूषण व धूप-धूल भरे वातारण से दूर रहें.
- पनीर में टाइरामिन और नूडल्स में मोनोसोडियम ग्लूटामेट पाया जाता है जो माइग्रेन की समस्या को बढ़ा सकता है. चॉकलेट, चीज और अधिक पका केला भी माइग्रेन पीड़ित नहीं खाएं.
- कभी कोई मील स्किप नहीं करें. समय पर खाना खाएं. मैदे से तैयार या तला-भूना अधिक मसालेदार भोजन नहीं करें. मांसाहार से बचें.
- आरामदायक तापमान और सुरुचिपूर्ण सज्जा वाले कमरे में सोएं. कमरे में तेज रोशनी, धूप या चुंधियाने वाला प्रकाश नहीं हो. कंप्यूटर स्क्रीन या टीवी भी ऑन नहीं हो. कोई तेज गंध या परफ्यूम नहीं हो. सोते समय चिंताओं को परे रखने की कोशिश करें.
- नियमित व्यायाम व योगा करें. ध्यान व श्वासान से लाभ होगा. मानसिक शांति के लिए रिलेक्सेशन एक्सरसाइज करें.

### ओट्स

## फायदे से है भरपूर, लंच हो या ब्रंच, रोज खाएं ओट्स

***ओट्स इन दिनों अपनी पौष्टिकता, खासियत और सहूलियत के कारण बेहद लोकप्रिय आहार है. इनमें बहुत सारे कार्ब्स, खासकर फाइबर शामिल होते हैं, जो स्वस्थ पाचन में मददगार होते हैं और इनका सेवन कर हमें लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है. ऐसे में वजन मेंटेन रखने के लिए ओट्स का सेवन फायदेमंद है. ओट्स पौधे-आधारित प्रोटीन का एक बड़ा स्रोत है क्योंकि इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन भी शामिल होता है. 100 ग्राम ओट्स में प्रोटीन की मात्रा 16.9 ग्राम होती है. इसमें विटामिन, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस आदि भी होते हैं.***

### ये हैं फायदे



1) ओट्स में फाइबर होता है जिसे बीटा-ग्लूकन कहा जाता है. ये कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर के लेवल को मैनेज करने और आंत के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है.

2) ओट्स में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन होता है, लिहाजा इसके सेवन से लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है. मेटाबॉलिज्म दुरुस्त रखता है.

3) ओट्स में बीटा-ग्लूकन ब्लड शुगर विनियमन में सुधार कर सकता है, जिससे मोटापे या डायबिटीज वाले लोगों को फायदा होता है.

### ओट्स बेहतर या दलिया



ओट्स व दलिया दोनों स्वास्थ्य के लिहाज से बढ़िया बताए जाते हैं, लेकिन सवाल है कि दोनों में बेहतर कौन है? प्रोटीन और कार्ब्स की बात करें, तो 100 ग्राम ओट्स में प्रोटीन की मात्रा 16.9 ग्राम होती है, तो वहीं दलिया में 12 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है. कार्बोहाइड्रेट के मामले में 100 ग्राम ओट्स में यह 66.3 ग्राम होते हैं और दलिया में 76 ग्राम कार्बोहाइड्रेट मौजूद होते हैं. 100 ग्राम ओट्स में 10.6 ग्राम फाइबर पाया जाता है, वहीं इतने दलिया में यह 6.7 ग्राम ही देखने को मिलता है.

### सबसे इजी फूड ओवरनाइट ओट्स

ओट्स खाने के लिए सबसे आसान तरीका है ओवरनाइट ओट्स. इसके लिए ओट्स को थोड़े से पानी, दही या दूध में भिगोएं और उन्हें रात भर के लिए फ्रिज में रख दें. सुबह इसमें कटे हुए फल, चिया सीड्स, शहद, कटे खजूर, बारीक कटे मेवे आदि पसंद के अनुसार मिलाएं और सेवन करें.

### योग

## पांच ज्ञानेन्द्रियों के लिए योग

**हमारी ज्ञानेन्द्रियों का मस्तिष्क से सही तालमेल बना रहे, इसके लिए योग की कुछ सरल क्रियाएं :**



ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

**ऐसे बढ़ेगी कान की शक्ति :** कानों को स्वस्थ रखने, श्रवण शक्ति बढ़ाने, आलस्य दूर करने आदि के लिए कर्ण रंध्र धौति का अभ्यास करना चाहिए. इसके लिए तर्जनी उंगली की कान में डाल कर गोल-गोल घुमाएं. उंगलियों से वी बना कर कान के दोनों और रखें और ऊपर-नीचे मालिश करें.

**चेहरे और जीभ के लिए :** जीभ व चेहरे की त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए कुछ मुख और स्वर मंत्र की क्रियाएं की जाती हैं जिससे असमय झुरियां नहीं पड़ती, दांत जबड़े भी शक्तिशाली रहते और आवाज भी साफ होती हैं. इसके लिए मुंह में हवा भर कर गालों को फुलाएं और मुंह के अंदर हवा को गोल-गोल घुमाएं. हाथों से हलके-हलके माथे, ओंठ और ठोड़ी की मालिश करें. दोनों तरफ से दांतों और जबड़ों की परस्पर सटा कर दबाएं. पूरी सांस भरें और गरदन को ऊपर उठाकर आसमान को देखें, फिर जितना मुंह आसानी से खोल सके, उतना खोलें.

**नाक के लिए योग :** अपने दोनों हाथ के अंगूठे से नाक के आगे नथुने की मालिश करें. तर्जनी अंगुली से नाक के दोनों तरफ मालिश करें. नियमित अनुलोम-विलोम का अभ्यास करें.



**आंखों की सेहत के लिए :** सांस भरते हुए आंख के गोलकों की ऊपर ले जाएं और आकाश को देखें. इसी तरह सांस छोड़ते हुए गोलकों को नीचे लाएं और अपने पैरों के पंजों पर स्थिर करें. सांस भरते हुए आंखों के गोलकों को दायीं ओर ले जाएं. फिर सांस छोड़ते हुए गोलकों को बाएं ओर ले जाएं. दोनों ओर जितना पीछे देख सकें देखे. हथेली को आंखों पर रखें और उसके भीतर आंखों को तेजी से टिमटिमाएं. इसके अतिरिक्त आप नेत्र बस्ति का अभ्यास भी कर सकते हैं. इसके लिए त्रिफला को रात में भिगो दें और सुबह अच्छी तरह कपड़े से छान लें. इस पानी से अपनी आंखों को साफ करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+

## भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, अफगानिस्तान...

# कौन बनाएगा फाइनल में स्थान

**टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल के लिए चार टीमों ने क्वालिफाई किया है. ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहने वाली दक्षिण अफ्रीका पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से भिड़ेगी, जबकि ग्रुप 1 में शीर्ष पर रहने वाली टीम इंडिया दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी. दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच पहला सेमीफाइनल भारतीय समय के अनुसार बुधवार की सुबह छह बजे से होगा. मैच तरौबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में शुरू होगा. वहीं, भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा सेमीफाइनल बुधवार की रात आठ बजे से होगा. मैच गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में होगा. दोनों मैच को लेकर उत्साह चरम है.**

### वर्ष 2022 के सेफा में इंग्लैंड ने टीम इंडिया को 10 विकेट से हरा दिया था

## टी20 विश्व कप सेमीफाइनल : इंग्लैंड के खिलाफ बदला चुकाने उतरेगा भारत

भाषा । जॉर्जटाउन (गयाना)

आक्रामक बल्लेबाजी रवैये के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा. पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थीं तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था. एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रुढ़िवादी रवैये को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है. प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है. स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे. तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है. अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने प्रतियोगिता की शुरुआत में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी.

दिलचस्प बात यह है कि आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है. उस दिन वेस्टइंडीज ने युगांडा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की थी. भारत ने सुपर आठ चरण में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन सेमीफाइनल के अत्यधिक दबाव में सहज गलतियां हो जाती हैं. शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद करेगा जिन्होंने अपने उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है. इसके विपरीत उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित ने निडर क्रिकेट के मामले में अन्य बल्लेबाजों के लिए मानक स्थापित किया है.

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी 41 गेंद में 92 रन की धमाकेदार पारी को आने वाले कुछ समय तक आसानी से भुलाया नहीं जा सकेगा. रोहित और कोहली दोनों के लिए यह शायद भारत की जर्सी में टी20 विश्व खिताब जीतने का आखिरी मौका है और दोनों अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे.



रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भी स्पष्ट था. शिवम दुबे ने मध्यक्रम में उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी नहीं की है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह चतुर लेग स्पिनर राशिद के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं. भारत के इस मैच में बिना किसी बदलाव के उतरने की संभावना है. हालांकि टीम के पास लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जो इंग्लैंड के फिल सॉल्ट, जोस बटलर, हैरी ब्रूक और जॉनी बेयरस्टो जैसे दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उपयोगी साबित हो सकते हैं.

### टीमें इस प्रकार हैं :

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज.

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जोर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड.

*मैच का समय : रात 8 बजे से.*

### बारिश से मैच धुला तो फाइनल में चली जाएगी टीम इंडिया

टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत बनाम इंग्लैंड मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है. मौसम रिपोर्ट के अनुसार, गयाना में सुबह 70 प्रतिशत बारिश की संभावना है. वहीं, तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है. इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में प्रवेश कर लेगी. हालांकि, मैच के दिन बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गयी है. ऐसे में यह मुकाबला की बारिश की भेंट चढ़ सकता है. अगर बारिश के कारण भारत बनाम इंग्लैंड का दूसरा सेमीफाइनल मैच धुल जाता है तो भारतीय टीम को फायदा होगा. दरअसल, भारत ने ग्रुप स्टेज और सुपर-8 में अपने सभी मैच जीते हैं. सुपर-8 में भारत ने अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज की है. उनके खाते में छह अंक हैं जबकि इंग्लैंड के खाते में चार अंक हैं. इस आधार पर भारत फाइनल के लिए आसानी से क्वालिफाई कर लेगी

**पिच स्पिनरों को फायदा पहुंचाएगी :** यह मैच गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसे कम स्कोर वाला और स्पिन के अनुकूल मैदान माना जाता है. यह तेज गेंदबाजों से ज़्यादा स्पिनरों के लिए मददगार रहता है और बल्लेबाजों को ज्यादा रन बनाने में काफी संघर्ष करना पड़ा.

## फाइनल में जगह पक्की करने उतरेंगे दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान

### दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं, अफगानिस्तान ने किए बड़े उलटफेर

भाषा । तारोबा (त्रिनिदाद)

टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा. दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है. टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था.

अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं - कप्तान राशिद खान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरुआती सफलता दिलाई, गुलबदिन नायब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया. सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं. यह अपने आप में एक कहानी बयां करता है कि कैसे अफगानिस्तान के दो खिलाड़ी कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़कर आंकड़ों की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए.

लेकिन यह सब बेकार हो सकता है अगर वे ब्रायन लारा अकादमी में लड़खड़ा जाए. इस स्थल का नाम वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी के नाम पर रखा गया है जिन्होंने अफगानिस्तान का भरपूर समर्थन किया है. अफगानिस्तान के पास कुशल क्रिकेटर हैं जिनके दम पर टीम ने 2000 के दशक की शुरुआत से लंबा सफर तय किया है. इसलिए वे कड़ी प्रतिस्पर्धा से अपरिचित नहीं हैं और किसी भी अन्य प्रारूप की तुलना में टी20 प्रारूप उन्हें बड़ी टीमों को चुनौती देने का बेहतर मौका देता है. अफगानिस्तान इससे पहले कभी विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं खेला और दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा.

दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं. अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20



या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया. दक्षिण अफ्रीका ने अब तक अपना धैर्य बरकार रखते हुए कुछ बेहद करीबी मुकाबले जीते हैं. टीम ने टूर्नामेंट में एक रन (नेपाल के खिलाफ), चार रन (बांग्लादेश के खिलाफ) और तीन विकेट (वेस्टइंडीज के खिलाफ) की करीबी जीत दर्ज की.

दक्षिण अफ्रीका की अतीत की टीमें इन परिस्थितियों में विफल हो सकती थी लेकिन एडेन मार्कराम की टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई है. टूर्नामेंट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में केवल एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी है. क्विंटन डिकॉक सात मैच में 199 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं जबकि उनका कोई भी गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है. लेकिन वे यहां सेमीफाइनल में खेल रहे हैं और उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ छोटे और महत्वपूर्ण क्षणों से निपटना होगा. अफगानिस्तान भी चीजों को काबू में रखता है तो एक शानदार मुकाबला देखने को मिल सकता है.

### टीमें इस प्रकार हैं :

**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद मलिक.

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स.

**मैच का समय: सुबह छह बजे से.**

## कनाडा ने कोपा अमेरिका में पेरू को 1-0 से हराया

एजेंसी । कन्सास सिटी (अमेरिका)

जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया. कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है. जैकब शैफेलबर्ग के खिलाफ टैकल के लिए मिगुएल अराउजो को लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण पेरू को 59वें मिनट के बाद एक खिलाड़ी के बिना खेलना पड़ा. यह निर्णय वीडियो समीक्षा के बाद लिया गया. कनाडा ने पिछले महीने कोच के रूप में नियुक्त अमेरिकी जेसी मार्श के मार्गदर्शन में चार मैचों में पहली जीत दर्ज की. डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है. इस गोल से राष्ट्रीय टीम ने 391 मिनट के गोल के सूखे को भी खत्म किया.

कोपा कप



### चिली को 1-0 से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की. दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की कॉर्नर किक पर लगाए शॉट को चिली के गोलकीपर क्लॉडियो ब्रावो ने रोक दिया लेकिन रिबाउंड होकर आई गेंद को मार्टिनेज ने गोल में पहुंचाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया. खिलाड़ी खड़े होकर तीन मिनट तक इंतजार करते रहे, जिसके बाद वीडियो समीक्षा में गोल की पुष्टि हुई. मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है. अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है. कनाडा तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है. चिली और पेरू के एक-एक अंक हैं. अर्जेंटीना की टीम शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में पेरू के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी.

### हॉकी टीम की घोषणा हरमनप्रीत बने कप्तान

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया. भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं. टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैंपियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है. पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी.

## इंग्लैंड-स्लोवेनिया नॉकआउट में

एजेंसी । कोलोन

इंग्लैंड ने स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप सी के विजेता के रूप में यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई. कोलोन स्टेडियम में हुआ मुकाबला ड्रॉ खेलकर स्लोवेनिया की टीम भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही जबकि क्रोएशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया. इंग्लैंड और स्लोवेनिया के बीच हुए मुकाबले में गोल करने में काफी अधिक मौके नहीं बने. इंग्लैंड के स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर के पास हालांकि इंजरी टाइम में टीम के जीत दिलाने का मौका था, लेकिन उनके शॉट को स्लोवेनिया के गोलकीपर यान ओबलाक ने रोक दिया. इंग्लैंड की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली एक टीम से भिड़ेगी. ग्रुप डी में काइलियान एमबाप्पे ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मैच में नाक में फ्रैक्चर के बाद मास्क लगाकर खेलने उतरे और उन्होंने गोल भी दागा, लेकिन इसके बावजूद फ्रांस को पोलैंड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया.



### सर्बिया से ड्रॉ खेल डेनमार्क प्री क्वार्टर फाइनल में

यूरो 2024

**म्यूनिख।** डेनमार्क ने सर्बिया के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के अंतिम 16 में प्रवेश किया. डेनमार्क ने ग्रुप सी में तीन अंक हासिल किए, जो स्लोवेनिया के बराबर थे लेकिन बेहतर क्वालीफाइंग रैंकिंग के कारण दूसरे स्थान पर रहा. ग्रुप विजेता इंग्लैंड के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलने वाला स्लोवेनिया भी नॉकआउट चरण में पहुंच गया. डेनमार्क ने गोल करने के अधिकांश मौके बनाए, लेकिन टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली. सर्बिया को अगले दौर में पहुंचने के लिए जीत की जरूरत थी.

**नयी पारी** पूर्व क्रिकेटर के लिए नए पद पर विराजमान होना एक नई शुरुआत

## भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव

भाषा । नयी दिल्ली



भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है. यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नयी शुरुआत है, जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है. 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे. उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया. वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है. कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है. कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है. मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं. यह खिलाड़ियों का संगठन है और मैं उन सभी का बहुत अच्छा दोस्त हूं और मैं अक्सर उनके साथ खेलता हूं. कपिल ने कहा कि तीन दशक से अधिक समय से गोल्फ उनका जुनून रहा है. इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा था जब इसमें केवल एमेच्योर खिलाड़ियों को हिस्सा लेने की स्वीकृति थी. और अब यह खेल ही है जिसमें मैं अपना अधिकांश समय बिताता हूं.

### अध्यक्ष चुने जाने पर मुझे बहुत गर्व है : कपिल

मैं उपाध्यक्ष रह चुका हूं और मैं बोर्ड में हूं, इसलिए खिलाड़ियों द्वारा अध्यक्ष चुने जाने पर मुझे बहुत गर्व है. मैं हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा करता हूं. कपिल पीजीटीआई के लिए नए प्रायोजक लाने की कोशिश में सबसे आगे रहे हैं. वह टूर में सबसे आकर्षक प्रतियोगिता में से एक कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण को डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब में आयोजित कराने में सफल रहे हैं जिसकी इनामी राशि दो करोड़ रुपये है. जीव मिल्खा सिंह, अर्जुन अटवाल, ज्योति रंधावा, शिव कपूर जैसे भारत के शीर्ष स्टार खिलाड़ी उनके करीबी गोल्फ मित्र हैं. कपिल ने 1978 से 1994 तक भारत के लिए क्रिकेट खेला. सर्वकालिक महान ऑलराउंडरों में से एक कपिल ने 131 टेस्ट और 225 एकदिवसीय मैच खेले. उनकी अगुआई में भारत ने 1983 विश्व कप जीता. 1983 विश्व कप में उनकी नाबाद 175 रन की पारी खेल के इतिहास की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक मानी जाती है. टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने आठ शतक की मदद से 5248 रन बनाए और 434 विकेट लिए जो उस समय एक विश्व रिकॉर्ड था. उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 3783 रन भी बनाए और इस प्रारूप में 253 विकेट लिए.

### तैराक श्रीहरि, धीनिधि ओलंपिक में हिस्सा लेंगे

**नयी दिल्ली।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और धीनिधि देसिंघु यूनिवर्सेलिटी प्लेस क्वालिफिकेशन प्रणाली के जरिए पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे. अगर किसी देश का कोई तैराक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाता तो इस प्रणाली के जरिए देश अपने दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले तैराकों के नाम की सिफारिश इन प्रतिष्ठित खेलों के लिए कर सकता है. भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने दोनों वर्ग (महिला और पुरुष) के लिए यूनिवर्सेलिटी प्लेस का दावा किया, क्योंकि कोई भी भारतीय तैराक पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया और ना ही उन्हें अपने ओलंपिक चयन समय (बी टाइम) के आधार पर फिना से आमंत्रण मिला. एसएफआई के महासचिव मोनल चोकसी ने पीटीआई को बताया, किसी भी भारतीय तैराक ने सीधे क्वालीफिकेशन हासिल नहीं किया.

## सूर्यकुमार को पछाड़कर नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हेड

भाषा । दुबई

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए. सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे. हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की. ऑस्ट्रेलिया हालांकि टूर्नामेंट से बाहर हो गया है. हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए, जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है. हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं. सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे. इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम व मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं. वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं. उन्हें चार स्थान का फायदा हुआ है.

**बुमराह 24वें स्थान पर पहुंचे**





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय बहुत ही अच्छा है. अचानक और अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है. समय का लाभ लें.

**वृषभ** सामाजिक कार्य और धर्म में मन लगेगा. दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य पूर्ण होगा. पारिवारिक चिंता दूर रहेगी. कीमती वस्तुओं का लाभ होगा. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. किसी परिचित से कोई बड़ा लाभ होगा.

**मिथुन** किसी से बहस नहीं हो, इसका प्रयास करें. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. निवेश शुभ रहेगा. आपके कार्य और प्रभाव से आय होगी.

**कर्क** समय सामान्य है. आय के लिए दिन बहुत अच्छा है. नई योजना बनेगी. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी.

**सिंह** मौसमी बीमारियों से बचना चाहिए. परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. मंदिर में सेवा करें.

**कन्या** क्रोध पर काबू जरूरी है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** क्रोध से बचें. माता के स्वास्थ्य पर खर्च हो सकता है. कोई पुराना रोग उभर सकता है. भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. अन्न का दान करें.

**वृश्चिक** समय बहुत ही अच्छा है. कोई अच्छा समाचार मिल सकता है. पर किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. व्यर्थ भागदौड़ होगी. कार्य में विलंब होगा. चिंता तथा तनाव रहेंगे. गणेश का मंत्र जप करें.

**धनु** धन का आगमन होगा. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा. आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा. माता की सेवा करें. किसी मंदिर में झाड़ू दान करें.

**मकर** समय अच्छा है. मानसिक और आर्थिक लाभ होगा. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** खर्च पारिवारिक या सामाजिक कार्य में होगा. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. चोट व रोग से बचें. काला वस्तु का दान करें.

**मीन** आय और नया कार्य के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. स्त्री पक्ष से लाभ होगा. अनजान और अज्ञात भय रहेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. तेल का दान करें.

### कोरोना संकट के दो वर्षों को छोड़ दें, तो जरियागढ़ की रथयात्रा कभी नहीं रुकी

# ढाई सौ वर्षों से अनवरत जारी है जरियागढ़ में रथ यात्रा

संवाददाता। खूंटी

रथयात्रा का नाम आते ही लोगों के मन में ओडिशा के पुरी का ऐतिहासिक रथयात्रा के साथ ही रांची के जगन्नाथपुर की रथायात्रा कौंध जाती है, लेकिन रथयात्रा का प्रचलन सदियों से राजा-रजवाड़ों के यहां होता आ रहा है. छोटानागपुर की पुरानी रियासत जरियागढ़ में निकलनेवाली रथयात्रा की बात को ही लें, तो पुराने राजवंश के सदस्यों का दावा है कि जरियागढ़ में लगभग ढाई सौ वर्षों से रथयात्रा निकाली जा रही है. भले ही राजप्रथा को समाप्त हुए कई दशक गुजर गये हों, लेकिन कोरोना संकट के दो वर्षों को छोड़ दें, तो जरियागढ़ की रथायात्रा कभी नहीं रुकी. इस संबंध में जरियागढ़ राजपरिवार के सदस्य लाल विजय नाथ शाहदेव बताते हैं जरियागढ़ में रथयात्रा की शुरुआत जरियागढ़ के तत्कालीन स्टेट मैनेजर मांझीलाल योगेंद्र नाथ शाहदेव ने ठाकुर देवेंद्र नाथ शाहदेव के नाम पर की थी. देवेंद्र नाथ के नाम पर रथ का नामकरण किया गया. विजय नाथ शाहदेव ने बताया कि देवेंद्र नाथ शाहदेव के चार पुत्र थे. सबसे बड़े ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव, दूसरे वीरेंद्र नाथ शाहदेव, तीसरे जितेंद्र नाथ शाहदेव और, चौथे पुत्र थे नागेंद्र नाथ शाहदेव. देवेंद्र नाथ शाहदेव के निधन के बाद बड़े पुत्र होने के नाते ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव जरियागढ़ के राजा बने. बाद में ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव के नाम से एक और रथ निकाला जाने लगा, जो 29 जनवरी 1983 को ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव के निधन के बाद बंद हो गया. अब जरियागढ़ में राज परिवार के सभी सदस्यों द्वारा मिलकर एक ही रथ निकाला जाता है.

जरियागढ़ के कंसारी समाज द्वारा कंसारी मुहल्ले से भी अलग से एक रथयात्रा निकाली जाती है, जो गढ़ प्रांगण तक आती है. विजय नाथ शाहदेव ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीय कें दिन गढ़ से खाली रथ को मदन मोहन गुड़ी तक राज परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा खींचकर पहुंचाया जाता है. वहां भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के विग्रहों को पूजा-अर्चना के बाद विधि विधान से रथारूढ़ किया जाता है और रथ को खींचकर गढ़ परिसर स्थित मौसी बाड़ी तक लाया जाता है.

नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रहने के बाद घुरती रथ अर्थात आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को सभी विग्रहों को फिर से रथारूढ़ कर मदन मोहन गुड़ी तक ले जाया जाता है. रथ यात्रा के दिन जरियागढ़ में लगने वाले मेले में हजारों की भीड़ जुटती है. लोग रथ की रस्सी खींचने और रथ से फेंके जानेवाले प्रसाद को छाता या कपड़े में लपकने के लिए लालायित रहते हैं.



फाइल फोटो

#### भगवान विश्वकर्मा ने मूर्तियों को अधूरा ही छोड़ दिया था

जरियागढ़ के राजपुरोहित सच्चिदानंद शर्मा और अशोक शर्मा बताते हैं कि रथयात्रा का वर्णन है. स्कंध पुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रधुम्न नें पुरी में सबसे पहले आषाढ़ शुक्ल पक्षा की द्वितीया तिथि को रथयात्रा निकाली गई थी. राजपुरोहितों ने बताया कि इंद्रधुम्न की प्रार्थना सें प्रसन्न होकर भगवान विष्णु बहन सुभद्रा और भाइ बलराम के साथ काष्ठ विग्रह के रूप में प्रकट हुए थे. उन्होंने बताया कि जब राजा इंद्रधुम्न भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम की लकड़ी की मूर्तिया बनवा रहे थे. उसी समय उनकी पत्नी महारानी गुंडिचा ने भगवान विश्वकर्मा को मूर्ति बनाते हुए देख लिया था. तब भगवान विश्वकर्मा ने मूर्तियों को अधूरा ही छोड़ दिया लेकिन राजा इंद्रधुम्न ने पुरी में अधूरे विग्रहों को ही स्थापित कर दिया.

### भरी-हूरलौंग-गोगाड़ मुख्य सड़क की दुर्दशा के खिलाफ सड़क पर उतरे आप नेता

# पूर्व व वर्तमान विधायक की लड़ाई में सौ करोड़ रुपये की योजनाएं बंद

- 13 मार्च को पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने भरी-हुरलौंग से गोगाड़ मुख्य सड़क का शिलान्यास किया था

संवाददाता। पलामू

जिले के पांकी प्रखंड के भरी-हूरलौंग-गोगाड़ मुख्य सड़क का निर्माण कार्य महीनों से बंद होने से आम लोगों की परेशानी को देखते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने बुधवार को सड़क पर बैठकर पूर्व और वर्तमान विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. जायसवाल ने कहा कि पूर्व और वर्तमान विधायक की आपस लड़ाई में पांकी विधानसभा क्षेत्र में करीब सौ करोड़ से की अधिक की योजनाएं बंद पड़ी हैं. पूर्व और वर्तमान विधायक ठेकेदारी और कमीशन के लिए आपस में लड़ रहे हैं जबकि आम जनता समस्या से जूझ रही है. पूर्व और वर्तमान विधायक की लड़ाई के कारण ही भरी-हुरलौंग से गोगाड़ मुख्य सड़क की स्थिति ज्यों के त्यों बनी हुई है.

जायसवाल ने कहा कि वर्तमान विधायक ने सड़क का निर्माण कार्य कराना शुरू किया तो पूर्व विधायक ने कोर्ट में रिट याचिका दायर कर सड़क का निर्माण कार्य रोकवाने का काम किया. उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का पांकी विधानसभा क्षेत्र में सौ करोड़ से अधिक की योजना है लेकिन ठप पड़ी है. उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो गाजे-बाजे के साथ इस रोड पर पूर्व और वर्तमान विधायक की शव यात्रा निकालेंगे. आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि तीन माह पूर्व भरी-हुरलौंग से गोगाड़ सड़क का निर्माण शुरू हुआ था लेकिन पूर्व विधायक ने इसे रोकवा दिया. सड़क पर मेटल डालकर छोड़ने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है. आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है.

गौरतलब है कि 13 मार्च को पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने भरी-हुरलौंग से गोगाड़ मुख्य सड़क का शिलान्यास किया था. संवेदक ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया. इस बीच पूर्व विधायक ने टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का हवाला देकर कोर्ट में याचिका दायर कर सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया, जिससे आम लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस सड़क से कई गांव और पंचायत के लोग आवागमन करते हैं.

इस मौके पर आप नेता अरुण कुमार वर्मा, अमरेश मेहता, नागेंद्र चंद्रवंशी, पप्पू यादव, जितेंद्र यादव, लौकेंदे सिंह, विरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे.



सड़क पर बैठ कर नाराजगी जताते आम आदमी पार्टी के नेता-कार्यकर्ता

#### हुसैनाबाद के बड़ेपुर घाट पर सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध बालू का स्टॉक

**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद बालू के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु बड़ेपुर बालू घाट पर जाने के रास्ते को जेसीबी से कटवाया और भंडारण किए गए अवैध बालू को सोन नदी में फेंकवाया गया. बुधवार को भी बडेपुर नदी घाट के किनारे सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का अवैध भंडार मौजूद है. सूत्रों का कहना है कि इस प्रकार अंचल अधिकारी ने जिले के उच्चाधिकारियों को भी गुमराह किया और अपनी पीठ थपथपवा ली, जबकि सच्चाई उक्त खबर से कोसों दूर है. ग्रामीण सूत्रों की मानें तो जेसीबी मशीन के खराब होने के कारण बालू को सोन नदी में ही फेंकवाने की केवल औपचारिकता पूरी की गई. प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण ही अवैध बालू के कारोबार पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है.

# आवासीय व एकलव्य केंद्रों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन

खेल संवाददाता। रांची

झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एकलव्य केंद्रो) के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है. रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला एवं लोहरदगा जिले में स्वीकृत नए केंद्रों के लिए 28 - 29 जून तक चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इसमें बैडमिंटन, फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी, एथलेटिक्स के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा. इसके लिए रजिस्ट्रेशन 27 जून की शाम चार से छह बजे तक रांची के जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा. चयन ट्रायल में झारखंड के निवासी भाग ले सकेंगे. भाग लेने वाले प्रतिभागी को आवेदन के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति देना अनिवार्य है. चयन मानक के आधार पर बैटरी एवं स्कील टेस्ट पर खिलाड़ियों का परीक्षण किया जाएगा.

आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र के लिए 1 अप्रैल 2024 को 10 वर्ष से 14 वर्ष की आयु पूर्ण करनेवाले भाग ले सकेंगे. ऐसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होंने कम से कम राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया हो या राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में दो पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हें आवासीय कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश देने पर विचार किया जा सकेगा. सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए पूर्व से चल रहे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के योग्य बच्चों को नामांकित कर लिया जाएगा. राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी खिलाड़ियों, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी. प्राथमिकता के आधार पर 16 से 22 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों का चयन किया जाएगा, ताकि उन्हें एक लंबे समय तक प्रशिक्षण प्रदान कर उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए तैयार किया जा सके.

# किसानों की फसलों का सर्वेक्षण कराएगा खूंटी जिला प्रशासन

संवाददाता। खूंटी

संयुक्त कृषि भवन, खूंटी स्थित आत्मा के सभागार में डिजिटल क्राप सर्वे (फसल सर्वेक्षण) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सर्वेक्षण के माध्यम से जिले के सभी किसानों की फसलों का सर्वेक्षण किया जाएगा. सर्वेक्षण से इस तथ्य का पता चल सकेगा कि जिले में वास्तविक रूप से किन फसलों का कितना रकबा है. कितनी मात्रा में खाद और बीज की आवश्यकता होगी, इस बात की भी जानकारी मिलेगी. साथ ही खेती कार्य में किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसकी भी जानकारी मिलेगी. सर्वेक्षण कार्य मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा. प्रशिक्षण में आत्मा के परियोजना निदेशक अमरेश कुमार, सभी बीटीएम, एटीएम सहित अन्य शामिल थे.

# नशे का सेवन कर खुद ही मौत को दावत दे रहा इंसान : राजश्री अपर्णा कुजूर



जागरूकता शिविर में शामिल सदस्य व अन्य.

- विश्व नशा मुक्ति दिवस सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन

**खूंटी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में विश्व नशा मुक्ति दिवस सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ नशा निरोधक दिवस के रूप में मनाया जाता है. यह दिन दुनिया को नशीली दवाओं से मुक्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों और सहयोग के विभिन्न प्रयासों का प्रतीक है. इसकी शुरुआत 26 जून, 1989 को हुई. डालसा सचिव ने कहा कि आज बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक नशे के गुलाम बन चुके हैं. नशा आज स्टेटस सिंबल बन चुका है. कैसी विडंबना है कि मानव को नशे से होने वाली बीमारियों का पता है, फिर भी खुद ही मौत को दावत दे रहा है. महिलाएं भी नशे की गिरफ्त में आ चुकी हैं. यदि इसे नहीं रोका गया तो आने वाले समय में भयावह परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा. कार्यक्रम में एसडीओ अनिकेत सचान, सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, कॉलेज की प्राचार्या जे किड़ो के अलावा एनसीडब्ल्यू के सभी सदस्य उपस्थित थे.

# चालू सत्र में सरना धर्म कोड पारित कराए सरकार : नायक

संवाददाता। रांची

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी झारखंड छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू को पत्र लिख कर संसद के चालू सत्र में सरना धर्म कोड बिल पारित कराने और हो, मुंडारी, कुड़ुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग की है, ताकि आदिवासी समाज को अपना एक अलग पहचान मिल सके. नायक ने आगे कहा कि झारखंड सरकार ने 11 नवंबर 2020 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सरना धर्म कोड बिल को लागू करने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा था.

झारखंड के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने भी बंगाल विधानसभा से आदिवासियों के सरना धर्म कोड को मान्यता देने से संबंधित प्रस्ताव बिना किसी विरोध के ध्वनिमत से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा था. लेकन इसके बावजूद पांच वर्ष होने को हैं, इस दिशा में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार ने कोई ठोस सकारात्मक पहल नहीं की है.

नायक ने कहा कि आदिवासियों का वजूद बचाने के लिए इन मांगों की मंजूरी जरूरी है. सरना धर्म कोड बिल एवं हो,कुड़ुख, मुंडारी भाषा को आठवीं अनुसूची में अब तक नहीं शामिल करने के कारण ही झारखंड के संसदीय चुनाव में अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीटों से भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ हो चुका है.

इसलिए झारखंड विधानसभा चुनाव से पूर्व यह दोनों महत्वपूर्ण बिल को संसद से पारित कराकर भाजपा आदिवासी समाज का विश्वास पुनः जीत सकती है और चुनाव में उसे इसके अच्छे परिणाम भी मिल सकते हैं. इसलिए यह दोनों महत्पपूर्ण बिलों को अविलंब संसद के दोनों सदनों से पारित करा कर उसे कानून बनाकर आदिवासी समाज के बीच खोए हुए विश्वास को भारतीय जनता पार्टी पुनः प्राप्त करे और इस धर्म को मानने वाले आदिवासी समाज के साथ न्याय करे .

## 30 दिनों से ज्यादा समय न लगाएं : डीसी

**हजारीबाग।** राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई. राजस्व की बैठक में म्यूटेशन,ई कोर्ट, सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण, मुआवजा संबंधी मामलों की समीक्षा की गई. समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 30 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के लंबित मामलों को समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया. अत्यधिक लंबित वाले प्रखंडों के अंचलाधिकारियों को गंभीरता के साथ कार्य करने का सख्त निर्देश दिया. म्यूटेशन से संबंधित मामलों में अगर किसी आवेदन को रिजेक्ट करते हैं तो उन आवेदनों पर पहले सेल्फ सेटिस्फाइड हो ले. कर्मचारियों पर सीओ अपना नियंत्रण रखें तथा कार्यालय की छवि को खराब न होने दें. म्यूटेशन के मामले पर कई सीओ पर स्पष्टीकरण किए गए हैं. उन्होंने गंभीरता पूर्वक म्यूटेशन से संबंधित मामलों को नियमित रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया.

# कोल वाशरी निविदा में भागीदारी को लेकर सीसीएल में स्टेकहोल्डर्स मीट का आयोजन

संवाददाता। रांची

कोल इंडिया के निर्देश पर विभिन्न कोल कंपनियों की कोल वाशरी निविदाओं में अधिकाधिक भागीदारी को लेकर बुधवार को सीसीएल में हितधारकों को आमंत्रित किया गया. इसमें 25 से अधिक कंपनियों, जिसमें कोल वाशरी ऑपरेटर, तकनीक प्रदाता कंपनी के अलवा माइनिंग एवं स्टील उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया.कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर भविष्य में स्टील ग्रेड कोयले की उपलब्धता को आवश्यकतानुसार बनाये रखने के लिए कोल वाशरी की जरूरत की ओर इशारा करते हुए वाशरी की निविदा निष्दपान में आने वाले गतिरोध को दूर करने पर जोर दिया गया. विभिन्न तरह की निविदाओं का विस्तृत विवरण सीसीएल, बीसीसीएल व सीएमपीडीआई द्वारा प्रस्तुत किया गया.

मौके पर हितधारकों से निविदा से संबंधित सुझाव भी मांगे गए. कुछ सुझावों का स्पष्टीकरण भी दिया गया और अन्य को प्रबंधन के विचारार्थ रखा गया.मौके पर जॉर्डन में अंडर 17 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता जेएसएसपीएस कैडेट विकास कच्छप को कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम नागाराजु ने सम्मानित किया और भविष्य में होनेवाले टूर्नामेंट्स में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं. मौके पर कोयला मंत्रालय के अपर सचिव के अलावा कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, कोल इंडिया के निदेशक तकनीक बी वीरा रेडी, सबीसीसीएल व ईसीएल के सीएमडी समिरन दत्ता, सीएमपीडीआईएल के सीएमडी मनोज कुमार, सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह, सीएमपीडीआई व बीसीसीएल के निदेशक और कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के अधिकारी उपस्थित थे.





**इंसाफ**

### कई पट्टाधारियों को वन विभाग भेज दिया था जेल, कुछ लोगों की जमकर पिटाई भी की थी

# प्रशासन ने दिया पट्टा, वन विभाग ने मानने से किया इनकार

संवाददाता। लातेहार

जिले में वन पट्टाधारियों के साथ वन विभाग इंसाफ नहीं कर रहा है. जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान जिले में निवास कर रहे वनवासियों को वनाधिकार कानून के प्रावधानों के तहत वनपट्टा तो जारी कर दिया गया है, लेकिन वन विभाग इसका अनुपालन नहीं कर रहा है. ऐसा ही मामला जिले के महुआडांड अनुमंडल के तंबोली ग्राम में पिछले तीन-चार वर्षो से चल रहा है. तंबोली ग्राम निवासी अनुसूचित जनजाति के प्रमोद कुजू, दुलो कुजूर, कमिल कुजूर, सिल्वेस्टर कुजूर एवं तिरमुलूस कुजूर को पिछले 10 वर्षों से पट्टाधारी होने के बावजूद अपने हक के लिए वन विभाग के साथ जद्दोजहद कर रहे हैं. बताते चलें कि अधिभोग के अधीन वन भूमि के लिए हक का दावा में अनुसूचित जनजाति सदस्यों ने जिला प्रशासन से वना अधिकार कानून के तहत दावा पेश किया था. उनके आवेदनों पर जांच करने के बाद तंबोली ग्राम स्थित खाता संख्या 203/ 74 प्लॉट 916 कुल रकबा एक एकड़ 96 डिसमिल दूलो कुजूर, खाता 203/74 प्लॉट 916/ 3 कुल रकबा एक एकड़ 50 डिसमिल प्रमोद कुजूर के नाम, खाता 17/ 6 प्लॉट 45 कुल रकबा 70 डिसमिल कमिल कुजूर के नाम, खाता 17/ 6 प्लॉट 49/ 2 कुल रकबा 90 डिसमिल सिल्वेस्टर के नाम, खाता 17/6 प्लॉट 49 रकबा 90 डिसमिल तिरुमुलस कुजूर के नाम वर्ष 2010 में लातेहार जिला मुख्यालय में आयोजित पट्टा वितरण शिविर में लातेहार जिला समाहर्ता सह उपायुक्त, वन संरक्षक बफर कोर एरिया व्याघ्र परियोजना पलामू एवं जिला कल्याण पदाधिकारी लातेहार के संयुक्त हस्ताक्षर से पट्टा निर्गत किया गया था. अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी नियम 2008 के उप नियम 8 क के तहत भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय के आदेश पर उन्हें पूर्व की जोत कोड वाली भूमि पर मालिकाना हक प्रदान किया गया है. इस भूमि पर वनवासियों ने वर्ष 2015 तक शांतिपूर्वक खेती किया. वर्ष 2016 से वन विभाग द्वारा उन्हें अपनी भूमि से हटाने का लगातार प्रयास किया जाता रहा है. इन पट्टाधिरयों का कहना है कि वन विभाग के गार्ड दर्जनों बार उनकी पिटाई कर चुके हैं . वर्ष 2016 में केस संख्या 316/ 16 एवं वर्ष 2017 में केस संख्या 256/ 17 एवं 257/ 17 दायर कर उन्हें जेल भी भेज चुके हैं, हालांकि इन झूठे मामलों का पर्दाफाश होने के बाद न्यायालय द्वारा उन्हें मुक्त कर दिया गया था, लेकिन इन पट्टाधिरयों में वन विभाग के इस कार्रवाई से भारी आक्रोश व्याप्त है. उनका कहना है कि एक ओर सरकार उन्हें मालिकाना हक का कागज सौंपती है तो दूसरी ओर सरकार का ही दूसरा महकमा उन्हें अपराधियों के जैसा सलूक करता है.



वन पट्टा दिखाते ग्रामीण.

### पेज एक का शेष

#### अगले तीन महीने में 40 हजार....

**पढ़ें और राज्य के साथ देश को भी संवारें युवा :** मुख्यमंत्री ने कहा की झारखंड की हर बेटी को शिक्षित बनाना महागठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता है. कोई बेटी अनपढ़ न रहे, इस पर कार्य हो रहा है. हर परिवार के बीच शिक्षा का दीप जलाएंगे. झारखंड के युवा पढ़ें और राज्य के साथ-साथ देश को भी संवारें. गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सभी को शिक्षा के लिए 15 लाख तक लोन की सुविधा है. इसमें चार लाख मुफ्त है. इसके साथ ही सभी बच्चियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है. दूर गांव के छात्र-छात्राओं की सुलभता के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की गई, जिसमे छात्रों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है.

**सभी को पेंशन, 15 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा :** सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री बहन बेटी योजना के तहत 25 वर्ष से ऊपर की सभी बेटी बहन को पेंशन देने की योजना पर कार्य शुरु हो गया है. जुलाई से सभी को पेंशन का लाभ मिलने लगेगा. भाजपा की सरकार में पेंशन के लिए महीनों नेता-अधिकारी के चक्कर लगाने पड़ते थे. इसके बावजूद पेंशन नहीं मिलता था. महागठबंधन की सरकार सभी को पेंशन दे रही है. वहीं गंभीर बीमारी योजना में बदलाव करते हुए 15 लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा शुरू की गई है. जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन्हें भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा. इसके अलावा हर पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र बनाये जाएंगे. जहां मुफ्त दवाई दी जाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### हमले की जिम्मेदारी इराकी लड़ाकों ने ली

**दुबई ।** यमन के हूती विद्रोहियों के संदिग्ध हमलों में बुधवार सुबह अदन की खाड़ी में एक जहाज को निशाना बनाया गया, जबकि विद्रोहियों से संबद्ध इराकी लड़ाकों द्वारा किए गए एक अलग हमले में दक्षिणी इजराइल के बंदरगाह शहर ईलात को निशाना बनाया गया. ये हमले यहां आठ माह तक तैनात रहे विमानवाहक पोत यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर के वापस लौटने के बाद हुए हैं. इस पोत को हूतियों के हमले रोकने और अमेरिका की जवाबी कार्रवाई के लिए तैनात किया गया था.

### सपा के दो नेताओं के खिलाफ केस दर्ज

**बलिया (उप्र) ।** बलिया जिले के सिकंदरपुर थाने की पुलिस ने भाजपा के एक नेता के साथ मारपीट के आरोप में सपा के दो स्थानीय नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस के अनुसार जिले के सिकंदरपुर थाने में मंगलवार को भाजपा नेता लाल बचन शर्मा की तहरीर पर सपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामजी यादव और सपा नेता अनन्त मिश्रा के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया है. प्रभारी निरीक्षक दिनेश पाठक ने बुधवार को बताया कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है.

### असम में बाढ़ डेढ़ लाख लोग अब भी प्रभावित

**गुवाहाटी ।** असम में बुधवार को प्रमुख नदियों और उनकी सहायक नदियों में जलस्तर घटने के साथ ही बाढ़ की स्थिति में कुछ हद तक सुधार हुआ है. हालांकि सात जिलों में करीब डेढ़ लाख लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं. असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई, इस दौरान करीमगंज में कुशियारा नदी को छोड़कर अन्य सभी नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ गया. बारपेटा, कछार, दरांग, धेमाजी, गोलपाड़ा, कामरूप और करीमगंज के करीब डेढ़ लाख लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित है.

### निवर्तमान पीएम मार्क रट महासचिव नियुक्त

**ब्रसेल्स ।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने नीदरलैंड के निवर्तमान प्रधानमंत्री मार्क रट को बुधवार को अपना अगला महासचिव नियुक्त किया. वह यूक्रेन में युद्ध तेज होने के बीच यूरोपीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम के समय विश्व के सबसे बड़े सुरक्षा संगठन का प्रभार संभालेंगे. नाटो के राजदूतों ने ब्रसेल्स में 32 सदस्यीय इस गठबंधन के मुख्यालय में एक बैठक के दौरान रट की नियुक्ति पर मुहर लगाई. नीदरलैंड के निवर्तमान पीएम एक अक्टूबर को नॉर्वे के मौजूदा महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग का स्थान लेंगे.

### आतंकवादियों-सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़

**भद्रवाह/जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई. अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी जिले में 11 और 12 जून को हुए दोहरे आतंकवादी हमले के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ द्वारा गहन तलाशी और घेराबंदी अभियान चलाया जा रहा था. इसी तलाशी अभियान के दौरान सुबह नौ बज कर करीब 50 मिनट पर गंडोह क्षेत्र के बजाद गांव में गोलीबारी शुरू हुई. 11 जून को आतंकियों के हमले में छह सुरक्षा कर्मी घायल हो गए थे.



संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा

## ओम बिरला ने आपातकाल की लोकसभा में निंदा की, बोले-

# कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज, देश में तानाशाही थोपी गई


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

### पिछले पांच साल में बिरला के निर्णयों ने लोकतंत्र को मजबूत किया : चिराग



**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को कहा कि ओम बिरला द्वारा पिछली (सत्रहवीं) लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में लिये गए निर्णयों ने लोकतंत्र को मजबूत किया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को सदन द्वारा ध्वनिमत से पारित किए जाने के बाद राजग के उम्मीदवार ओम बिरला को 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया. इस पद पर बिरला का यह लगातार दूसरा कार्यकाल होगा. पासवान ने महत्वपूर्ण संसदीय पद के लिए चुनाव कराने को लेकर विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कई विपक्षी पार्टी-शासित राज्यों में विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के पद सत्तारूढ़ दलों के पास हैं. जब कई विपक्षी नेताओं ने बिरला पर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान सत्ता पक्ष के समर्थन में पक्षपात करने का आरोप लगाया भाजपा की सहयोगी लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान भी अध्यक्ष के बचाव में सामने आए. पासवान ने कहा, पिछले पांच साल में अध्यक्ष द्वारा लिये गए फैसलों ने संविधान की गरिमा बरकरार रखी है और लोकतंत्र को मजबूत किया है.

- सदन में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी की

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की लोकसभा में निंदा करते हुए बुधवार को एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था.

इस दौरान सदन में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी की. आपातकाल पर एक प्रस्ताव पढ़ते हुए बिरला ने कहा, अब हम सभी आपातकाल के दौरान कांग्रेस की तानाशाही सरकार के हाथों अपनी जान गंवाने वाले नागरिकों की स्मृति में मौन रखते हैं. इसके बाद सत्तापक्ष के सदस्यों ने कुछ देर मौन रखा, हालांकि इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी और टोकाटाकी जारी रखी. मौन रखने वाले सदस्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य और सत्तापक्ष के अन्य सांसद शामिल रहे.

बिरला ने कहा, यह सदन 1975 में आपातकाल लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है. इसके साथ ही हम उन सभी लोगों की संकल्प शक्ति की सरहाना करते हैं जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया. उनका कहना था, भारत के इतिहास में 25 जून, 1975 को काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा. उस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था. बिरला ने दावा किया कि इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा गया था.

## केजरीवाल ने जमानत पर अंतरिम रोक का मामला

# सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका वापस ली

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में निचली अदालत के जमानत आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय की अंतरिम रोक को चुनौती देने वाली अपनी याचिका बुधवार को उच्चतम न्यायालय से वापस ले ली. न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने केजरीवाल को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दी. केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने पीठ से कहा कि चूंकि उच्च न्यायालय ने 25 जून को विस्तृत आदेश पारित किया है तो वह ठोस अपील दायर करना चाहेंगे. सिंघवी ने पीठ को बताया कि घटनाक्रम हर दिन नया आकार ले रहा है और अब केजरीवाल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार कर लिया है. उन्होंने कहा, हम सभी प्रासंगिक जानकारियों को रिकॉर्ड में लाने और उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने के लिए ठोस अपील दायर करना चाहेंगे. उच्च न्यायालय ने 25 जून को दिए आदेश में निचली अदालत के जमानत आदेश पर रोक बरकरार रखी. ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने केजरीवाल की याचिका पर जवाब दिया है जिसे रिकॉर्ड में लिया जा सकता है.

## तेलंगाना का मामला

# अनार तोड़ने के आरोप में दलित लड़के को रस्सी से बांधकर पीटा

- घटना 22 जून को शाबाद मंडल के केसाराम गांव में हुई थी

**एजेंसी । हैदराबाद**

तेलंगाना के हैदराबाद जिले के बाहरी इलाके में एक व्यक्ति ने 14 वर्षीय दलित लड़के की, उसके घर से अनार तोड़ने के आरोप में रस्सी से बांध कर पिटाई की. पुलिस ने बताया कि यह घटना 22 जून को शाबाद मंडल के केसाराम गांव में हुई थी. अनुसूचित जाति समुदाय से संबद्ध पीड़ित पेड़ से अनार तोड़ने के लिए उस व्यक्ति के घर की चारदीवारी फांद कर अंदर गया था. उनके मुताबिक, घर के मालिक ने लड़के को पकड़ लिया और कथित तौर पर रस्सी से उसके हाथ-पैर बांध कर उसकी पिटाई की. घर का मालिक एक सरकारी स्कूल का सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक है.

सोशल मीडिया पर इस कथित घटना की एक तस्वीर भी आई, जिसमें लड़का जमीन पर पड़ा हुआ नजर आ रहा है. पीड़ित की मां द्वारा 24 जून को दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर घर के मालिक और उसके बेटे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने बताया कि जब शिकायतकर्ता मौके पर पहुंची तो आरोपी और उसके बेटे ने उसके साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया. मामले में आगे की जांच जारी है.

### अमेरिकी पत्रकार पर रूस में जासूसी का एफआईआर दर्ज

**तेलिन ।** जासूसी के आरोप में 15 माह पहले रूसी शहर येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किये गये वॉल स्ट्रीट जर्नल के संवाददाता इवान गेर्शकोविच को बुधवार को मामले की सुनवाई शुरू होने पर अदालत में पेश किया गया. सोवियत संघ से अमेरिका आए अप्रवासियों के बेटे इवान गेर्शकोविच (32) सोवियत रूस काल के बाद जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए गए पहले पश्चिमी पत्रकार हैं. रूस द्वारा लगाए गए आरोप का गेर्शकोविच, उनके नियोक्ता वॉल स्ट्रीट जर्नल और अमेरिकी सरकार ने पुरजोर खंडन किया है. विदेश विभाग ने कहा है कि गेर्शकोविच को 'गलत तरीके से हिरासत में लिया गया' और अमेरिकी सरकार उनकी रिहाई की मांग करने के लिए प्रतिबद्ध है.

### पुणे में एक चिकित्सक उनकी बेटी जीका वायरस से संक्रमित

**पुणे ।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक चिकित्सक और उनकी बेटी के जीका वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, हालांकि उनकी हालत स्थिर है. पीएमसी के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि चिकित्सक को बुखार आया और शरीर पर चकत्ते हो गए, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. अस्पताल ने उनके रक्त के नमूने यहां के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) को जांच के लिए भेजे थे. उन्होंने बताया कि 21 जून को रिपोर्ट आई, जिसमें चिकित्सक के जीका वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई.

## जयराम रमेश बोले

# 'इंडिया' गठबंधन ने कभी भी मत विभाजन पर जोर नहीं दिया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों ने लोकसभा में अध्यक्ष के चुनाव के दौरान मत विभाजन पर जोर नहीं दिया ताकि आम सहमति और सहयोग की भावना प्रबल हो. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने साथ ही यह आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजग में इसी भावना की कमी है. भाजपा के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया. वह दूसरी बार इस उत्तरदायित्व को संभाल रहे हैं. रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करते हुए लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कोडिकुन्निल सुरेश के समर्थन में प्रस्ताव पेश किया. ध्वनि मत से चुनाव कराया गया.

## चौथे की तलाश जारी

# सुरक्षाबलों ने डोडा में तीन आतंकियों मार गिराया

**एजेंसी । श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुरक्षाबलों और दहशतगर्दों के बीच मुठभेड़ जारी है. एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने अब तक तीन आतंकी मार गिराए हैं. एक और आतंकवादी की तलाश जारी है. सूत्रों के अनुसार डोडा जिले में पहाड़ी की चोटी पर कुल 4 आतंकवादी छिपे हुए थे, अब तक 3 आतंकवादी मारे गए हैं. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 जून को पहाड़ी जिले में सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ पुलिस द्वारा गहन तलाशी बुधवार सुबह करीब 9.50 बजे गंडोह क्षेत्र के बजाद गांव में गोलीबारी शुरू हुई. 11 जून को चत्तरगल्ला में एक जॉइंट जांच चौकी पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में 6 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे, जबकि अगले दिन गंडोह क्षेत्र के कोटा टॉप पर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था.

### उत्तर कोरिया की मिसाइल के हवा में नष्ट होने का संदेह : सेना

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने बुधवार को संभवतः हाइपरसोनिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया लेकिन यह मिसाइल हवा में ही नष्ट हो गई. उत्तर कोरिया ने यह परीक्षण ऐसे समय में किया जब कुछ दिन पहले अमेरिका ने दक्षिण कोरिया और जापान के साथ नए त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास के लिए एक विमानवाहक पोत तैनात किया है. उत्तर कोरिया ने विमानवाहक पोत की इस क्षेत्र में तैनाती का विरोध किया है. दक्षिण कोरिया ने बुधवार को उत्तर कोरिया के साथ लगती विवादित पश्चिमी समुद्री सीमा पर सैन्य अभ्यास किया.

उत्तर कोरिया के साथ अग्रिम मोर्चे पर सैन्य तनाव कम करने के उद्देश्य से 2018 में हुए समझौते को जून की शुरुआत में निलंबित करने के बाद किया गया पहला सैन्य अभ्यास था. दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया ने बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे एक बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपित की. बयान में कहा गया है कि मिसाइल के टुकड़े उत्तर कोरिया की राजधानी के पास प्रक्षेपण स्थल से 250 किलोमीटर दूर तक पानी में बिखरे हुए थे. तत्काल किसी नुकसान की खबर नहीं है.

# ट्रेन में जमीन कारोबारी भोला शर्मा की गोली मारकर हत्या

**जहानाबाद ।** हथियारबंद अपराधियों ने पटना के मसौढ़ी के दहिभत्ता गांव के जमीन कारोबारी भोला शर्मा की ट्रेन में गोली मारकर हत्या कर दी. घटना रात 12 बजे के करीब पटना-गया रेलखंड के नदवा और पोठही रेलवे स्टेशन के समीप जहानाबाद में हुई. घटना के बाद अपराधी भाग निकले. बताया जाता है कि 11 जून को भी भोला पर उनके घर के पास जानलेवा हमला हुआ था. जमीन विवाद में हुई इस हमले को लेकर भोला ने अपने भाई पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी. भोला के हाथ में उस वक्त गोली लगी थी. वहीं भोला इलाज कराकर पटना से देर रात अपने गांव लौट रहे थे कि ट्रेन में अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया. रेल पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया. भोला पटना के मसौढ़ी थाना इलाके के दहिभत्ता गांव के रहने वाले थे.

# कामाख्या मंदिर के कपाट चार दिन बाद फिर से खुले

## अम्बुबाची मेले के अवसर पर मंदिर के द्वार प्रतीकात्मक रूप से चार दिनों के लिए बंद किए गए थे

**एजेंसी । गुवाहाटी**

प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर के कपाट अम्बुबाची मेले के अवसर पर पिछले चार दिनों से बंद रहने के बाद बुधवार को सुबह श्रद्धालुओं के लिए फिर से खुल गए और शक्तिपीठ पर भक्तों की भीड़ देखी गई. मंदिर के द्वार प्रतीकात्मक रूप से चार दिनों के लिए बंद किए गए थे क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस अवधि के दौरान देवी कामाख्या तथा धरती माता दोनों ही मासिक धर्म से गुजरती हैं. मंदिर के


कपाट खुलते ही लगी भक्तों की भीड़.

कपाट खुलने से जुड़ी रस्में मंगलवार रात को ही पूरी कर ली गई थीं. कामाख्या देवालय के एक अधिकारी ने बताया कि मंदिर के दरवाजे बुधवार को सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए. कामरूप मेट्रोपोलिटन जिले के एक अधिकारी ने बताया कि वार्षिक अम्बुबाची मेला 22 जून को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ. मेले की शुरुआत से अब तक 25 लाख से अधिक लोग यहां आ चुके हैं.

# बेतिया : गंडक नदी में छोड़े गए घड़ियाल के 160 बच्चे

**बेतिया ।** गंडक नदी में घड़ियाल के 160 बच्चे छोड़े गए. जिले के वाल्मिकीनगर टाइगर रिजर्व से गुजरती गंडक नदी में कई सालों से घड़ियाल के बच्चों को छोड़ा जा रहा है. बता दें कि वर्ष 2013 में गंडक घड़ियाल रिकवरी प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी. तब से लेकर अबतक 600 से ज्यादा घड़ियाल के बच्चों से गंडक नदी में छोड़ा जा चुका है. पिछले तीन माह से गंडक नदी किनारे छह जगहों पर घड़ियाल के अंडों का संरक्षण किया जा रहा था. जिसके बाद उनका वाईल्ड लाईफ ऑफ इंडिया और वन विभाग द्वारा सफलतापूर्वक हेचरी कराया गया. फिर बच्चे निकलने के बाद उन्हें गंडक नदी में छोड दिया गया. वीटीआर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ नेशामणी ने बताया कि अभी वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के गंडक नदी के किनारे कुल पांच जगहों पर मादा घड़ियाल ने अंडा दी थी. जिसकी सफलतापूर्वक हेंचिंग करायी गयी थी.

## शेयर बाजार में जोरदार उछाल

# सेंसेक्स पहली बार 78500 के पार, निफ्टी 24 हजार के करीब




**एजेंसी । मुंबई**

एशियाई बाजारों में तेजी के रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को नई ऊंचाई पर पहुंच गए. दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए. बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़कर 78,674.25 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 705.88 अंक बढ़कर 78,759.40 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 147.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत बढ़कर 23,868.80 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह 168.6 अंक चढ़कर 23,889.90 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था. सेंसेक्स की कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई. दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर नुकसान में रहे. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए.

यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे. अमेरिकी बाजार मंगलवार को ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.80 प्रतिशत बढ़कर 85.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,175.91 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की. बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 712.44 अंक उछलकर 78,053.52 और एनएसई निफ्टी 183.45 अंक बढ़कर 23,721.30 अंक पर बंद हुआ था.

## शोध | भूगोलवेत्ता जियाओमेंग ली ने डेट्रॉइट में पशु कल्याण सेवाओं तक पहुंच का पता लगाया

# जब लोग तनाव में होते हैं, तो उनके पालतू जानवर भी पीड़ित होते हैं

**एजेंसी । मिशिगन**

अमेरिका के लगभग दो-तिहाई घरों में कम से कम एक पालतू जानवर है. पहले से कहीं अधिक, साथी जानवर जीवन का हिस्सा हैं खासकर शहरों में, जहां अधिकांश अमेरिकी रहते हैं. शहर कई संसाधनों तक पहुंच प्रदान करते हैं, लेकिन अक्सर यह समान रूप से वितरित नहीं होता है. कुछ विद्वान अमेरिकी शहरों के कुछ हिस्सों को भोजन रेगिस्तान के रूप में वर्णित करते हैं जहां किराने की दुकानें बहुत कम या बिल्कुल नहीं हैं.

दूसरों ने ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जिन्हें वे पारगमन रेगिस्तान कहते हैं, जहां विश्वसनीय और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन दुर्लभ या अस्तित्वहीन है. रेगिस्तान का निर्धारण भले विवादास्पद है, इस बात पर बहुत कम असहमति है कि कई अमेरिकी शहरों में वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच असमान है. मैंने पिछले 15 वर्षों से शहरी पशु कल्याण मुद्दों का अध्ययन किया है, और मैंने पाया है कि मनुष्य जिन असमानताओं और आर्थिक तनाव का सामना करते हैं, वे जानवरों को भी प्रभावित करते हैं. हाल ही में, नेब्रास्का विवि के भूगोलवेत्ता जियाओमेंग ली और मैंने डेट्रॉइट में पशु कल्याण सेवाओं तक पहुंच का पता लगाया. हमने पाया कि अधिक उच्च शिक्षित निवासियों, उच्च आय, 18 वर्ष से कम उम्र के कम बच्चों और उच्च औसत किराए वाले इलाकों में पालतू संसाधनों के होने की काफी अधिक संभावना थी. यदि पालतू जानवरों वाले घर मुख्य रूप



से इन क्षेत्रों में स्थित होते, तो पालतू संसाधनों को समान रूप से केंद्रित करना उचित होता. हालाँकि, जबकि डेट्रॉइट के कई घरों में जानवर हैं, शहर के कुछ हिस्से दूसरों की तुलना में पालतू जानवरों की के लिए बुनियादी आपूर्ति और देखभाल तक अधिक पहुंच प्रदान करते हैं.

### पालतू जानवरों का स्वामित्व राष्ट्रीय औसत के समान

2020 तक डेट्रॉइट में 639,111 निवासी थे. यह मानते हुए कि डेट्रॉइट में पालतू जानवरों का स्वामित्व राष्ट्रीय औसत के समान है, इसके 249,518 घरों में से लगभग दो-तिहाई के पास कम से कम एक पालतू जानवर होगा, तो इस तरह शहर में कुल मिलाकर 157,000 से अधिक पालतू जानवर होंगे. डेट्रॉइट समूचे अमेरिका की तुलना में आर्थिक रूप से अधिक संकटग्रस्त है, इसकी औसत घरेलू आय 36,140 डॉलर है, जबकि अमेरिकी औसत 67,521 डॉलर है. डेट्रॉइट के लगभग एक-तिहाई (30%) निवासी गरीबी में हैं, जबकि देशभर में यह दर 11.4% है. नस्लीय अलगाव और आय असमानता भी अधिक है. डेट्रॉइट के बहुप्रचारित आर्थिक और राजकोषीय संघर्ष शहर की पशु देखभाल और नियंत्रण सहित सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को कमजोर करते हैं.

### घर में साथी जानवर रखने से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है

अध्ययनों से पता चलता है कि घर में साथी जानवर रखने से मनुष्य का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है. कुत्ते के मालिक गैर-कुत्ते के मालिकों की तुलना में अधिक व्यायाम करने की रिपोर्ट करते हैं. महामारी के दौरान किए गए सर्वेक्षणों से पता चला कि जानवरों ने लॉकडाउन के तनाव और चिंता को कम किया. पालतू जानवरों की देखभाल के संसाधनों का मानचित्रण हमारे विश्लेषण के लिए, हमने रेफरेंसयूएसए बिजनेस हिस्टोरिकल डेटा फाइल्स और गूगल मैप्स से पालतू जानवरों की दुकानों और पशु चिकित्सकों के स्थानों पर डेटा संकलित किया. हमने इसे जनगणना डेटा के साथ जोड़कर देखा कि पालतू संसाधन डेट्रॉइट ज़िप कोड की जनसांख्यिकीय विशेषताओं से कैसे संबंधित हैं. हमने प्रत्येक ज़िप कोड में पशु सहायता सेवाओं की मांग को भी मैप किया है, जिसे हम कुत्ते के काटने और पशु क्रूरता के मामलों के रूप में परिभाषित करते हैं. शहर के 26 जिप कोडों में से ग्यारह, जो निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं, में कोई चिकित्सालय नहीं है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)